राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष 05, अंक 202, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल रहे ग्राम प्रधान राजमणि....02

मालदीव में संसदीय चुनाव-'इंडिया आउट' कैंपेन चलाने वाले मुइज्जू के 6 महीनों के शासन की परीक्षा ...12

पिनाराई विजयन- मुख्यधारा का मीडिया वामपंथियों के ख़िलाफ़ झूठ को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करता है

● केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि अधिकांश मुख्यधारा का मीडिया महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर वाम दलों के रुख़ को छिपा रहा है, लेकिन दक्षिणपंथियों के ओछे आरोपों को भी 'पहले पन्ने' पर कवरेज देता है.

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- केरल में लोकसभा चुनाव होने में अब महज़ एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, ऐसे में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार (20 अप्रैल) को आरोप लगाया कि मुख्यधारा का मीडिया भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) के नेतृत्व वाले मोर्चे का बहिष्कार कर रहा है और वामपंथियों के खिलाफ 'झूठ' को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करके खुश हो रहा है.

'झूठ को प्रभावी ढंग से उजागर करने' के लिए वामपंथी सोशल मीडिया हैंडलों की प्रशंसा करते हुए विजयन ने किसी भी मीडिया एकाधिकार और संगठित प्रोपेगेंडा' को समाप्त करने में उनकी 'सतर्क भागीदारी' का आह्वान किया.

मालूम हो कि केरल की सभी 20 सीटों के लिए लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे.

सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक विस्तृत पोस्ट में वामपंथी नेता ने आरोप लगाया कि अधिकांश मुख्यधारा का मीडिया महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर वाम दलों के रुख को छिपा रहा है, लेकिन दक्षिणपंथियों के ओछे आरोपों को 'पहले पन्ने' पर कवरेज देने में उत्साहित है.

विजयन ने कड़े शब्दों में कहा, 'मुख्यधारा का मीडिया उन खबरों को प्रकाशित करने से इनकार करता है जो लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के पक्ष में हैं और इसके बजाय उसके खिलाफ झूठ का प्रचार करता है. यहां तक ??कि छोटी घटनाओं को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और सनसनीखेज बनाया जाता है. इसके अलावा, कुछ प्रमुख मीडिया संस्थानों में दक्षिणपंथियों के ओछे आरोपों को भी पहले पन्ने पर जगह मिलती है.' उन्होंने कहा कि ये मीडिया प्रतिष्ठान वामपंथी नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस को नजरअंदाज करते हैं और उनके भाषणों में उठाए गए मुख्य राष्ट्रीय मुद्दों को जनता के सामने रखने में विफल रहते हैं.

मुख्यमंत्री विजयन ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए आरोप लगाया कि दक्षिणपंथी मीडिया एकतरफा खबरें और विश्लेषण गढ़ रहा है, जिससे लोगों की निष्पक्ष चुनावों में भाग लेने की स्वतंत्रता का उल्लंघन हो रहा है. उन्होंने कहा कि मीडिया प्रभावी रूप से एलडीएफ का बहिष्कार कर रहा है. माकपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर वामपंथियों का रुख जनता से छिपाया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि मुख्यधारा का मीडिया खबरों को तोड़-मरोड़कर और सर्वेक्षणों को झूठे आख्यानों के रूप में इस्तेमाल करके वामपंथ को खत्म करने का एक जरिया बन गया है.

मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पिछले विधानसभा चुनाव में मीडिया के एक वर्ग ने वामपंथियों के खिलाफ नकारात्मक अभियान चलाया था, लेकिन लोगों ने हमारी शानदार जीत सुनिश्चित करके इसका करारा जवाब दिया. विजयन ने कहा कि सोशल मीडिया ने 'किसी भी मीडिया एकाधिकार' और संगठित दुष्प्रचार को समाप्त करके लोकतंत्र के सार की रक्षा करने का 'कर्तव्य' निभाया है.

कृषि उपज विपणन समिति द्वारा मॉल और फाइव स्टार होटल बनाना एक घोटाला है- सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

जेपी सिंह।

व्यवसाय में सफलता अधिकांश गुजरातियों का अहंकार हो सकता है, लेकिन सूरत की कृषि उपज विपणन समिति(एपीएमसी) ने अपनी जमीन पर एक मॉल और एक पांच सितारा होटल का निर्माण करके इसे अगले स्तर पर ले लिया, जिसे 1960 के दशक में गुजरात सरकार ने किसानो के लाभ के लिए अधिग्रहण कर लिया था।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जे बी पारदीवाला की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने किसानों के कल्याण के लिए दी गई जमीन को बर्बाद करने के लिए सूरत एपीएमसी को फटकार लगाई और कहा की "यह सर्वोच्च स्तर का घोटाला है। एपीएमसी अधिशेष भूमि का उपयोग मॉल और पांच सितारा होटल के लिए कैसे कर सकती थी? किस कानून ने इसे ऐसा निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है?"

एपीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह एपीएमसी की जमीन है और समिति राजस्व सृजन के लिए इसका उचित उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है। "गुजरात ॥ष्ट राज्य को एपीएमसी की ज़मीन और संपत्ति कब्ज़ा करने का निर्देश कैसे दे सकता है?" वरिष्ठ अधिवक्ता निधेश गुप्ता के माध्यम से होटल पट्टा धारक ने कहा कि होटल चलाने के लिए पट्टा देने में कोई अनियमितता नहीं हुई है।

पीठ असहमत रही और कहा कि एचसी ने एक होटल और एक मॉल के लिए एपीएमसी भूमि के आवंटन में अनियमितता के स्तर को देखते हुए अत्यधिक आदेश पारित किया। इसने एपीएमसी और होटल के पट्टाधारक दोनों की अपील को खारिज कर दिया।

सीजे सुनीता अग्रवाल और अनिरुद्ध माई की एचसी पीठ ने 27 मार्च को राज्य को मार्केट यार्ड की जमीन पर बने एपीएमसी के पांच सितारा होटल पर कब्जा करने का आदेश दिया था। इसने संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी का भी आदेश दिया और अधिकारियों को राज्य के बाजार कोष में राशि जमा करने का निर्देश दिया।

पीठ ने आलीशान होटल के निर्माण के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों और एपीएमसी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया, जिन्होंने मार्केट यार्ड के लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लंघन किया, जिसके लिए सरकार ने लगभग 14,000 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया था।

एचसी ने कृषि, विपणन और ग्रामीण वित्त निदेशक को याचिकाकर्ता के आरोपों पर 'कृषि बाजार' का निरीक्षण करने का आदेश दिया कि मॉल में दुकानों को आभूषण और कपड़े जैसी वस्तुओं की बिक्री के लिए पट्टे पर दिया गया था। इसने मॉल में उन सभी गतिविधियों को बंद करने का आदेश दिया जो किसानों के कल्याण के लिए नहीं थीं। कृषि पर संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 2019 की रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोण को व्यापक स्वीकृति मिली। समिति ने यूपी और पंजाब को छोड़कर पूरे भारत में एपीएमसी के प्रबंधन के तरीके और किसानों के लाभ के लिए हानिकारक कार्य करने की कड़ी आलोचना की थी। इसने देश में एपीएमसी एक्ट में आमूल-चूल सुधार की सिफारिश की थी।

संक्षिप्त ख़बरें

वार्षिक वेतन वृद्धि से एक दिन पहले सेवानिवृत कर्मचारी भी लाभ का हकदार- हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) लागू होने की तारीख से एक दिन पहले सेवानिवृति होने वाले कर्मचारी वेतन वृद्धि का लाभ पाने के हकदार है। भले ही वेतन वृद्धि के दिन उनकी स्थिति सेवानिवृत कर्मचारी की हो। यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने मेरठ नगर निगम नगर आयुक्त पर दस हजार का हर्जाना भी लगाया।

मामला नगर निगम मेरठ में लिपिक के पद से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी श्रीपाल का है। श्रीपाल 30 जून 2019 को सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद उन्होंने नगर आयुक्त प्रत्यावेदन देकर 1 जुलाई 2018 से 30 जून 2019 तक की अवधि की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान करने की मांग की थी। याची के प्रतिवेदन की नगर आयुक्त ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वार्षिक वेतन वृद्धि सेवानिवृत कर्मचारियों को प्रदान किए जाने का नियम नही है। यही वेतन वृद्धि लागू होने की तारीख को सेवानिवृत हो चुका था। नगर आयुक्त के इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे श्रीपाल की याचिका मंजूर करते हुए कोर्ट ने नगर आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही दस हजार रूपये का हर्जाना भी लगाया।

कार में हरियाणा मार्का शराब लाता पकड़ा

क्राइम

अलीगढ़,। थाना टप्पल व आबकारी टीम ने चेकिंग के दौरान एक युवक गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर (हरियाणा मार्का) तथा सेन्ट्रो कार बरामद की है। थाना टप्पल पुलिस व आबकारी टीम विंग प्रवर्तन द्वारा हामिदपुर चेक पोस्ट से चेकिंग के दौरान नवीन पुत्र गजेन्द्र सिह सिह नि0 अतरचटा थाना हसनपुर जनपद पलवल हरियाणा को छह बोतल रोकफोर्ड विदेशी मदिरा हरियाणा मार्का, 24 कैन बीयर ट्यूबर्ग स्ट्रांग प्रत्येक धारिता 500 एम एल व कार सेन्ट्रो के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

बाबा रामदेव पर ठोका सर्विस टैक्स का 4.5 करोड

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। योग गुरू बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बडा झटका दिया है। दरअसल अब उनके द्वारा लगाया जाने वाला योग शिविर भी सर्विस टैक्स के दायरे में आ गया है।अब बाबा को सर्विस टैक्स यानी सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एम ओक और जस्टिस उज्जवल भुइयां की पीठ ने इस सिलसिले में सर्विस टैक्स अपीलेंट ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को आवासीय और गैर -आवासीय दोनों योग शिविरो के आयोजन के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान अनिवार्य बताया था। बता दें कि सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से जुर्माना और ब्याज समेत अक्टूबर 2006 से मार्च 2011के दौरान लगाए गए, ऐसे शिविरो के लिए करीब 4.50 करोड रूपये अदा करने का निर्देश दिया है।बाबा ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाए प्रदान कर रहे हैं,जो बीमारियों के इलाज के लिए है और यह हेल्थ एंड फिटनेस सरफिटनेस सर्विस कैटेगरी के तहत टैक्स योग्य नहीं है। साथ ही पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट स्वामी रामदेव के योग शिविरो के लिए प्रवेश शुल्क लेती है। वहीं पीठ ने कहा कि प्रवेश शुल्क लेने के बाद तो शिविर में योग एक सेवा है। बेंच ने कहा कि हमें ट्राइब्यूनल के आदेश में इंटरफेयर करने का कोई कारण नहीं दिखता है। लिहाजा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की अपील खारिज की जाती है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। वहीं पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित योग शिविर जो शुल्क सेवा लेता है वह हेल्थ और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है। और ऐसी सर्विस पर सेवा कर(सर्विस टैक्स) लगता है।जिसके तहत अब योग गुरू रामदेव को सर्विस टैक्स यानी सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा।



धनीपुर मण्डी में ईवीएम कमिशनिंग का कार्य प्रारम्भ



अलीगढ़,। 15-अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 05 विधान सभाओं- खैर, अतरौली, बरौली, कोल व शहर में 26 अप्रैल को मतदान होना है। धनीपुर मण्डी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी 25 अप्रैल की प्रातः से होगी। मतदान के लिए धनीपुर मण्डी में ईवीएम और वीवीपैट की कमिशनिंग का काम प्रारम्भ हो गया है। ईवीएम कमिशनिंग के लिए तकनीकी सहयोग हेतु ईसीआईएल के अभियंताओं की टीम भी आयोग के द्वारा तैनात की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने मंगलवार को धनीपुर मण्डी पहुँचकर ईवीएम कमिशनिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट की कमिशनिंग का कार्य अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप कमिशनिंग का कार्य समय से पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईवीएम-वीवीपैट को कमिशनिंग के बाद 25 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों की मतदान सामग्री के साथ रवानगी की जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफ एस टी टीम ने किया वाहनों का चेकिंग।

मनकापुर गोण्डा- लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अचार संहिता के मद्देनजर गौरा विधानसभा की एफ एस टी टीम 3के नहर विभाग के एई ओमप्रकाश के नेतृत्व मे एस आई प्रदीप कुमार गंगवार के साथ गिन्नीनगर बाजार मे शाम को पहुंचकर चौपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान के तहत वाहन के अंदर और डिक्की का चेकिंग किया साथ ही साथ उस पर सवार ड्राइबर को सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने के लिए निर्देशित किया। उनके साथ टीम के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

दर्जनों हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है ग्राम प्रधान पति मरम्मत कराने में असमर्थ

● आम जनमानस का कहना है कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई

विंध्याचल के पवार हाउस रोड, छोटकी महुअरिया में सब हैंडपंप खराब, बोरबेल बंद गांव के लोग पानी की बूंद बूंद से तरस रहे हैं

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर, विंध्याचल। कहने को तो कहते हैं बाबा योगी आदित्यनाथ महराज पानी की समस्या किसी को न हो वहीं मां विंध्यवासिनी धाम में जिले से लेकर अन्य राज्य तक लोग यहां आकर माथा टेकते है। लेकिन यहां के लोगों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सुस्त रवैया के कारण, ग्राम प्रधान के पास पैसा नहीं हैंडपंप को ठिक कराने के लिए लगभग आधा दर्जन हैंडपंप बंद पड़े सरकारी बोर बंद पड़े हैं। गांव में लड़की की सादी विवाह पड़े हुए हैं लेकीन पानी की घोर किल्लत से जूझ रहा पुरा गांव वाशी हर घर जल योजना का पानी आज तक नहीं पहुंच पाई गांव में नाली निर्माण कार्य नहीं हुआ मां विंध्यवासिनी मंदिर से 500 मीटर की दूरी पर नगर विधायक के घर से भी उतना ही दूरी लेकीन बद से बत्तर हालात पूरा क्षेत्र झेल रहा है। मोदी सरकार में मंत्रि सांसद काम गिना रहे हैं लेकिन कोई काम ही नहीं बल्कि गांव वालों के साथ भेद भाव किया जा रहा है जिला प्रशासन से लेकर जन प्रतिनिधी तक, *गांव वालों का कहना है की दूसरा कार्यकाल चल रहा है लेकीन नगर विधायक आज तक इस गांव में नहीं आए। सरकारी ग्राम पंचायत का सौचालय बंद पड़े हुआ है । आखिर निर्दोष गांव वालों का क्या गुनाह जो इस गांव में बद से बत्तर हालात बने हुए हैं। आने वाले लोक सभा चुनाव में गांव के लोग चुनाव का बहिस्कार करने का निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जिले का एक विद्यालय प्रबंधक ऐसा है जो थाना, पुलिस चौकी,और बेसिक शिक्षा अधिकारी को रखता जेब में

● अवैध विद्यालयों पर सरकार कार्रवाई कब करेगीजिससे प्राथमिक विद्यालय सरकारी स्कूल में बच्चे दाखिला ले सके लेकिन शिक्षा विभाग अपनी जेब भरने में लगी हुई है

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में शिक्षा विभाग इस तरह भ्रष्टाचार में डूबा है की गली मोहल्ले में कोचिंग सेंटर के नाम पर विद्यालय तथा बिना मान्यता के कम से कम सैकड़ो विद्यालय अवैध चल रहे हैं जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारीबिना मान्यता के विद्यालय का संचालन करवरकर विद्यालय प्रबंधन को से मोटी रकम कमा रहे हैं विद्यालयों के खिलाफ खबर चलने से विद्यालय प्रबंधक मीडिया कर्मियों के साथ भद्र व्यवहार भी करते हैं ताजा मामला रुधौली थाना क्षेत्र के हनुमानगंज चौकी क्षेत्र में अवैध विद्यालय कोचिंग सेंटर के नाम पर चलाए जा रहा है इसका प्रबंधक द्वारा मीडिया कर्मियों से बच्चों की करना अभद्र व्यवहार करना विद्यालय कोचिंग सेंटर के नाम पर मान्यता लेकर चल रहा है और अभिभावकों से मोटी रकम लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों में दबाव बनाता हैअवैध रूप से इंटरमीडिएट कॉलेज चलने वाले प्रबंधक अमित जयसवाल, अवैध रुप से कर रहे विद्यालय का संचालन

चंद दिनों में क्षेत्र में अपनी पैठ जमाने वाले कौन ऐसा किया काम, जो बनाया करोड़ों की सम्पत्ति, विद्यालय का मान्यता मात्र कोचिंग सेन्टर का संचालन इण्टर तक विद्यालय का संचालन कर रहे हैं शिक्षा विभाग के अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं कब इन विद्यालयों पर कार्रवाई करेगी नए सत्र चालू होते ही वसूली चालू हो जाती है शिक्षा विभाग के अधिकारियों की और विद्यालय का संचालन करवाते हैं भ्रष्टाचार में डूबा शिक्षा विभाग का विद्यालयों पर कार्रवाई करेगा जिला विद्यालय निरीक्षक को मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करना चाहिए इसमें सम्मिलित खंड शिक्षा अधिकारी और जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर कारवाई करना चाहिए लेकिन मोटी रकम लेकर के मामले को रखा दफा कर देते हैं और विद्यालय मनमानी तरीके से चलवाते हैं छात्रों से अवैधूली और ड्रेस के नाम पर लंबी मोटी रकम ली जा रही है प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने का नाम लेती है कि भ्रष्टाचार समाप्त हो चुका है लेकिन भ्रष्टाचार का बढ़ावा हर विभाग के कर्मचारी दे रहे हैं इस पर अंकुश लगाना कठिन काम हो गया हैस्थानीय लोगों की माने तो मंदबुद्धि, असहाय,मजबूर की जमीनों का करता है ब्लैकमेलिंग, किताब से लेकर मोजे तक में लेता है 60त्नकमीशन हाल ही में एक मंदबुद्धि के जमीन का किया हेरङ्कफेर,करा लिया अवैध निर्माण, बहन लगा रही है न्याय की गुहार, लग रही है ना तो विभाग सुन रहा है ना थाना सुन रहा है चौकी पर उसे भगाया जा रहा है क्योंकि इस प्रबंधक कारणमंदबुद्धि के बालक अपने पास रखकर जमीन का किया खरीद फरोख्त,मारपीट मामले में 26 मार्च को 4 लोगो के खिलाफ हुआ था मुकदमा दर्ज,नाम हटाने को लेकर अमित बना रहे हैं प्रभारी निरीक्षक व पुलिस चौकी इंचार्ज को करता है मैनेज,ऑडियो रिकार्ड हो रहा है वायरल,वायरल विडियो में पुलिस की मीली भगत तब साबित हुआ जब एक मामले में रुधौली इसके इशारे पर फर्जी एस सी एस टी लगा दिया।

पूरा मामला बस्ती जनपद के रूधौली थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमानगंज चौकी के इंचार्ज सब पशुओं की करते हैं प्रार्थना पत्र कार्रवाई करने के बजाय उसको वहां से भगाया जा रहा है शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवैध विद्यालयों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए जिससे अवैध विद्यालय बंद हो सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई करें और आगे बढ़े आज सरकारी प्राथमिक विद्यालय टूटने की कगार पर है लेकिन सरकार आदेश देती है लेकर कर्मचारी उसका पालन नहीं करते हैं बल्कि भ्रष्टाचार का बढ़ावा देते हैं ऐसे में कब होंगे अवैध विद्यालय पर कार्रवाई शिक्षा विभाग के अधिकारी फोन उठाना नहीं चाहते हैं।

पारस्परिक जोड़े के विवाद को खत्म कर किया एक साथ रहने को राजी

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर थाना मालीपुर मे थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।पीड़ित दंपत्ति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त ख़बरें

घर में घुसकर महिला पर हमला, इलाज के दौरान मौत

बस्ती। बस्ती जिले के हर्रैया थानाक्षेत्र के भदासी गांव में गुरुवार की रात एक नशेड़ी युवक ने महिला के घर में घुसकर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायलावस्था में भदासी गांव निवासनी कमलपता निषाद (60) को उसके परिवारवालों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शनिवार की सुबह महिला की घर पर मौत हो गई। महिला की मौत पर दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर वारदात के बारे में जानकारी हासिल कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आरोपी के करीब पहुंच चुकी है। कमलपता के पति उदय निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के ही शुभम ने गुरुवार को घर में घुसकर पत्नी पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक महिला और आरोपी युवक दोनों शराब के नशे में थे, किसी बात को लेकर दोनों में तकरार हुई। उसके बाद शुभम ने महिला पर हमला कर दिया गया। सीओ अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस व फोरेंसिक टीम की ओर से प्रकरण की जांच की जा रही है। जो तत्व सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जाए जाएगी।

हाइवे की पटरियों पर जमा बालू हटवाने की मांग

बस्ती। सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण रक्षा के प्रति समर्पित गौहर अली ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बस्ती- लखनऊ हावइे मार्ग के दोनों पटरियों से बालू और मिट्टी को हटाये जाने की मांग किया है जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पत्र में गौहर अली ने कहा है कि बस्ती- लखनऊ राजमार्ग के दोनों पटरियों पर बालू जमा हुआ है और दो पहिया वाहन चालक जब इसमें फंस जाते हैं तो आये दिन लोग गिर पड़ते हैं। विशेषकर रात्रि के समय लोगों का संकट और बढ जाता है। दूर से बालू दिखायी नहीं पड़ता और वे हादसों के शिकार हो जाते हैं। दो पहिया ट्रैक पर संकट सबसे ज्यादा है। उन्होने मांग किया है कि प्राथमिकता के स्तर पर इस समस्या का समाधान कराया जाय।

श्रावस्ती लोक सभा से चुनाव लडेंगे हनुमान प्रसाद मिश्र

बलरामपुर, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान प्रसाद मिश्र ने कहा कि वह चुनाव जीतते हैं तो वह श्रावस्ती में भी चीनी मिल लगवाएंगे यह बात एक होटल में प्रेस वार्ता में बताया,राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान प्रसाद मिश्र ने बताया कि किसान मजदूर परेशान है, न्यायालयों में किसान मजदूर के मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है,किसान मजदूर संघर्ष पार्टी पूरे भारत 100 से उपर लोकसभा सीट पर प्रत्यासी खड़ा कर रही है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम 2019 में भी श्रावस्ती लोक सभा से चुनाव लडे थे।इस बार भी वह चुनाव लड़ रहे है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बबलू सिंह , जिला महासचिव कृपा शंकर शुक्ल,प्रमोद कुमार मिश्र,संतोष दूबे,असलम खान,शीतला प्रसाद वेद प्रकाश,रमेश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

घर पर आनी थी बारात

भीटी अंबेडकरनगर। युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर दी जान। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अढनपुर में राधेश्याम निषाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, घटना की सूचना पर पहुंची भीटी पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबेडकर नगर भेज दिया है। बीती रात उनके घर प्रीतिभोज कार्यक्रम था और आज उनके परिवार में लड़की की शादी भी है ऐसी स्थिति मे उनके आत्महत्या कर लेने से पूरे परिवार में कोहराम मच गया तथा शोक की लहर दौड़ गई है।

मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल रहे ग्राम प्रधान राजमणि

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के ब्लॉक सलटवा मेमनरेगा मजदूरों के हक पर ग्राम प्रधान राजमणि डाका डाल रहे हैं। ग्राम प्रधान राजमणि, सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक राम बिहारी उपाध्याय मनरेगा योजना की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। ग्राम प्रधान राजमणि ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में मनरेगा कार्य मनरेगा मजदूरों से कराने के बजाए जेसीबी मशीन से कराते हैं। जेसीबी मशीन से कार्य की पुष्टि करने के लिए कोई भी व्यक्ति/अधिकारी/कर्मचारी/मीडिया वर्तमान में ग्राम पंचायत मधवापुर में कर सकता है। पंचायत भवन मधवापुर प्रथम के उत्तर धोबी घाट पर कपड़े सुखाने हेतु खाली जमीन पर मिट्टी कार्य को पहले जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई है वर्तमान समय में दिनांक- 11-04-2024 को फर्जी मस्टर रोल जारी कर मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लग रही है। फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी 10 दिन से लग रही है और दिनांक - 26-04-2024 तक फर्जी हाजिरी मनरेगा मजदूरों की लगेगी लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं। मधवापुर प्रथम अमृत सरोवर के बगल मिट्टी पटाई कार्य एवं बैरिहवां जाने वाले मार्ग के पश्चिम कब्रिस्तान तक कृषि कार्य हेतु चक मार्ग निर्माण कार्य में भी मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही है कुल मिलाकर पूरे ग्राम पंचायत 151 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लग रही है। प्रतिदिन-35485 रुपये का दुरुपयोग हो रहा है। 16 दिन के जारी मस्टर रोल पर- 567760 रुपये का बंटरबांट करने का प्रयास जारी हैं। आप सोच सकते हैं कि यदि ग्राम पंचायत मधवापुर में विकास कार्य के नाम पर ऐसे ही लूट जारी रहेगा तो ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम का विकास कैसे होगा? ग्राम प्रधान राजमणि सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक राम बिहारी उपाध्याय समेत गुमराह करने मनरेगा फर्जीवाड़ा किया जा रही है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान राजमणि ने मीडिया टीम से कहा कि ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में चल रहे मनरेगा कार्य के जारी फर्जी मस्टर रोल को सोमवार को जीरों करा देंगे क्योंकि जारी फर्जी मस्टर रोल की गोपनीयता भंग हो गई है। उक्त प्रकरण में सचिव अंकुर कुमार ने फोन के माध्यम से मीडिया टीम को बताया कि सोमवार को ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में चल रहे मनरेगा कार्य की जांच करेंगे और जांच के बाद फर्जी भुगतान नहीं होगा एवं फर्जी जारी मस्टर रोल जीरों होगा।

चार से पाँच दिन तक पुलिस ने कोतवाली का लगवाया चक्कर, नहीं लिखा मुकदमा

- दरोगा व सिपाही ने सादे पेपर पर कराया था सुलह समझौता
- पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। दलित परिवार के साथ मारपीट के मामले में पहले तो अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने चार से पांच दिन तक शिकायती पत्र देने के बाद दौड़ाती रही बाद में दरोगा संजय यादव व हल्का सिपाही आनंद यादव के द्वारा सादे पेपर पर साइन करवा कर जबरन समझौता करने के मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राण घातक हमला, मारपीट,गाली गलौज, एससी एसटी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुरसावा निवासी अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद का आरोप है उसकी बकरी बीते 10 अप्रैल की शाम करीब 4ः00 बजे विपक्षी मोहम्मद आरिफ मोहम्मद इरशाद पुत्रगण मोहम्मद हकीम निवासी मीरानपुर पेवाड़ा के खेत में चली गई। जिस पर विपक्षी गणों ने गाली गलौज देने लगे जिस पर उसकी बुआ पियारी देवी द्वारा जब विरोध किया गया तो आरोप है आरोपी उसकी बुआ के गर्दन पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिससे उसकी बुआ बेहोश होकर गिर गई। हल्ला गुहार होने पर घर में मौजूद पीड़ित व अन्य लोग जब दौड़े तो आरोपियों द्वारा अंतिम, उर्मिला तथा शिवपूजन को डंडा पटरी तथा लात घूसों से मारने पीटने लगे। उक्त मारपीट में शिव पूजन

के पैर की दो उंगली फट गई तथा पीड़ित के सर में दो स्थानों पर चोट आने के कारण उसका सर फट गया। मारपीट के दौरान अंतिमा का कपड़ा फट गया तथा अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई। हल्ला गुहार होने पर आरोपियों द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए।आरोप है पीड़ित ने उसी दिन स्थानीय कोतवाली अकबरपुर में शिकायती पत्र दिया था 4 से 5 दिन थाने पर दौड़ाने के पश्चात कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही दरोगा संजय यादव सिपाही आनंद यादव के द्वारा जबरन समझौता भी सादे पेपर पर करवा दिया गया था।

बाइक सवार बदमाशों ने कार पर फायरिंग कर दहशत का माहौल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में बाइक सवार बदमाशों ने कार पर फायरिंग कर दहशत का माहौल बना दिया। आरोप है कि फायर मिस होने से गाड़ी चला रहा पत्रकार का बेटा बाल-बाल बच गया। पुरानी बस्ती व कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर स्थित यूनियन बैंक पचपेड़िया (दक्षिण दरवाजा रोड) के पास बुधवार को सरेआम की घटना बताई जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। आरोप है कि इसमें चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सबसे पहले पीड़ित ने चौकी प्रभारी को सूचना दी लेकिन चौकी प्रभारी टालमटोल करते रहे। पुलिस सक्रिय होती तो बाइक सवार दबोच लिए जाते। हालांकि कोतवाली पुलिस ने तहरीर के मुताबिक मामले की सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस के जरिए जांच शुरू कर दी है। इस बाबत शहर कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि घटना स्थल व पीड़ित से बातचीत कर फायरिंग करने वाले बाइक सवारों की सुरागरसी की जा रही है। इस संबंध में पत्रकार मजहर आजाद ने कोतवाली में तहरीर में बताया कि उनका बेटा प्रिंस अपनी आंटी को कार से डॉक्टर के पास जा रहा था। पचपेड़िया मोड़ पर गमछा बाधे बाइक सवारों ने गाड़ी को रुकवाई और तमंचा निकाल कर फायर कर दिया।

भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद पूर्व प्रधानाचार्य सालिकराम वर्मा हुए निलंबित

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। जयराम वर्मा बापू स्मारक इंटर कॉलेज नाऊसांडा के एमडीएम योजना में की गयी गंभीर वित्तीय अनियमितता प्रकरण में विभाग द्वारा दोष सिद्ध सालिकराम वर्मा के विरूद्ध कार्यवाही हेतु वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक अम्बेडकर नगर के निर्गत पत्र पत्रांक सं.-एमडीएम / 5626-30/2023-24,दिनांक 23.08.2023 के अनुपालनार्थ संस्था प्रबंध समिति द्वारा गठित जांच समिति के प्रस्तुत अंतिम जांच प्रतिवेदन में भी सालिकराम वर्मा,पूर्व तदर्थ प्रधानाचार्य /प्रवक्ता अंग्रेजी को दोषी पाये जाने के उपरांत प्रबंध समिति ने 20 अप्रैल 2024 को निलंबित कर दिया । गौरतलब है गत वर्ष अक्टूबर 2023 को इसी मामले में प्रचलित जांच मे सहयोग न करने के आधार पर जांचसमिति की सस्तुति पर संस्था प्रबंध समिति द्वारा सालिकराम वर्मा को जांच अवधि/अग्रिम आदेशों तक तदर्थ प्रधानाचार्य पद से हटाकर, उनके मूल पद प्रवक्ता अंग्रेजी पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया था और संस्था के अगले वरिष्ठ प्रवक्ता डा. विजय कुमार वर्मा को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया था।

तदोपरांत 6 माह के अंतर्गत प्रचलित जांच में त्रि सदस्यीय जॉच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन जिसमें सालिकराम वर्मा को एमडीएम में गंभीर वित्तीय अनियमितता व गबन का दोषी पाया गया,इसके अतिरिक्त संस्था परिसंपत्तियों के दुरूपयोग/व्यपहरण, विद्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेख पत्र प्राप्ति व पत्र प्रेषण पंजिका तथा उससे संबंधित पत्रजातों का प्रभार अद्यतन हस्तगत न करना, बार- बार दिये गये निर्देशों के बावजूद विद्यालीय प्रभार समय से हस्तगत न करना, प्रबंधक के नाम पत्र का संदिग्ध विलोपन, फर्जी बिल वाउचर, घोर अनधीनता, जानबूझकर कर्त्व्योंपेक्षा, दुराचरण, निधियो का दुरूपयोग और नैतिक अधमता के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जनपद मे संरक्षित निराश्रित गोवंश को ग्रीष्म ऋतु से बचाने हेतु समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाए डी.एम

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्तीजनपदमेंछुट्टापशुओं से किस तो परेशान भी है लेकिन राहगीर सबसे ज्यादा परेशान है सड़कों पर छुट्टा आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जनपद मे संरक्षित निराश्रित गोवंश को ग्रीष्म ऋतु से बचाने हेतु समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने हेतु जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्साधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि प्रत्येक निराश्रित गो आश्रय स्थल पर प्रभावी निगरानी कराते हुए गोवंश को धूप एवं गर्मी से बचाव के लिए शेड, तिरपाल इत्यादि की व्यवस्था तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं अन्य आवश्यक फीड यथा हरा चारा, दाना इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

उन्होंने कहा है कि गोवंश को पीने हेतु स्वच्छ एवं ताजा पानी की व्यवस्था, गोवंश के स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाय एवं इसे पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा गो आश्रय स्थलों पर चौकीदार की नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करायी उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थलों पर आगजनी से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध किये जाय तथा फायर स्टेशन का दूरभाष नम्बर प्रत्येक गो आश्रय स्थलो पर प्राथमिकता के आधार पर अंकित करायें। गो आश्रय स्थलों पर विद्युत आपूर्ति

की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। प्राथमिकता के आधार पर एस0एफ0सी0 पूलिंग अन्तर्गत गोवंश आश्रय स्थलों को धनराशि पूल करायी जाय। प्रत्येक गो आश्रय स्थलों का भ्रमण सुनिश्चित किया जाय तथा भ्रमण के दौरान पाई गयी कमियों का निराकरण सुनिश्चित करायें।

मेधावी बच्चों ने बढ़ाया जनपद का मान

स्वतंत्र प्रभात

टांडा अंबेडकरनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। जिसमें आदर्श जनता बालिका इण्टर कॉलेज टाण्डा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इण्टर की छात्रा मलाइका नूर ने 482 अंक के साथ प्रदेश में आठवाँ व जनपद में तीसरा स्थान, एरम फात्मा ने 479 अंक के साथ जनपद में छठा, अम्बरिश्ता एरम व श्रेया वर्मा ने 476 अंक के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल बालिका वर्ग में अंजलि 94.5त्न प्रथम, पलक वर्मा 93त्न द्वितीय, रिया पटेल 92.6त्न अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श जनता टाण्डा में हाईस्कूल वर्ग से युवराज व शायान अहमद ने 563 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, प्रियांशु वर्मा

560 अंक द्वितीय, देवांश त्रिपाठी 559 अंक तृतीय स्थान प्राप्त किया। इण्टर वर्ग मे आदित्य गौड़ 91.2त्न प्रथम ,अमन पटेल एवं गौरव सोनी 89.8त्न द्वितीय, सर्वोत्तम प्रकाश 89.6त्न तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डा लाल जी पटेल, विद्यालय के सदस्य विवेक चंद्रा, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार यादव, प्रधानाचार्या अनीता मौर्या, विज्ञान क्लब के समन्वयक निरंजन लाल, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार मौर्य, अनिल कुमार, राम अनुज, छैल बिहारी वर्मा, श्री प्रकाश वर्मा, राम अनुज, मानस द्विवेदी, सत्यम सिंह, शिवदीप वर्मा, मसउदुर्रहमान, ओम प्रकाश शर्मा, सन्त कुमार यादव, तनवीरुल मक्की, जेबा नाज, रबूशा कुलसुम, वर्षा गुप्ता आदि शिक्षकों ने मेधावियों छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना किया।

नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में उठ रहा शिक्षा का स्तर

स्वतंत्र प्रभात

जरवा/बलरामपुर भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र जो कि शिक्षा में अतिपिछड़ा हुआ है वहां स्थापित बसन्त लाल स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर जरवा की छात्रा शमा परवीन ने कक्षा 10 में 90त्न प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया और इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से बालकराम यादव ने 85त्न अंक प्राप्त कर क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने और छात्र छात्राओं का शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया।छात्रा शमा परवीन ने कहा कि वे इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से पढ़ कर आगे क्क्ष्ट की तैयारी अपने शिक्षको और विद्यालय के दिशा निर्देश में करूंगी। छात्र बालकराम के पिता



ने खुशी व्यक्त करते हुए शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की। बालकराम ने कहा कि शिक्षकों का बहुत सहयोग और साथ मिला, विद्यालय में प्रधान मंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पर लाभ मिलने की बात कही। कई अभिभावकों ने बताया कि बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज के खुलने से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर उठ रहा है और विद्यालय के कार्यप्रणाली और शिक्षक पर जताया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। अहिरौली पुलिस ने महिला समेत तीन के खिलाफ मारपीट गाली गलौज समेत अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अहिरौली पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद किया है। अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत मत्तूपुर फरीदपुर निवासी अमित पाठक पुत्र बृजलाल पाठक का आरोप है पूर्वजों के समय से ही पिता के बैनामा सुधा जमीन में शीतला माता का मिट्टी का चौरा बना हुआ था। जिसमें नवरात्र में उसके पिता बृजलाल पाठक 15 अप्रैल को शीतला माता के चौरा को ईट सीमेंट से पक्का बनवा रहे थे। जिससे उसके पड़ोसी नाराज थे उसी दिन शाम करीब 4ः00 बजे उसके पिता अपने छप्परनुमा घर में बैठे थे की अचानक गांव के अवधेश कुमार तिवारी पुत्र बांकेलाल तिवारी सुनील तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी व शशि तिवारी पत्नी सुनील तिवारी अचानक आए और उसके वृद्ध पिता को चारपाई से नीचे धकेल कर लात घुसे से मारने पीटने लगे। मारपीट से उसके पिता के दाहिने कान व आंख में चोटे आई।जिसकी वजह से आंख की रोशनी चली गई व कान से नहीं सुनाई दे रहा है। शरीर के अन्य स्थानों पर भी चोटे आई। हल्ला गुहार होने पर गांव के कुछ लोग दौड़े उपरोक्त विपक्षीगण प्लास्टिक की कुर्सी पटक कर तोड़ डालें तथा गाली

गलौज व जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोप है तत्समय पीड़ित ने अहिरौली थाने पर शिकायती पत्र दिया था लेकिन विपक्षीगणो के प्रभाव में आकर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया था। मुकदमा दर्ज करने के लिए आजकल कहकर दौड़ा रही थी।

निर्वाचन कार्य में शिथिलता बरतने पर शिक्षक के खिलाफ, डी एम ने एफ आई आर दर्ज कराने का दिया आदेश

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर, रविवार को सिविल सर्विसेज दिवस के मौके पर निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में जान बूझकर लापरवाही बरतने एवं बिना किसी पूर्व सूचना के विगत 15 फरवरी से गैरहाजिर चले रहे बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बताते चलें कि शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरहवा के अध्यापक सुनील कुमार 15 फरवरी 2024 से बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं तथा उनके द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से दिए निर्देशों के बावजूद प्राथमिक विद्यालय (मतदान केंद्र) पर आधारभूत सुविधाएं जैसे शौचालय एवं मूत्रालय, पेयजल, साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था बार-बार निर्देश के बाद भी सुनिश्चित नही की गई है और इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया और वह लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अध्यापक सुनील कुमार के विरुद्ध निकटतम

थाने में सुसंगत धाराओ में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए जिसके क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी हरैया सतघरवा सियाराम वर्मा ने संबंधित अध्यापक के खिलाफ थाना हरैया में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया है।

वनवासी क्षेत्र की छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर,थारू बाहुल्य वनवासी क्षेत्र की छात्राओं ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का नाम रोशन किया है,इस विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 10 वी में 40और 12 वी कक्षा में 40 छात्राओं ने परीक्षा दिया था जिसमे 10 वी में शत प्रतिशत प्रथम, 12वी में 28 छात्रा प्रथम और 5 छात्रा सेकेंड में पास हुई सभी छात्राओ के माता पिता ने शिक्षा देने वाले अध्यापक और थारू जनजाति परियोजना अधिकारी टी



पी सिंह का हृदय की गहराइयों से आभार और धन्यवाद प्रकट किया है।वही हरैया सतघरवा ब्लॉक के एक छात्र अनुज कुमार द्विवेदी ने 91 प्रतिशत अंक हाईस्कूल में पाकर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

संक्षिप्त ख़बरें

विंध्याचल के धाम में मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख द्वारा आयोजित हुआ विशाल भंडारा

लखनऊ। मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी द्वारा मां विंध्याचल के धाम में विंध्यवासिनी सेवा आश्रम में लगातार 35 वर्षों से विशाल भंडारे का चैत्र की नवरात्रि व क्वार मास की नवरात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला व बिन्देश्वरी परिवार द्वारा 9 मार्च से शुरू हुआ विशाल भंडारा 23 अप्रैल तक चलेगा। विशाल भंडारा ब्लॉक प्रमुख ने रविवार को भी अपने विन्ध्यवासिनी सेवा आश्रम में अपनी पत्नी किरन शुक्ला के साथ कन्या भोज के शुरूआत के साथ भंडारे का आयोजन किया। ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि माँ विन्ध्याचल के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए माँ विन्ध्यवासिनी सेवा आश्रम में निःशुल्क रूकने की भी व्यवस्था है।

कार्यकर्ताओं का जोश बता रहा जनता का स्नेह- शाही

हरदोई की जनता ने मोदी को आशीर्वाद दे दिया है- सांसद

आज सवायज़पुर विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का सफल आयोजन ज़िला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ बूथ सम्मेलन के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही थे ,सदर सांसद एवं प्रत्याशी जयप्रकाश सवायजपुर विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन में कर्मठ कार्यकर्ताओं का जोश-उमंग एवं देवतुल्य नागरिकों से मिल रहे अपार स्नेहाशीष से स्पष्ट है कि हरदोई की देवतुल्य जनता 'मोदी जी की गारंटी' पर अटूट विश्वास प्रकट करते हुए हर बूथ पर विजय का नया कीर्तिमान रचने हेतु तैयार है. इस चुनाव में आप का एक-एक वोट, भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। सांसद जय प्रकाश ने कहा कि हरदोई की जनता ने मोदी को आशीर्वाद दे दिया है। इस अवसर पर प्रीतेश दीक्षित के पी सिंह मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा शिवम तिवारी जैनेंद्र सिंह सभी मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सदस्य जिला पंचायत प्रदीप पाठक जितेंद्र सिंह अमित वर्मा आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे

छात्र-छात्राओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण का मौका

कुमारगंज [अयोध्या]। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व बसंत राव नायक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र के बीच एक एमओयू हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौ?द्योगिक विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह व मराठवाड़ा कृषि वि?द्यापीठ परभणी महाराष्ट्र की ओर से कुलपति डा. इंद्रमणी मिश्र ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। दोनों विश्ववि?द्यालयों के बीच हुए समझौता ज्ञापन में कृषि वानिकी, पशुपालन तथा मौसम विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए सहमति जताई गई। इस समझौते से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ किसानों तक इसका लाभ पहुंचेगा। छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा के प्रति उन्मुखीकरण एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण का मौका मिलेगा। छात्र-छात्राओं के लिए नई शिक्षा नीति से जोडने एवं बच्चों की बौ?द्धिक क्षमता का विकास होगा।

सूचना

मैं सोनापति सिंह पत्नी कमला सिंह निवासिनी बी/530 निकट गवर्नमेंट कालेज , दशहराबाग , सुभाषनगर , थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी अपने परिवार की सहमति से मझले पुत्र राजकुमार सिंह पुत्र कमला सिंह को उनके गलत चाल चलन व दुर्व्यवहार के चलते अपने परिवार से बेदखल कर रही हूं। अब इनके द्वारा किए गए समस्त कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे , परिवार के किसी भी सदस्य से अब इनका कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अभिषेक नाग पुत्र दिनेश कुमार नाग निवासी मोहल्ला बागवानी टोला लहरपुर जिला सीतापुर है त्रुटिवश आधार कार्ड में मेरा नाम अंकुश पुत्र दिनेश कुमार नाग दर्ज है जो कि गलत है मेरे सभी प्रमाण पत्रों व हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम अभिषेक नाग अंकित है जो की सही है भविष्य में मुझे अभिषेक नाग के नाम से जाना और पहचाना जाए।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ब्रज की रसोई ने लॉकडाउन से अब तक नहीं तोडी है अपनी सांस

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ब्रज की रसोई जरूरतमंदों को भोजन के साथ गरीब बच्चों की शिक्षा की कुछ जिम्मेदारियों को भी निभाती है अगर किसी को इस संस्था के साथ जुड़ना हो तो वो जुड़ सकता है गरीब बच्चों के लिए कुछ करना चाहता है तो संस्था की मदद करें और ताकि इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी आगे और भी बढ़चढ़ कर कार्य कर सके आप सब के प्रयास से ही संस्था आगे बढ़ रही है इसको बढ़ने में सब का साथ जरूरी है। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया कि आशियाना क्षेत्र में हमारी इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ब्रज की रसोई के नाम से है जिसमे हम लोग जरूरतमंद बच्चों को लगातार प्रत्येक रविवार को पोस्टिक भोजन कराकर उनमें शिक्षा की अलख जगाने का भी प्रयास करते हैं। गरीब बच्चों का भविष्य संवारने के लिए शिक्षा सामग्री की आवश्यकता को भी पूरा करने के लिए संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने सभी सक्षम जन मानस से आग्रह करते हूंआगे आने की अपील करता हूं पवित्र कार्य को करने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। निराश्रित, अकिंचन, असहाय बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने वाली इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने लॉकडाउन के दौरान भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी। आशियाना क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र व गांवों तक में जाकर जरूरतमंदों तक भोजन व राशनकिट पहुंचाती थी । संस्था के संरक्षक अनिल शुक्ला ने बताया कि संस्था ऐसी ऐसी जगहों पर भी भोजन बांटती थी। जहां पर जरूरतमंद या प्रवासी कामगार ठहरे हुए होते थे। इस मिशन में उनके साथ संस्था के सभी सदस्य शामिल रहे। राष्ट्रीय महासचिव नीरज शर्मा बताते है किआज कढ़ी चावल, केला व चॉकलेट का वितरण कर रहे है और संस्था द्वारा वितरण का कार्यक्रम सभी लोगों के सहयोग से चल रहा है। इस अभियान के लिए संस्था लोगों से पैसे की डिमांड नहीं करती। अपने साम?र्थ्य के अनुसार सभी लोग आकर तन और मन से सेवा करते है। इसके लिए हम इन तमाम सस्नेही हृदय व्यक्तियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते है।

हमारे रसोई परिवार के सदस्य निलय शुक्ला की ज्येष्ठ पुत्री तनिषा शुक्ला के बर्थडे के उपलक्ष्य में बच्चों को केले और चॉकलेट वितरण किया गया इसी क्रम में हर्षित अवस्थी ने अपील की है संस्था की सेवा से प्रेरित होकर आप सभी लोग जन्मदिन फेस्टिवल जैसे खास मौकों पर जरूरतमंदों के लिए भोजन या अन्य सामग्री खुद आकर बच्चों को वितरण कराकर भी पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अनाथ बच्चों व विधवाओं के लिए काम करेगी महिला विग इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सक्रिय सदस्य रजनीश मिश्रा ने कहा जरूरतमंदों को खाना खिलाने के साथ-साथ अनाथ बच्चों व विधवा महिलाओं के उत्थान के लिए भी संस्था काम करना चाहती है। संस्थाद्वारा इसके लिए महिला विग गठित की जाएगी। जो अनाथ बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाएगी। वहीं विधवा महिलाओं की पेंशन में बढ़ोतरी करने के लिए आवाज बुलंद की जाएगी और सरकार से डीसी रेट के हिसाब से पेंशन की मांग की जाएगी।

भिक्षा नहीं शिक्षा सही अभियान का भी जल्द ही होगा आगाज .....

संस्था के एक और सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया संस्था शहर में भीख मांगने वाले नाबालिग बच्चों के लिए अपने मिशन भिक्षा नहीं शिक्षा सही को शुरू करेगी। अभी अधिक सहयोग न मिलने की वजह से ये अभियान रुका हुआ है। संस्था ने शहर में भीख मांगने वाले बच्चों के सर्वे का काम शुरू कर दिया है। अभिभावकों को जागरूक कर इन बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कराई जाएगी। और स्कूल प्रबंधको से बात कर इन बच्चों के निशुल्क दाखिलों का प्रयास किया जाएंगे।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य गगन शर्मा ने बताया कि हम गरीव बच्चों के लिए चिन्हित झुग्गी झोपड़ियो में जाकर प्रेम पूर्वक आदर भाव के साथ सभी लोग मिलकर बच्चों को भोजन व उनकी जरूरत की चीजें देकर उनके साथ समय बिताकर खुशियाँ बंटाने का प्रयास करते है और हमारे इस कार्य से प्रेरित होकर लोग संस्था की खूब सराहना कर रहे है एवं हमारे साथ आम जनता भी जुड़ कर इस नेक कार्य में बढ़चढ़ कर योगदान कर रही है।

इस कार्यक्रम में शामिल अनिल शुक्ला, प्रेम आनंद श्रीवास्तव, आदित्य गुप्ता, संजीव मिश्रा, गगन शर्मा, रवि अवस्थी, अविनाश मिश्रा, राम मिलन, संजय श्रीवास्तव, गौरव शर्मा, आशिम रॉय, देवांश रस्तोगी, रंजना मिश्रा, पूनम रस्तोगी, अनीता सिंह, श्रुति अवस्थी सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

टॉपर्स छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ने मुंह मीठाकरा कर शुभकामनाएं प्रेषित की

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई- बीते शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट डिक्लेयर होते ही सीबी इंटर कॉलेज आफ साइंस बेनीगंज, संजू देवी तेज नारायण इंटर कॉलेज बेनीगंज, कोटपाल सिंह आदर्श इंटर मीडिएट कॉलेज अटिया में टॉप करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ के अध्यापकों ने मेधावियों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही मेधावियों ने खुशी जाहिर करते हुए अध्यापकों सहित माता-पिता का आभार व्यक्त किया। बता दे शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाई स्कूल इंटरमीडिएट का रिजल्ट डिक्लेयर हुआ। बेनीगंज नगर से सीबीजी इंटर कॉलेज आफ साइंस के प्रधानाचार्य गिरजेश तिवारी ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम बहुत अच्छा गया है। हाई स्कूल से श्रेया गुप्ता पुत्री विवेक गुप्ता ने 94.83% के साथ प्रथम स्थान पर रही। दूसरे पर चारू वर्मा 92.50% तीसरे स्थान पर काव्या सिंह 86.16% पर रही। इंटरमीडिएट सेट टॉपर में प्रथम पायदान पर सूर्यांश पांडे पुत्र रामनिवास पांडे 92.40त्न प्राप्त किया दूसरे पायदान पर शिखा वर्मा ने 90.80त्न व तीसरी पायदान पर आकांक्षा वर्मा 90.60% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय अध्यापकों गार्जियनों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने टॉपर छात्राओं को माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोटपाल सिंह आदर्श कन्या इंटरमीडिएट कॉलेज से हाई स्कूल टॉपर्स सत्यम सिंह ने 86.6 परसेंट अंक प्राप्त किया। इंटरमीडिएट से तो परसों में से प्रथम स्थान पर अर्पणा मिश्रा 87.6% दूसरे स्थान पर करन कुमार 90.4 त्न तीसरे स्थान पर संध्या सिंह 84त्न प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर वैश्व ने बताया कि इस बार हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 93% व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 96% रहा। संजू देवी तेज नारायण इंटर कॉलेज से मेधावियों छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य तेज नारायण शुक्ला ने मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार फैक्ट्री मजदूर की मौके पर दर्दनाक मृत्यु

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे 731 पर पेप्सी कम्पनी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार फैक्टी मजदूर की मौके पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सांय कॉल कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे 731 पर पेप्सी फैक्ट्री के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बियर फैक्ट्री के मजदूर उमेश गौतम (30) पुत्र मनोहर गौतम निवासी ग्राम पकरियाऊसर को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक बियर फैक्ट्री में मजदूरी करके अपनी बाइक से घर वापस जा रहा था। इसी बीच यह दुर्घटना हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताते चले वर्तमान समय में लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे की फोरलेन निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पीएनसी कंपनी मानकों को ताक पर रखकर करा रही है। कंपनी द्वारा मार्ग पर पर्याप्त पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है, जिससे धूल की धुंध आगे छा जाती हैं, राहगीरों की आंखों के सामने धूल के चलते कुछ दिखाई नहीं पड़ता हैं, जिससे अक्सर हादसे होते हैं। वहीं पीएमसी कंपनी के डंपर लोगों के लिए काल बने हुए हैं। कंपनी के डंपरों ने कई दर्जन लोगों को मौत के घाट उतार दिया हैं। वर्तमान समय में पीएनसी कंपनी के ठेकेदारों द्वारा मानकों को ताक पर रखकर मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। जिम्मेदार लोग सब कुछ जान कर मूकदर्शक है। जिसका खामियाजा आम जनमानस को जान की कीमत देकर चुकाना पड़ रहा है। यह रात में मिट्टी को प्राइवेट लोगों के हाथों भी बेच देते हैं जबकि रात में मिट्टी खनन करने का कोई नियम नहीं है।

पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी अंजली वर्मा के सुपुत्र ने मेरिट लिस्ट में बनाया स्थान

● - डॉ बनकर समाज की सेवा करना करना चाहता है- नैमिष वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद, सीतापुर सीतापुर जनपद की तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैयां बलदेव सिंह के पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अंजली वर्मा पत्नी विनोद कुमार के पुत्र नैमिष वर्मा ने हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 90.83 अंक पाने वाले नैमिष वर्मा ने सेठ राम गुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज की सफलता का श्रेय कॉलेज के समस्त शिक्षक गणों को दिया और उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के हाई स्कूल को पढ़ने वाले समस्त अध्यापकों ने मुझे प्रोत्साहित कर सदैव अच्छा मार्गदर्शन दिया और हर कठिन से कठिन प्रश्न का समाधान किया जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिल रहा है। दिन रात बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हुये कड़ी मेहनत करके 545 अंक(90.83%) हासिल करके सफलता प्राप्त किया।मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं कॉलेज का रिजल्ट देखकर नैमिष वर्मा में काफी उत्साह दिखा है शिक्षकों की कड़ी मेहनत का असर भी दिख रहा है कॉलेज परिवार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है हमारे कॉलेज के ज्यादा से ज्यादा छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है आज मुझे गर्व के साथ कह रहा हूं कि आज मुझे बहुत खुशी है क्योंकि हाई स्कूल का रिजल्ट देखकर नैमिष वर्मा स्कूल परिवार और

गांव समाज,तहसील, जिले का नाम रोशन किया है ग्रामीणों के द्वारा नैमिष वर्मा को माला पहनकर मिठाइयां खिलाते हुए स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और नैमिष के माता-पिता ने कॉलेज परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

जनता इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड के परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता पाकर लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात

कछौना(हरदोई) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान जनता इंटर कॉलेज कछौना में छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। उनके भविष्य के उड़ान को पंख मिल गए। छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित हैं।

इंटरमीडिएट की छात्रा काजल पुत्री लवकुश ने 500 में 461 अंक पाकर 92.1 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र अतुल पटेल पुत्र राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने 500 में 433 अंक पाकर 86.6% अंक हासिल किये। छात्रा महिमा गौतम पुत्री लालता प्रसाद ने 77.21% अंक हासिल किए।

हाईस्कूल में प्रीति पुत्री तुलसीराम ने 600 में 500 अंक पाकर 92.16% अंक हासिल किये। छात्रा रानी पाल ने 89.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र अंकुर चौरसिया पुत्र सर्वेश कुमार ने 83.67 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय की प्रबंधक रेखा अग्रवाल व प्रधानाचार्या शिवानी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह भविष्य में

विभिन्न क्षेत्र जैसे शिक्षक, डॉक्टर इंजीनियर, व्यवसायी, वैज्ञानिक क्षेत्र में जाकर देश को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करेंगे।

भगवान महावीर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद (सीतापुर) जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल मंदिर जी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जैन धर्मावलम्बियों द्वारा जगह-जगह प्रसाद वितरित किया गया।

सरावगी टोला स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग, बच्चे, महिलाओं ने उपस्थित होकर श्रीजी का अभिषेक व पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा उद्घाटन का सौभाग्य नीरज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य पराग जैन को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर बजाजा चैराहा, रामकुण्ड चैराहा होते हुए महावीर उद्यान पहुँची जहां श्रीजी को पाण्डुक

शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा और पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। महावीर उद्यान से शोभायात्रा पुनः रामकुण्ड चैराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप होते हुए जैन मंदिर पर समाप्त हुई। जुलूस के दौरान जैन अनुयायियों ने जगह-जगह श्रीजी की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त कर मानव कल्याण की कामना की। शोभायात्रा में महिलाएँ डांडियां नृत्य करते हुए खुशी जाहिर कर रही थी। भांगड़े की धुन पर युवा भी थिरकते नजर आये। वापस मंदिर पहुँचने पर सभी जैन धर्मावलम्बियों ने भगवान महावीर के जोरदार जयकारे लगाए। अतिथियों का स्वागत जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन ने माल्यार्पण, पगड़ी व बैज अलंकरण कर किया। इस दौरान आशिष जैन, प्रदीप जैन,अशोक जैन,भाजपा नेता अम्ब्रीश गुप्त, समाजसेवी अतुल वर्मा, विकास जैन, योगेश जैन, अरुण जैन,संदीप जैन आदि के साथ साथ जैन महिला मंडल की महिलाओ ने अपनी उपस्थित रही।

गत्ते का फ्रेम बनाकर खंभे में भर दिया गया मसाला

● - गत्ता बांधकर बनाया गया खंभे में फ्रेम

स्वतंत्र प्रभात

शाहाबाद हरदोई। सिनेमा चौराहे पर 11 हजार लाइन का खंभा तिरछा होने पर बिजली विभाग ने एक नया तरीका ढूंढा। नीचे से गल चुके खंभे के चारों ओर तारों से गत्ता बांधकर कर्मचारियों ने उसके अंदर सीमेंट और बजरी भर दी। इससे कर्मचारियों की कार्यशैली की स्थिति हास्यास्पद हो गई। कर्मचारी द्वारा बांधे गए गत्ते को देखकर सभी दांतों के नीचे उंगलियां दबाकर बिजली विभाग पर उंगली उठा रहे हैं। सिनेमा चौराहे पर 11 हजार लाइन का एक खंभा नीचे से गल चुका था। गलने की वजह से खंभा तिरछा हो गया। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लोहे के फ्रेम की जगह पर गत्ते का फ्रेम बनाकर उसमें बजरी और सीमेंट मिलाकर भर दिया और खंभा रोकने की औपचारिकता पूरी कर दी। जबकि इस खंभे को रोकने के लिए खंभे के आसपास गड्ढा खोदकर लोहे के फ्रेम से उसमें सीमेंट, बजरी और मौरंग भरना थी। लेकिन बिजली कर्मचारियों ने ऐसा ना करके खंभे के चारों ओर गत्ता बांध दिया और उसके अंदर बजरी, सीमेंट भरकर निकल लिए। तिरछा हुआ यह खंभा इस स्थिति में है बजरी और सीमेंट भरने के बाद भी इस तिरछे खंभे पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जिसने भी बिजली कर्मचारियों की यह हरकत देखी। उसने ही विभाग पर उंगली

उठानी शुरू कर दी यह कहकर कि बिजली विभाग किसी भीषण हादसे का इंतजार शायद कर रहा है, वरना इस तरह से मौरंग, बजरी और सीमेंट नहीं भरा जाता।

बी एल वर्मा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा हुई सम्पन्न

● - पिताजी के सपनों को करूँगा साकार-प्रो सुधाकर वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर शिक्षा शास्त्री, समाज शास्त्री और लोक हितों के लिए जीवन भर समर्पित रहे बी एल वर्मा की पुण्य स्मृति में छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा नंदकिशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय टिकरा में प्रोफेसर सुधाकर वर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। परीक्षा के बाद एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक संतोष वर्मा ने कहा कि इस परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र छात्राओं की हमारे महाविद्यालय के लिए एडमिशन फीस माफ की जायेगी। शिया पी जी कॉलेज लखनऊ के प्राध्यापक डॉ सुधाकर वर्मा ने कहा कि बी एल वर्मा जी मेरे पूज्य पिताजी रहे हैं उनके सपनों को साकार करने के लिए हम रात दिन कृत संकल्प

हैं। इन्हीं भावनाओं की कद्र करते हुए बी एल वर्मा छात्रवृत्ति योजना महाविद्यालय में शुचिता पूर्वक सम्पन्न हो गई है। एस जे डी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता वृन्दारक नाथ मिश्र ने कहा शिक्षा समाज और देश के उन्नयन के लिए सदैव कारगर हथियार रहा है। जनता इण्टर कालेज कल्याणपुर के प्रधानाचार्य मोहम्मद इदरीश ने कहा कि यह महाविद्यालय क्षेत्र की प्रतिष्ठा का प्रतीक बन चुका है। श्री राम चंपा देवी कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता विनय दीक्षित ने कहा यह योजना शिक्षा और शिक्षार्थियों दोनों के हित में है। सभा का मंच संचालन करते हुए चन्द्रशेखर प्रजापति ने कहा कि बी एल वर्मा छात्रवृत्ति योजना गरीब छात्रों के लिए वरदान साबित होगी। परीक्षा नियंत्रक राहुल वर्मा ने कहा कि इस परीक्षा का परिणाम दस मई को जारी किया जायेगा। साहित्यकार डॉ देवेंद्र कश्यप निडर ने अपने संबोधन में कहा छात्रवृत्ति की योजनाएं शिक्षा क्षेत्र में अमूल चूल परिवर्तन लाती हैं इसलिए यह योजना उच्च शिक्षा जगत में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी, राजेश कश्यप ने उद्बोधन में कहा जनपद के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए यह स्वर्णिम अवसर है। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक अभिभावक गण आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर घायल युवक की हुई दर्दनाक मृत्यु

स्वतंत्र प्रभात

कछौना(हरदोई) सण्डीला से मल्लावां रोड पर मुसलमानाबाद के पास मोटरसाइकिल चालक की बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से इलाज के दौरान निधन हो गया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार युवक सण्डीला से मल्लावां मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम मुसलमानाबाद के पास तेज गति व अनियंत्रित वाहन की जोरदार टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की सूचना पर गौसगंज चौकी पर तैनात सिपाही अजय कुमार ने घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया। घायल युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। कछौना से हरदोई ले जाते समय घायल युवक की रास्ते में ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान जितेंद्र सिंह पुत्र राजीव कुमार निवासी रसूलाबाद शहबाद जिला उन्नाव के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी के चलते सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया है। प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं

के कारण कोई न कोई व्यक्ति चुटहिल होकर जीवन भर के लिए अपंग हो जाता है अथवा मृत्यु के घाट उतर जाता है। पूरा परिवार जीवन भर दुःख झेलने को विवश हो जाता है, जिसकी कीमत पूरा परिवार जीवन भर उठाने को मजबूर होता है।

जिलाधिकारी ने किया मंडी परिसर का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतगणना स्थल बनाये जाने हेतु जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज मंडी परिसर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के सभी मानकों का ध्यान रखा जाये। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की उपयुक्त व्यवस्था की जाये। रिकार्डिंग की उचित व्यवस्था की जाये। सभी स्थानों पर विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। मरम्मत के अवशेष कार्य जल्द पूरे किये जाएं। आवश्यक समतलीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाये। साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाये। बैरीकेडिंग का कार्य ससमय कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित

अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

2. पिकअप पर लदा 60 बोरी प्याज बरामद

महराजगंज। सोनौली पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पिकअप पर लदा 60 बोरी अवैध प्याज बरामद किया है। टीम ने पिकअप सहित प्याज को कब्जे में लेकर थाने लाई तत्पश्चात कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में भगवानपुर चौकी पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान क्षेत्र के रघुनाथपुर से पिकअप यूपी 53 ईटी 5331 पर लदा तस्करी की 60 बोरी अवैध प्याज बरामद किया है। टीम ने प्याज सहित पिकअप को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। बरामद करने वाली टीम में चौकी प्रभारी अरूण कुमार, हेड कांस्टेबल प्रद्युम्न सिंह, कांस्टेबल ऋषिमुनि राय तथा एसएसबी टीम में उपनिरीक्षक हंसराज, राजपति दास, हेड कांस्टेबल रंजीत यादव, कांस्टेबल रविन्द्र चंद्र, सोमराय केरकेट्टा आदि शामिल रहे। चौकी प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि पिकअप पर लदा 60 बोरी प्याज बरामद करते हुए कस्टम कार्यालय को सुपुर्द किया गया है।

सात चोरी के मोबाइल बरामद कर चार दबोचे

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। थाना गांधीपार्क पुलिस टीम ने चार शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के सात मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

थाना गांधीपार्क पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रोहित ठाकुर पुत्र छिद्दन सिंह पुण्डीर निवासी साई विहार कालौनी रामघाट रोड थाना क्वार्सी , नूर मौहम्मद पुत्र अली मौहम्मद निवासी एदल गढी थाना नौहझील मथुरा, होरीलाल अहैरिया पुत्र अमर सिंह अहेरिया निवासी गुरू सिकरन थाना हरदुआगंज , कबीर उर्फ छोटू पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी धोबी वाली गली दुबे का पडाव थाना गांधीपार्क को मय सात मोबाइल फोन चोरी के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर चोरों के खिलाफ मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

हत्या कर शव छिपाने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

घटनाक्रम- दिनांक-13.04.2024 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बेरासपुर गंगा नदी से एक युवती कुमारी स्वाति सिंह पुत्री अजीत प्रताप सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र 18 वर्ष 04 माह का शव बरामद हुआ। घटना के संबंध में अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-93/2024 धारा-302, 201 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन कर शीघ्र अनावरण हेतु निर्देश दिये गये। घटना के अनावरण हेतु गठित थाना गोपीगंज, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व जांच में पाया गया कि मृतका का स्कूल टीचर ही हत्या का आरोपी है। मृतका का अपने स्कूल टीचर के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दिनांक-11.04.2024 को भोर में उससे मिलने के लिए घर से निकली थी। मुलाकात के उपरांत डरवश आरोपी स्कूल टीचर द्वारा गला दबाकर युवती की हत्या कर दिया गया एवं शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया था।

आज दिनांक-21.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आए हत्या कर शव छिपाने के आरोपी हर्षनारायण तिवारी पुत्र विंध्यवासिनी तिवारी निवासी गोपालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष को कौलापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में हत्या के आरोपी स्कूल टीचर द्वारा बताया गया कि मृतका का उसके साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिनांक 11.04.24 को भोर में मुझसे मिलने के लिए मेरे पास आई थी। मुलाकात के बाद अपने घर न जाकर मुझसे शादी के लिए कहीं भाग जाने की जिद कर रही थी। मैं डरवश गला दबाकर युवती की हत्या कर दिया तथा शव को वहीं पास में ही गंगा नदी में फेंक दिया था। अभियुक्त का नाम व पता- हर्षनारायण तिवारी पुत्र विंध्यवासिनी तिवारी निवासी गोपालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष।

हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप टेन में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू का रहा दबदबा

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिले के टॉप 10 की सूची में ग्रामीण क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू का दबदबा रहा। इसके अलावा जिले में बेटियों का, वहीं प्रदेश की सूची में भी जिले के मेधावी स्थान बनाने में कामयाब रहे। सबसे खास बात यह रही कि, हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर शहरी नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों से हैं। आपको बता दें कि, हाई स्कूल में ग्रामीण क्षेत्र का न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जहां जनपद में टॉप 4 की लिस्ट में जान्हवी मिश्रा, टॉप 5 दिव्यांक मिश्रा एवं टॉप 7 में दिव्या अवस्थी ने अपनी जगह बनाई। वहीं इंटरमीडिएट में जहां अनन्या श्रीवास्तव विद्यालय की टॉपर रहकर 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, वहीं नित्या ओम 93.40 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे तथा सामिया खान 93.20 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार चौथे स्थान पर नैतिक श्रीवास्तव 92.20 प्रतिशत अंक पाकर सफल रहे।

विद्यालय के 10वीं कक्षा के तीनों छात्रों द्वारा जनपद की मेरिट लिस्ट में स्थान तथा इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन पर विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। दसवीं की टॉप 4 की छात्रा जान्हवी मिश्रा बैंकिंग के क्षेत्र में जाकर अपना नाम रोशन करना चाहती हैं।

इसके अलावा टॉप 7 की छात्रा दिव्या अवस्थी डॉक्टर बनना चाहती हैं। टॉप फाइव छात्र दिव्यांक मिश्रा का फोन नेटवर्किंग न होने कारण बातचीत नहीं हो सकी। परीक्षा फल आते ही विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय पहुंचकर खुशी के पलों के उत्साह में डूब गए। उत्कृष्ठ परीक्षाफल हासिल करने के लिए सोशल मीडिया पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, पत्रकारों एवं अभिभावकों द्वारा विद्यालय परिवार कों ढेर सारी बधाईयां दी जा रही है।

हाई स्कूल की लिस्ट-

जान्हवी मिश्रा 96% अंक।, दिव्यांक मिश्रा 95.83% अंक।, दिव्या अवस्थी 95.33% अंक।, अर्पित सिंह 94.33% अंक।, नीरव सिंह 94.33% अंक।, स्वजल गुप्ता 94%अंक।

इंटरमीडिएट

अनन्या श्रीवास्तव 93.80% अंक।, नित्या ओम 93.40% अंक।, सामिया खान 93.20% अंक।, नैतिक श्रीवास्तव 92.20% अंक।, अवंतिका सिंह पटेल 92.20% अंक।, अनुभव चौरसिया 91.40% अंक।

फांसी के फंदे से लटका मिला एक दिन पहले से लापता युवती का शव

● तीन दिन पहले सगाई टूटने से क्षुब्ध थी युवती।

● युवक सेना में करता है नौकरी, शादी से किया इन्कार

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। खीरों थाना क्षेत्र के मथुरा खेड़ा गांव में 24 घंटे से लापता युवती का शव गांव से दो किलोमीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिटिया की सगाई टूट जाने से उसके आत्महत्या कर लेने का आरोप लगाया है। मथुरा खेड़ा गांव निवासी हरिश्चंद्र परदेश में रह कर नौकरी करते है। परिवार की रोजी-रोटी चलती है। उनकी पत्नी बीनू व तीन बेटियां चांदनी, कंचन और करिश्मा घर पर रहती हैं। उसकी बड़ी बेटी चांदनी (24) शनिवार की दोपहर एक बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोज बीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। युवती के न मिलने पर परिजनों ने खीरों थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। रविवार की सुबह घर करीब दो किलोमीटर दूर दुकनहा गांव के निकट उसका शव नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से झूलता मिला। परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं मृतका के चचेरे भाई अनिकेत ने बताया है कि मृतका चांदनी उर्फ रक्षा की शादी तीन वर्ष से बछरावां थाना क्षेत्र के पोराइहा गांव में अखिलेश से तय थी। अखिलेश सेना में है। तीन दिन पहले ही युवक ने शादी करने से मना कर दिया। जिससे उसकी बहन छुब्ध रहने लगी। रविवार की सुबह उसका शव फांसी के फंदे से झूलता मिला। खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

एक ही रात में ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत में लोग

● मेडिकल स्टोर में घुसे चोरों ने पी टॉनिक, खाया च्यवनप्राश।

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के चमनगंज मोहल्ले में शनिवार की रात को एक दुकान और दो घरों में ताबड़तोड़ चोरियों से मोहल्ले के लोग दहशत में है। चोरों ने एक मेडिकल स्टोर और दो घरों में नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात व सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। बीती रात अज्ञात चोरों ने चमनगंज मोहल्ले की रहने वाली अमिता मिश्रा की खिड़की तोड़कर उसके घर में दाखिल हुए। वारदात के समय अमिता व उनकी बेटियां दूसरे कमरे में सो रहे थे। तभी चोरों ने बगल के कमरे में रखी आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे ढाई लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात व सात हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। सुबह उठने पर उसे घटना की जानकारी हुई। वही मोहल्ले में ही सीएचसी में तैनात डॉ. एसके सिंह के आवास की पहली फ्लोर में बने बुटीक का दरवाजा खोलकर घुसे चोर वहां रखा महंगा मोबाइल पार कर दिया। बुटीक में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की करतूत कैद हो गई। उसी रात उन्हीं के बगल में ओम मेडिकल स्टोर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। शटर के एक तरफ का हिस्सा उठाकर चोर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नगद रेजगारी और दवाएं चोरी कर ले गए। मेडिकल स्टोर संचालक अमरेंद्र पाल ने बताया कि चोरों ने न केवल दवाएं और नगदी चुराई, बल्कि दुकान में रखा चमनप्राश खाया और शक्ति वर्धक दवाएं भी पी गए। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि घटनाओं का संज्ञान मिला है। पड़ताल की जा रही है जल्द ही चोरों की धड़ पकड़ की जाएगी।

वीआईपी भ्रमण को लेकर चाक-चौबन्द रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। एडीजी,आईजी व डीएम-एसएसपी अलीगढ़ द्वारा वीवीआइपी/वीआइपी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु नुमाइश ग्राउण्ड, बन्नादेवी पर पुलिस अधिकारियों के साथ रूपरेखा तैयार की गई। राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग, डी-ब्रीफिंग, रिहर्सल कर वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को दिया गया अंतिम स्वरूप- चुस्त-दुरुस्त एवं चाक-चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद रहेगी। एडीजी, आईजी, डीएम व एसएसपी द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। जनपद में प्रस्तावित वीवीआईपी/वीआईपी भ्रमण/कार्यक्रम के दृष्टिगत एडीजी आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ शलभ माथुर, जिलाधिकारी अलीगढ़ विशाख जी. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा नुमाइश ग्राउण्ड कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ रूप से संचालित करने हेतु अलीगढ़ व अन्य जनपदों से आए हुए पुलिस एवं प्रशासनिक राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों की ब्रीफिंग, डी-ब्रीफिंग व रिहर्सल कर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त एवं चाक-चौबन्द रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । वीवीआईपी/वीआईपी महानुभावों के आगमन-प्रस्थान के समय शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु यातायात पुलिस/ सिविल पुलिस कर्मचारियों को सतर्कता से डियूटी करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक यातायात को कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित रूप से रखने हेतु निर्देशित किया गया। स्कॉर्ट/पायलट हेतु परिवहन शाखा को समय से वाहन उपलब्ध कराने एवं फ्लीट व्यवस्थापन हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये। ड्यूटी में लगे समस्त अधि0/कर्मचारी अपने-अपने डियूटी प्वाइण्ट पर निर्धारित समय पर पहुँचेंगे एवं सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करेंगे । वीवीआईपी ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारीगण आई-कार्ड अवश्य धारण करें सभी की फोटोग्राफी होगी । अभिसूचना इकाई द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है, निगरानी हेतु सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है । कार्यक्रम स्थल, मंच एवं हैलीपेड के आस-पास ड्रॉन कैमरों से संदिग्धों की निगरानी रखने एवं शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये । इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, जनपद अलीगढ़ व अन्य जनपद से ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक राजपत्रित/अराजपत्रित अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

फ्लैग मार्च निकाल मतदान के प्रति किया जागरूक

अलीगढ़,। जनपदीय पुलिस द्वारा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल/पीएसी पुलिस के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने हेतु अपील की।एसएसपी के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना प्रभारी अकराबाद, थाना प्रभारी बरला व थाना प्रभारी जवॉ द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन कर आमजन मानस में सुरक्षा की भावना जागृत की गयी एवं नागरिकों से अपील की गयी कि निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मीडिया एकादश एवं प्रशासन एकादश के मध्य खेला गया क्रिकेट मैच

● क्रिकेट मैच के माध्यम से आगामी 20 मई 2024 को जन सामान्य से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अमेठी मीडिया एकादश एवं अमेठी प्रशासन एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एकादश की टीम ने 36 रनों से मैच जीता, पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एकादश की टीम ने 20 ओवरों में 172 रन बनाए जिसके सापेक्ष प्रशासन एकादश की टीम 20 ओवर में 136 रन ही बना पाई। क्रिकेट मैच में मीडिया एकादश की टीम में पवन यादव, चिंतामणि मिश्र, डॉ नृपेन्द्र त्रिपाठी, अजुग पांडे, दिलीप यादव, विजय मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, इमरान, राहुल, लोकेश त्रिपाठी, जितेन्द्र कौशल तथा प्रशासन एकादश की टीम में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश मिश्रा, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई अभिषेक पटेल, तहसीलदार गौरीगंज अभय राज, तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह, तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव शामिल रहे। मैच में दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के उपरांत विनर तथा रनर दोनों टीमों को जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि क्रिकेट मैच में दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा, सभी खिलाड़ियों ने बहुत उत्साह के साथ मैच खेला। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी तथा कहा कि इस क्रिकेट मैच का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 20 मई को जन सामान्य अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेल में टीम की जीत से बड़ी जीत खेल भावना की है यह भावना एक दूसरे को जोड़ती है तथा यह संदेश देती है कि आओ हम सब साथ खेले, साथ चलें, 20 मई 2024 को साथ मतदान करें, जब हम सब मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर करने के लिए एसबीआई बैंक तथा मीडिया व प्रशासन की टीमों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, डिप्टी कलेक्टर अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा मीडिया बन्धुओं में शीतला प्रसाद मिश्र, डॉ आशीष त्रिपाठी, योगेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, मोहम्मद तौफीक, अंजनी मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

राहुल गांधी के 15 साल पर स्मृति इरानी के 5 साल भारी

● गांधी परिवार ने किया अमेठी का शोषण स्मृति इरानी ने किया अमेठी का विकास - जिला उपाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। देश की सबसे वीआईपी सीट मानी जाने वाली अमेठी लोकसभा सीट पर इन दिनों भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति इरानी का चुनाव प्रचार जोरों पर है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता डोर टू डोर लगातार संपर्क कर रहे हैं तथा अमेठी में ही स्मृति इरानी भी बनी हुई है तथा कार्यकर्ताओं के एवं बैठक करते हुए चुनावी रणनीति बना रही हैं। वहीं अभी तक मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अमेठी में अपने प्रत्याशी की घोषणा तक नहीं कि कहीं ना कहीं राजनीतिक जानकार इसे कांग्रेस के हार का डर मान रहे हैं। तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है की स्मृति इरानी के विकास से गांधी परिवार डरा हुआ है और अमेठी में प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला सहित जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह व अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता इन दिनों डोर टू डोर संपर्क करते हुए चाय पर भी जनमानस से चर्चा कर रहे हैं, और 20 मई को कमल का बटन दबाने भाजपा के लिए मतदान करने की अपील कर रहे हैं, चाय पर चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के 15 साल पर स्मृति इरानी का 5 साल भारी है, उन्होंने कहा राहुल गांधी ने 15 साल में अमेठी में कोई विकास का कार्य नहीं किया जबकि स्मृति इरानी ने 5 साल में ही शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, आवास, सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि 5 साल में ही अमेठी से स्मृति इरानी को इतना लगाव हो गया कि अमेठी में उन्होंने अपना आवास बना लिया और अमेठी की स्थाई मतदाता बन गई। लेकिन गांधी परिवार को कभी अमेठी में आवास बनाने की चिंता नहीं हुई क्योंकि अमेठी वासियों को राहुल गांधी अपने परिवार का हिस्सा नहीं मानते जबकि अमेठी ने दो-दो प्रधानमंत्री दिए 50 वर्ष तक अमेठी में कांग्रेस का अधिपत्य रहा बदले में कांग्रेस में अमेठी को पिछड़ा पन दिया, जबकि अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी की जनता को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए अपने परिवार के बीच में रहने के लिए घर बना लिया, सीधे जनता से संपर्क में बनी हुई है जहां अमेठी का सर्वांगीण विकास कर रही हैं वहीं हमेशा सबके सुख-दुख में भागीदार रहती हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से अमेठी की जनता का लगातार अपमान कर रहे हैं और इस अपमान का बदला अमेठी की जनता कमल का बटन दबाकर देगी। फिलहाल देश के सबसे वीआईपी सीट पर पूरे देश सहित दुनिया की नज़रें टिकी हुई है जहां कांग्रेस अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी वहीं भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का चुनाव प्रचार जोरों पर है।

नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली नागरिक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। सोनौली कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर चौकी पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 710 एम्पुल नशीले इंजेक्शन के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभियुक्त नशीली दवाओं को नेपाल भेजने के फिराक में था। संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार नेपाली नागरिक के कब्जे से नशीली दवा बरामद किया है। टीम ने बाइक सवार आरोपी को दवाओं के साथ गिरफ्तार कर थाने लाई तत्पश्चात एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक भगवानपुर चौकी पुलिस व एसएसबी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक नेपाली नागरिक अपनी नेपाली नंबर बाइक लू. 4 प 2353 से नशीली दवा लेकर नेपाल जाने के फिराक में है। टीम ने मुखबिर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के स्थानीय भगवानपुर में घेराबंदी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। टीम के जांच-पड़ताल में अभियुक्त के कब्जे से बोरोफेन इंजेक्शन टालजेसिक 310 एम्पुल व डायजापाम इंजेक्शन सेरेजैक 400 एम्पुल नशीली दवा बरामद किया गया। टीम ने दवा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान अमर धोबी पुत्र अयोध्या धोबी (36) निवासी शंकरपुर सिक्टहन वार्ड नं 7 थाना खैरहनी जिला रूपनदेही राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी अरूण कुमार, हेड कांस्टेबल प्रद्युम्न सिंह, कांस्टेबल ऋषिमुनि राय तथा एसएसबी टीम में एएसआई राजपतिदास, हेड कांस्टेबल रंजीत यादव, रविन्द्र चंद्र, कांस्टेबल सोमराय केरकेट्टा आदि शामिल रहे।

चौकी प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट को तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया है।

के0 सी0 आर0 सी0 इंटर कॉलेज की छात्रा पारूल शर्मा रही विद्यालय की टापर्स

● इंटरमीडिएट की छात्रा पारुल शर्मा ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय परिवार एवं अभिभावक का नाम किया रोशन

स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार अमेठी। कृष्णचंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज रहमतगढ़ इंटरमीडिएट की छात्रा पारुल शर्मा ने विद्यालय टॉप किया जिसको लेकर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्षोल्लास का माहौल दिखा, पारुल शर्मा पुत्री अरुण शर्मा निवासी पूरे नेवाजी की है जोकी मध्यम वर्गीय किसान की पुत्री है, जिन्होंने

शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले के0 सी0 आर0 सी0 इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग की छात्रा है जो कि 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय व गुरुजनों का नाम रोशन किया,जिसमें शिक्षक पंकज विश्वकर्मा का शैक्षिक प्रबंधन और अनुशासन के कारण और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने परिश्रम से बच्चों का परिणाम अच्छा आया,और यह सफलता प्राप्त हुई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को उनके परिणाम के लिए पुरस्कृत करने की बात कही। वही इस परीक्षा परिणाम के सफलता के पीछे अभिभावक एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। जिसमें उनके घरों में माता पिता और विद्यालय के गुरुजनों में खुशी की लहर रही,और विद्यालय के प्रबंधक ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्रों को उनकी सफलता पथ पर प्रगति करते रहे। छात्रा द्वारा इस सफलता का विशेष महत्व देते हुए कहा कि पंकज विश्वकर्मा जो कि गणित एवं विज्ञान के अध्यापक हैं उनका इस सफलता पर विशेष योगदान रहा है।

मरौली खण्ड में पांच दिख रही अवैध खनन की 'शक्ति'

- - नदी की जलधारा में तांडव मचा रही भारी भरकम मशीने
- - निर्धारित पट्टा क्षेत्र के बाहर के हो रहा अवैध खनन
- - रोजाना सैकड़ों ओवरलोड वाहन भरते हैं फर्राटा

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। मटौंध थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित मरौली बालू खदान खंड संख्या 05 में नदी की जलधारा में भारी भरकम दैत्याकार पोकलैंड मशीनें तांडव मचा रही है। यह सिलसिला कई महीनों से अनवरत जारी है। बालू माफिया नदी का सीना छलनी करने पर आमादा है। नदी की जलधारा के बीच हैवी पोकलैंड मशीनें द्वारा बालू निकाली जा रही है।

सूत्रों की मानें तो खनिज अधिकारी के संरक्षण में वैद्य पट्टे की आड़ में अवैध खनन व परिवहन का खेल जोरो पर है।

बताते चलें कि जनपद की मरौली बालू खदान खंड संख्या 05 पर अवैध खनन व ओवर लोडिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। खनिज अधिकारी की सरपरस्ती में बालू माफिया एन.जी. टी. के नियमो की धज्जियां उडा रहा है।खनिज अधिकारी और बालू खनन कारोबारी के गंठजोड़ से बालू माफिया के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि बेखौफ होकर खदान संचालक संजीव गुप्ता धडल्ले से अवैध खनन कर रहा है । दिन हो या रात अवैध खनन कर माफिया संजीव गुप्ता एन जी टी के नियमों को तार-तार कर रहा है।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के शख्त निर्देशो बावजूद जनपद में जारी है अवैध खनन का खेल जोरो पर है। अधिकारियों की चुनाव में व्यवस्तता का फायदा खनन माफिया खुलेआम उठा रहे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की जनपद में खनन माफिया धज्जियां उडाते नजर आ रहे हैं। जहां दिनदहाड़े नदी कें सीने में प्रतिबंधित हैवी पोकलैंड मशीने गरज रहीं हैं।रात में अंधेरा होने के बाद बालू माफिया द्वारा नदी की जलधारा में अवैध खनन किया जा रहा है। खनिज अधिकारी मिलीभगत कर पट्टा क्षेत्र के बाहर खनन माफिया बालू की खुदाई कर रहा है। और निर्धारित सीमा रेखा से बाहर अवैध खनन कर सरकार के राजस्व को क्षति पहुंचाकर अपनी तिजोरियां भरने में कामयाब होता दिखाई पड़ रहा है। जिला प्रशासन के

लचीलेपन का माफिया फुल फायदा उठा कर अपने काले कारोबार को दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर अपने गुर्गों का साम्राज्य स्थापित करने में सफल साबित हो रहा है । सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बालू माफिया को किसका संरक्षण प्राप्त है जो इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन करने वाले माफिया पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर कार्यवाही भी हुई तो नए अंदाज में हुई है ? पहले बड़े पैमाने पर अवैध खनन व परिवहन करके करोड़ों रुपए इकट्ठा कर लिया गया फिर रस्म अदायगी वाले जांच अधिकारियों से जांच करवा कर छोटा सा जुर्माना कर अधिकारियों द्वारा क्लीन चिट दे दी गई । आखिर अवैध खनन माफिया के काले कारोबार का पिटारा कब खुलेगा? अवैध खनन माफिया के गुर्गों की टोली जल्दी बेनकाब होगी। आखिर जिले के जिम्मेदार कब संज्ञान में लेकर कार्यवाही करेंगे । या फिर इसी तरह बालू माफियाओं के सामने कठपुतली बनकर नाचते रहेंगे? ऐसे ही अवैध खनन का बादशाह बालू माफियाओं की जमात में से विपुल त्यागी भी संबंध रखते थे जिसकी सरकार ने जांच कराई जांच में दोषी पाए जाने के बाद सरकार ने अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त किया और बालू माफिया आज जेल की सलाखों के पीछे हैं अगर ऐसे ही निष्पक्ष जांच खनन कारोबारी संजीव गुप्ता की हो तो शायद उससे कई गुना ज्यादा अवैध संपत्ति का खुलासा हो सकता है। मामला यूपी के बाँदा जनपद के मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मरौली बालू खदान खंड-संख्या 5 से प्रकाश में आया है जो इस समय सुर्खियां बटोर रहा है।

चार पहिया वाहन नहर में गिरी, चालक की दबाकर हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

दुर्घटना/हादसा

बबेरू/बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के अकौना गांव का रहने वाला रामनरेश उम्र करीब 35 वर्ष यह चार पहिया वाहन की खराबी के कारण अपने साले चुनकू 40 वर्ष, व पुत्र अनिल कुमार 16 वर्ष के साथ चार पहिया वाहन बनवाने के लिए बबेरू गैरेज पर जा रहा था। तभी बांदा रोड नहर पटरी में बीती रात्रि चार पहिया वाहन पूरी तरह से खराब हो गई जिसमें चुनकू व अनिल कुमार चार पहिया वाहन को धक्का लगने लगे, जिससे अचानक चार पहिया वाहन बेकाबू होकर नहर में गिर गई। जैसे ही रात्रि में आसपास के लोगों ने देखा वही से निकल रहे जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल ने देखा तो बबेरू कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। पुलिस के द्वारा क्रेन मशीन को बुलवाकर चार पहिया वाहन में दबे चालक रामनरेश को बाहर निकालकर बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहरा मच गया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात्रि में ही पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज भेज दिया है।

हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने आईएएस फरहीन का किया स्वागत

बांदा। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेश बांदा ग्रुप की ओर से फरहीन ज़ाहिद को आईएएस की परीक्षा उत्तीण कर बांदा जनपद का नाम रौशन करने के लिए संस्था की पूरी टीम की ओर से फरहीन व उनके वालिद हाजी ज़ाहिद साहब, भाई उमर अली जो कि वर्तमान में ग्रुप के सचिव है एवम् उनके पूरे परिवार का मुंह मीठा कर माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार ग्रुप की ओर से किया गया। इस अवसर पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था की ओर से ग्रुप के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब, संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान,उपाध्यक्ष जावेद खान,मोहम्मद फरहान,उपसचिव गफ्फार खान,आसिफ मसूदी कोषाध्यक्ष अनस उल्लाह खान, कानूनी सलाहकार समीर कुरैशी एड0 आदि शामिल रहे। हसन उद्दीन सिद्दीकी ने सफलता का परचम लहराने वाली फरहीन के सर पर हाथ रख कर दुआओं से नवाज़ा और बांदा की बेटियो के लिए संदेश देते हुए कहा की माता पिता बेटियो को अच्छी तरह पढ़ाए और उन्हें आगे बड़ने के लिए प्रोत्साहित करें फरहीन की सफलता बांदा की बेटियों के लिए एक मिसाल है। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान ने बताया की संस्था बेटियो की शिक्षा के प्रति जागरूकता बड़ाने में जो भी योगदान दे सकती है वो देने का काम करेगी।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में जैन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। सुबह मंदिर जी मे भगवान महावीर स्वामी का विधि विधान से महमस्तिका भिषेक हुआ ,जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर के बताए पंचशील सिद्धांत, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) ,ब्रह्मचर्य से अपनी आत्मा में आत्मसात करने का संकल्प लिया। ओर समस्त जगत को सत्य-अहिंसा, जिओ और जीने दो, तप-त्याग, करुणा/दया-क्षमा, अस्तेय-अपरिग्रह, स्याद् वाद-अनेकांतवाद जैसे विचार- दर्शन की रोशनी देकरमानवता का कल्याण करने वाले देवाधिदेव 24 वें तीर्थंकर भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी जी के 2623 वे जन्मकल्याणक पर उनके आदर्शो और बताए मार्ग पर चलने का निस्चय किया। इसके उपरांत भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी को चांदी के विमान में बिराजमान कराकर शोभायात्रा निकाली , शोभायात्रा का जगह

जगह स्वागत हुआ एवं भगवांन महावीर स्वामी की आरती हुई।शोभायात्रा में महिलाएं,पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे , तू स्वयं भगवान है, महावीर का क्या संदेश -जिओ ओर जीने दो,अहिंसा परमोधर्मः, आदि के नारों से जयकारे लग रहे थे।शोभायात्रा जैन मंदिर छोटी बाजार से ,झंडा चौराहा ,बलखंडी नाका, कटरा फिर बलखंडिनाका से महेसरी देवी, चोक बाजार कोतवाली होती हुई बापस छोटी बाजार जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में मनोज जैन, सौरभ जैन,संदीप जैन, सनत जैन,प्रकाश जैन,योगेश जसिं, संजय जैन,दिलीप जैन,बिपिन जैन,संजू जैन,अमन जैन, मुकेश जैन,राजेश जैन,आशीष जैन,सुब्बा जैन,प्रमोद जैन, सुधीर जैन,जानी जैन,अभिषेक जैन,महिलाएं ,बच्चे आदि रहे।

जेपी शर्मा इंटर कालेज के हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं का रहा दबदबा

स्वतंत्र प्रभात

बबेरू/बांदा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षाओं का परीक्षा फल शनिवार को घोषित किया गया था। जिसमें जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू के इंटरमीडिएट के पांच छात्र छात्राओं के नाम टॉप 10 की सूची में रहे हैं जिसमें योगिता त्रिपाठी ने 95. 20 अंक अर्जित किया पीयूष सिंह पटेल 94.20 अंक प्राप्त किया शिवम सिंह 94: अंक प्राप्त किया नितिन प्रजापति 93. 80: अंक प्राप्त किया वही साक्षी गुप्ता ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है इसी तरह हाई स्कूल में दिव्यांशी पटेल 94. 6 7 अंक प्राप्त किया चंद्रमौली कुमार शुक्ला 93.67 अंक प्राप्त किया वही अंशिका राजपूत 93.16अंक प्राप्त किया। जिसमें आज जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के द्वारा

सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बुलाकर बधाई दिया है और सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना किया है सभी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया वहीं प्रधानाचार्य डॉक्टर श्याम मनोहर राव के द्वारा बताया गया कि यह जो परीक्षा फल हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का निकाला है ,इंटर कालेज के शिक्षक शिक्षिकाएं मेहनत से बच्चों को शिक्षा दे रहे है।उनकी मेहनत का फल है, जो आज हमारे बच्चे हाई स्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में टॉप टेन की सूची पर अपना नाम दर्ज करवाया है। जिसमें छात्र-छात्राओं के माता-पिता के साथ-साथ अपने जेपी शर्मा इंटर कॉलेज का भी नाम रोशन किया है। इस मौके पर अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर छात्र की हुई दर्दनाक मौत

- - हाईस्कूल में फेल होने पर उठाया कदम

स्वतंत्र प्रभात

दुर्घटना/हादसा

जसपुरा/बाँदा। थाना जसपुरा कस्बा जसपुरा का छात्र रेल से कटकर मृत्यु हुई। कस्बा जसपुरा का निवासी शिवा जी पुत्र नरेंद्र सिंह मधुसूदनदास आदर्श इंटरकालेज जसपुरा में कक्षा 10 वी में संस्थागत पढ़ता था कक्षा 10 वी की यूपी बोर्ड की परीक्षा दी थी कल रिजल्ट ओपेन होने पर हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा में शिवा जी फेल हो गया जिस से दुखी होने पर कल शाम को जसपुरा निकल गया था। मृतका शिवा के पिता नरेंद्र ने बताया कि शिवा जी कक्षा 10 वी में रेगुलर श्री मधुसूदनदास आदर्श इंटरकालेज जसपुरा में पड़ता था। कल हाई स्कूल यूपी बोर्ड का रिजल्ट निकलने पर हाईस्कूल में फेल हो गया। जिस से की दुखी होकर बिना बताए घर से चला गया इसके बाद खोज बीन करने पर पता नही चला इसके बाद सुबह जी आर पी पुलिस की सूचना मिलने पर पता चला कि रेल से दुर्घटना हो कर मृत्यु हो चुकी है मृतका शिवा जी दो भाई दो बहनें है मृतका बड़ी बहन से दूसरे नंबर का है। राधिका, शिवा(मृतका), महिमा,रामजी, जिसका पोस्मार्टम जिला हमीरपुर में हुआ है।

शिविरार्थी छात्राओं ने टेन्ट निर्माण एवं बिना बर्तन के भोजन निर्माण किया

- - रेंजर प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर का तीसरा दिन

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा के रेंजर्स विभाग द्वारा संचालित पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर के तीसरे दिन ध्वज शिष्टाचार के उपरान्त रेंजर्स शिविरार्थी छात्राओं ने टेन्ट निर्माण एवं बिना बर्तन के भोजन निर्माण किया। इस अवसर पर शिविरार्थी रेंजर्स के मध्य पाककला, हस्तकला एवं सलाद डेकोरेशन की कला सम्बन्धी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पाक कला में गुड़हल टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हस्तकला में आरती कुशवाहा ने प्रथम, रूचिका ठाकुर ने द्वितीय एवं मधु तृतीय स्थान पर रहींसलाद डेकोरेशन में शिप्रा धुरिया ने प्रथम, अनुराधा ने द्वितीय, कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का निर्णय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डा. सबीहा रहमानी ने किया। रेंजर्स गाइड प्रशिक्षिका श्रीमती स्मिता द्विवेदी एवं श्रीमती आराधना गौतम ने शिवरार्थी रेंजर्स के टेन्ट निर्माण एवं भोजन निर्माण का निरीक्षण एवं निर्देशन किया। रेंजर्स प्रभारी डा. सपना सिंह एवं सहप्रभारी डा. जयंती सिंह ने शिविरार्थी छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि यह कैम्प आप लोगों को विपरीत एवं अभाव की परिस्थितियों में भी संयमित एवं अनुशासित रहते हुए जीवन को सहज ढंग से जीने की कला में निपुण बनाता है।

अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई मिनी बस, डीएम ने दिए तत्काल राहत के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तहसील क्षेत्र बांगरमऊ तथा लगभग 05 बजे तहसील क्षेत्र हसनगंज के औरास में हुई वाहन दुर्घटनाओं का जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लिया गया तथा अधीनस्थों को तत्काल राहत एवं बचाव का कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा है कि प्रभावितों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी घायलों को समुचित इलाज की सुविधा प्रदान की जाए।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र बांगरमऊ में कि0मी0 संख्या 251 पर एक मिनी बस संख्या एचआर55ए7287 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई। यह मिनी बस गुड़गांव से जौनपुर शादी में शामिल होने के लिए जा रही थी। ड्राइवर को नींद आने के कारण मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस बस में सवार 24 लोग घायल हो गए थे, जिनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांगरमऊ भेजा गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल, उन्नाव रेफर कर दिया गया है। घायलों में से एक व्यक्ति सीरियस

था, जिसकी मृत्यु हो गयी है। घायलों को सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज की उपस्थिति में भर्ती कराया गया है, जहां उनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

मृतक व्यक्ति का नाम रविन्द्र पुत्र महिपाल है, ये बागपत के रहने वाले व पेशे से कैमरामैन थे। इनके पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही प्रचलन में है। तहसील क्षेत्र हसनगंज के औरास में प्रातः लगभग 05 बजे कि0मी0 संख्या 283.500 पर एक टैम्पो टैऊवलर गाड़ी संख्या एचआर38जेड6025 डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुयी, जिसमें एक ही परिवार के 12 लोग सवार थे। जो नई दिल्ली से अपने मूल निवास जिला सिवान, बिहार जा रहे थे। इनमें से एक महिला मोजाहेदुन खातून पत्नी समशाद खान, उम्र 65 वर्ष मूल निवासी सुरबीर थाना महाराजगंज जिला सिवान, बिहार को अस्पताल पहुचाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के शव को उसके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया और शेष लोगों को हल्की चोटें आयीं, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, औरास से करा दिया गया है, जो महिला के शव को लेकर साथ में चले गए हैं। किसी भी प्रकार की शान्ति व्यवस्था संबंधित कोई भी अप्रिय घटना मौके पर उत्पन्न नहीं हुयी।

संक्षिप्त ख़बरें

बच्चो और अधिकारियों ने मिलाकर निकलाई मतदाता जागरूकता रैली

- पहले करना मतदान फिर बाद में करना तुम जलापन

बांदा। जिले में लोक सभा निर्वाचन को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को देखते हुए जिले के मुखिया का सख्त निर्देश है की अधिक अधिक लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाए। जिसको लेकर शनिवार को विकास खंड महुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूर्व माध्यमिक विद्यालय हुसैन पुर कला के अध्यापकों और छात्र छात्राओं। के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई है सभी ग्रामीणों से बच्चों ने हाथ जोड़कर अनुरोध किया की प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार अपना बहुमूल्य मतदान करने का मौका मिलता है जिसमे आप लोग इस मौके को आप न खोए इसलिए पहले करे आप मतदान और फिर इसके बाद करें जलपान। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी महुआ राजेश कुमार तिवारी,ग्राम प्रधान पूनम देवी,ग्राम सचिव धर्मेंद्र सिंह और विद्यालयों के अध्यापक मौजूद रहे।

संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

बांदा। अजीतपारा गांव में संगीतमयी श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य पंडित परशुराम शुक्ल जी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का रसास्वादन कराते हुए श्रद्धालु भक्तो को परमात्मा की भक्ति पर जोर दिया ।अजीतपारा गांव में 17 अप्रैल से चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के पाचवे दिवस कथा व्यास आचार्य पंडित परशुराम शुक्ल जी के अमृतमईवाणी के द्वारा श्री कृष्ण की पावन बाल लीलाओं का दिग्दर्शन कराते हुए विभिन्न कथा प्रसंगो के माध्यम से श्रद्धालु श्रोता भक्तों को परमात्मा की भक्ति पर जोर दिया उन्होंने बताया कि परमात्मा बड़े दयालु हैं इसी के साथ ही कथा के मध्य विभिन्न भक्ति भजनो से श्रोता भक्त तालियों के साथ भक्ति के रसधारा में झूमने को बिबस हो रहे हैं कथा आयोजक परीक्षित यजमान रामेश्वर द्विवेदी, मुन्नी देवी द्वारा आरती पूजन के साथ ही सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है कार्यक्रम सहयोगी विष्णुशंकर द्विवेदी, त्रिवेणी शंकर द्विवेदी उमाशंकर द्विवेदी शिवशंकर द्विवेदी, एवं रज्जन तिवारी सहित समस्त द्विवेदी परिवार का विशेष योगदान के साथ हीं श्रद्धालु श्रोता भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्रामीणों को बांटे कपड़े और किताबें

बांदा। रविवार को शेख़ सादी जमा साहब के संरक्षण में, रिज़वान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में श्रीमती वैदेही प्रधानाध्यापिका प्रा0वि0 ग्राम दुरेड़ी के विशेष सहयोग से ग्राम प्रधान दुरेड़ी देवीदयाल सिंह की उपस्थिति में ग्राम दुरेड़ी के ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें आदि का वितरण किया गया।साथ ही श्रीमती तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्राम दुरेड़ी के ग्रामीणों को अधिक मतदान के बारे में तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी।ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया।उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग किया।मोहम्मद अज़हर महामंत्री, इरफ़ान खान कोषाध्यक्ष, रिया खान महिला महामंत्री,अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखण्डी नाका,इरफ़ान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार ,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका,शाहान अली,अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, उमंग सिंह, प्रमोद कुमार प्रधानाध्यापक प्रा0वि0दुरेड़ी 1,रविन्द्र कुमार स0अ0प्रा0वि0 दुरेड़ी 2 आदि मौजूद रहे।

लाखों रुपए लागत से बना आरओ बना शो पीस

पुरवा (उन्नाव)। पांच साल पहले, सात लाख की लागत से तहसील मुख्यालय में आर ओ आधारित मिनी पेयजल योजना के तहत लगे प्लांट से लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वर्ष 2019 में मिनी पेयजल योजना के तहत तहसील मुख्यालय पर जल निगम ने 7.24 लाख से आरओ प्लांट लगवाया था। हालांकि, आरओ प्लांट एक दिन भी नहीं चल सका। अधिवक्ताओं में अजय मिश्रा, श्याम लाल सोनी, अरुण मिश्रा, रेवा शंकर रावत, शैलेंद्र तिवारी, अंकित, सलमान, लोमस पांडेय व श्रीराम यादव ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर आने वाले फरियादियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सितंबर 2023 को नगर पंचायत प्रशासन द्वारा बुलाए गए इंजीनियर ने प्लांट की जांच की थी, जिसमें फिल्टर चोक मिले थे। साथ ही मोटर जाम पाई गई थी। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि आरओ प्लांट को सही कराने के लिए जल निगम को पत्र भेजा है। साथ ही तहसील में पानी पीने के लिए दो घड़े रखवाए जाएंगे। सवाल ये उठता है कि आखिर जनता के पैसों से जनता के लिए लगाए गए आर ओ चलते क्यों नही और यदि उनमें कुछ खराबी आती है तो सालो तक उनकी मरम्मत क्यों नही होती ये एक बड़ा सवाल है।

अज्ञात कारणों से लगी खेतों में आग से फसल जलकर राख

अचलगंज (उन्नाव)। थाना क्षेत्र अचलगंज के गौरी त्रिभानपुर में खेतों में भीषण आग लगने से किसानों के कटी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन समय से फायर ब्रिगेड न पहुँचने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त रहा।बताते चलें कि शनिवार दोपहर तीन बजे के लगभग अचलगंज थाना क्षेत्र के गौरी त्रिभानपुर में गेहू के खेतों में आग लग गई। लपटें देख ग्रामीणों को आग लगने की जानकरी हुई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही आसपास के इंजनों को चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। दोपहर में हवा और सूखी फसल के कारण लगभग बीस बीघा से अधिक खेत चपेट में आ गए। कई किसानों ने कंपाइंड से गेहू तो कटवा लिए थे लेकिन भूंसा अभी तक नही बन सका था।आग लगने से किसानों के जानवरों का चारा जल गया। जबकि कई किसानों की कटी फसल खेत में पड़ी थी जो जलकर राख हो गयी। ग्राम प्रधान विनोद यादव ने बताया कि फायर ब्रिगेड को फोन करने के एक घण्टे बाद भी नही पहुची। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश रहा। विनोद यादव ने बताया कि लेखपाल और संबंधित अधिकारियों को आग के संबंध में सूचना दे दी गयी। अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आर्थिक नुकसान का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बच्चों को दी बधाई

उन्नाव। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किए हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणामों की घोषणा के उपरान्त विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इसी क्रम में शहर क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित मैचलेस विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हाईस्कूल परीक्षा में प्रियान्शु साहू ने 92.3 प्रतिशत, प्रभात द्विवेदी ने 90.5 प्रतिशत, अंजली यादव ने 90.3 प्रतिशत, अभिसारिका यादव ने 89.9 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में अनुष्का यादव ने 88.2 प्रतिशत, श्रेयांश शुक्ल ने 86.6 प्रतिशत, तनु यादव ने 85.6 प्रतिशत, लकी यादव ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय तथा जनपद का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

धूमधाम से सम्पन्न हुआ रामोत्सव

उन्नाव। कचहरी कंपाउंड में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के संयोजन में धूमधाम से रामोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरती सुंदरकांड व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के त्याग व समर्पण पर प्रकाश डाला। साथ ही बार एसोसिएशन के महामंत्री नरेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा अपने संबोधन में कहा कि प्रभु राम सामाजिक व पारिवारिक रूपरेखा के प्रतिबिंब है। धन्यवाद संबोधन में जिला संयोजक अवनीश चंद्र वर्मा एडवोकेट ने कहा कि सनातन धर्म का प्रादुर्भाव ही भगवान श्री राम है। राम उत्सव कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, प्रदीप शुक्ला एडवोकेट, विष्णु राम पांडे एडवोकेट, बी0एम0 वाजपेई एडवोकेट, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, संदीप यादव एडवोकेट, कार्तिकेय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

संदिग्ध हालात में महिला की मौत, शव छोड़कर भाग गए ससुराल वाले

पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव लहा निवासी जगदीश ने बताया कि उन्होंने बेटी सोनी की शादी छह वर्ष पूर्व देवकली के ओमेंद्र के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही ओमेंद्र, उसका का बड़ा भाई अवनीश, मां कलावती, बहन आरती, बहनोई इंद्रपाल, मामा मुन्नालाल और मुन्नालाल का बेटा नीलेश दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर सोनी को प्रताड़ित करने लगे। शनिवार सुबह जगदीश को कुछ लोगों से बेटी की मौत की सूचना मिली। वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो सोनी का शव कमरे में मिला। ससुराल के सभी लोग घर से गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने गांव के लोगों से घटना की जानकारी ली। सोनी की तीन वर्षीय पुत्री है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शादी में दावत खा रहे लोगों पर गिरी दीवार, दो युवकों की मौत, 10 घायल

पीलीभीत के बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात दर्दनाक हादसा हुआ। गांव भसुंडा निवासी दिनेश शर्मा के घर की कच्ची दीवार ढहने से 12 लोग मलबे में दब गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव भुसुंडा निवासी छेदालाल जाटव के घर शनिवार की रात बरात आई थी। बरातियों और घरवालों के खाने के लिए पड़ोस में रहने वाले दिनेश शर्मा के घर के पास टेंट लगाया गया था। रात करीब 11 बजे दिनेश शर्मा के घर की कच्ची जर्जर दीवार अचानक ढह गई। खाना खा रहे 12 लोग दीवार के मलबे में दब गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मलबे में दबे लोगों को आननफानन बाहर निकाला गया और बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में गांव के ही 25 वर्षीय महावीर और रिश्तेदारी में आए बरेली के थाना भुता के गांव लहिया कोटा निवासी चंद्रवीर (35) की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का उपचार हो रहा है। इधर, हादसे के बाद शादी वाले घर में मातम पसरा गया है।

खेल प्रेमियों को मिला खेलनें के लिये मैदान मन्दिर के सरवराकार ने दी बड़ी सौगात

बिजुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत पड़रिया तुला खीरी श्री ठाकुर मन्दिर के सरवराकार पुनीत सक्सेना ने खेल प्रेमियों को दिया खेल मैदान का तोहफा कई वर्षों से खेल मैदान की कर रहे थे मांग खेल मैदान मिलने से खिल उठे चेहरे आये दिन दिक्कत होती थी खेलने के लिये पड़रिया तुला बाजार मंडी के समीप मिला है खेल मैदान। बहुत समय से चल रही थी खेल मैदान की मांग मौके पर श्री ठाकुर मन्दिर के सरवराकार पुनीत सक्सेना को सभी युवाओं ने किया धन्यवाद , मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान पप्पू राज, पूर्व प्रधान ठाकुर विजय सिंह, एडवोकेट नीरज सिंह,दीपक राज,अमित वर्मा, अमन बाथम,जय सूर्या, श्यामू राज आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

गोवर्धन में राजीव चौराहा खडी बस में लगी आग

-बड़ा हादसा टला, आग पर समय रहते पाया काबू

मथुरा। गोवर्धन में आग में जहां एक तरफ गोवर्धन नगरपंचायत का कूड़ा डाला जाता है वहां पर टूर एन्ड ट्रेवल्स की बस खड़ी होती हैं। वहीं पर नगर पंचायत द्वारा राजीव चौराहा पर सोरन इण्डेन गैस के पास कूड़े का खाली पड़े प्लॉट में ढेर रहता है तो वहीं पर साइड से बस को खड़ी कर देते है तो वही किसी के द्वारा कूड़े मे आग लगाई जाने की बजह से कूड़े में आग लगने लगी। जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और भारत ट्रेवल्स की बस में आग लग गई। पास मे बना पेट्रोल पम्प ओर सिलेंडर के गोदाम होने की वजह से कोई बड़ा हादसा टला गया। फायरबिग्रेड की गाडी द्वारा एवं प्रशासन की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फायर बिग्रेड की गाडी तुरंत पहुंची और आग बुझाने मे जुट गई। वही गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का कोई जानमाल का नुकसान नही हुआ है।

खबर का असर प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी से सर्वेयर के दलाल ने वसूले 18 हजार रुपये एफआईआर दर्ज

● परियोजना निदेशक डूडा की तहरीर के आधार पर आरोपी आकाश अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच एसआई अजीत कुमार सिंह को सौंपी गई है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।-अंबर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. District/Unit (जिला/इकाई): खीरी P.S. (थाना): कोतवाली सदर Year (वर्ष): 2024
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0317 Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 19/04/2024 10:08 घंटे
2.

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धारा(एँ))
1	भा दं सं 1860	420

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1 Day (दिन): Date from (दिनांक से): Date To (दिनांक तक):
Time Period (समय अवधि): Time From (समय से): Time To (समय तक):
(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 19/04/2024 Time (समय): 10:08 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 015 Date and Time (दिनांक और समय): 19/04/2024 10:08 बजे
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित
5. Place of Occurrence (घटनास्थल):
1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): , कि. मी. Beat No. (बीट सं.):
(b) Address (पता):

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर-खीरी। प्रधानमंत्री आवास की धनराशि में वसूली की शिकायत पर डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच की तो शिकायत सही पाई गई। सर्वेयर के साथी ने शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी एक महिला लाभार्थी से 18000 रुपये ऐंठ लिए। डीएम के आदेश पर परियोजना निदेशक ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परियोजना अधिकारी डूडा डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का नगरीय निकायों में संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत मकान निर्माण के लिए अधिकतम रुपया 2.50 लाख रुपये भवन स्वामी को तीन किश्तों में भुगतान किया जाता है। मोहल्ला मिश्राना के सर्वेयर गौरव ने निजी तौर पर आकाश अवस्थी को सहयोग में रखा था। वह सर्वेयर की आईडी पर काम करता था। लाभार्थियों से वसूली की शिकायत डीएम महेंद्र कुमार सिंह को मिली थी।

इसे गंभीरता से लेकर डीएम ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की। टीम में परियोजना निदेशक डूडा, नायब तहसीलदार और राजस्व लेखपाल को भी शामिल किया गया। जांच टीम के साथ आठ अप्रैल 2024 को मौके पर पहुंचे परियोजना निदेशक ने जांच की। जांच के दौरान मोहल्ला मिश्राना निवासी बेवा 57 वर्षीय रेखा देवी ने बताया कि उसे शहरी प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी पहली किश्त 50 हजार व दूसरी किस्त 01 लाख 50 हजार रूपये मिली थी।

आकाश अवस्थी उसके आवास पर आए और पहली किस्त में आठ हजार रूपये आवास स्वीकृत कराने के नाम पर ले गए। दूसरी किस्त जब मिली तो पहली बार में पांच हजार रुपये, दूसरी बार में तीन हजार ले गए। दो हजार रुपये अभी देने शेष रह गये हैं। जांच टीम ने पीएमसी स्नोफउण्टेन कंसल्टेंट से जब जांच की तो इस बात का खुलासा हुआ कि कथित आकाश अवस्थी कभी भी पीएमसी में इंजीनियर या सर्वेयर के रूप में कार्य नही किया है। पीएमसी स्नोफाउण्टेन कंसल्टेंट के महाप्रबंधक ने जांच टीम को बताया कि 09 फरवरी, 2024 से जिला समन्वयक एवं 15 से अधिक सर्वेयरों / इंजीनियरों को पीएमसी ने लखीमपुर खीरी जनपद से अन्यत्र स्थानांतरित कर कार्यमुक्त कर दिया है। अन्यत्र जनपदों के जिला समन्वयक एवं 09 सर्वेयरों -इंजीनियरों की तैनाती भी की जा चुकी है। टीम ने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी थी। डीएम के आदेश पर परियोजना निदेशक ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने आरोपी आकाश अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नायब तहसीलदार समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

बीसलपुर के गांव सितारगंज नवदिया निवासी रामबेटी पत्नी रामपाल ने बताया कि जनवरी 2013 में उसने गांव के दिनेश कुमार से गाटा संख्या 691 पर 0.2350 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। बैनामा कराकर दाखिल खारिज भी हो गया, लेकिन पति के नाम के शब्दों में कुछ गलती हो गई। इसके बाद संशोधन भी करा लिया गया।

संशोधन आदेश खतौनी पर दर्ज कराना था। इसी गांव के ही राजनीतिक संरक्षण रखने वाले चंद्रपाल शर्मा ने दूसरी रामबेटी, बैनामा लेखक सौरभ सिंह, गवाह थाना बिलसंडा के गांव हर्रायपुर निवासी रामकुमार व गांव मोहम्मदपुर भजा निवासी रामपाल ने फर्जी दस्तावेज लगवाकर 25 अगस्त 2023 को मोहम्मदपुर भजा की रहने वाली शांतिदेवी पत्नी रामपाल के नाम पर करवा दिया। चार अक्तूबर 2023 को तत्कालीन लेखपाल व तत्कालीन नायब तहसीलदार ने उक्त जमीन पर आदेश भी कर दिया। 10 दिसंबर 2023 को उक्त लोग जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। पीड़िता ने विरोध किया, तो उसे झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। बाद में युवक ने न्यायालय का सहारा लिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर लेखपाल, नायब तहसीलदार, रामबेटी, शांतिदेवी, सौरभ सिंह, रामकुमार, रामपाल और चंद्रपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

साहब और अधीनस्थ उतारते रहे चुनावी खुमारी

स्वतंत्र प्रभात

पूरनपुर लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अफसरों और कर्मचारियों में थकान का असर देखने को मिला। शनिवार को सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। अफसर कार्यालयों में नहीं पहुंचे, कर्मचारियों की उपस्थिति न के बराबर थी। फरियादी भी नाममात्र को पहुंचे। इतना ही नहीं खंड विकास कार्यालय सहित कई कार्यालयों में ताला लटकता रहा। लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च को चुनाव आचार संहिता लागू हुई थी। प्रशासन चुनाव की तैयारी में जुट गया था। पीलीभीत में पहले चरण में मतदान होना था। एक महीने तक अफसर, कर्मचारी चुनाव की भाग दौड़ में लगे रहे। इससे पूरा समय कार्यालयों में नहीं दे सके।

शुक्रवार को हुए मतदान में अधिकतर कर्मचारियों की ड्यूटी लगी। अफसर भी पूरे दिन और देर रात तक भाग दौड़ करते रहे। शनिवार को अफसर, कर्मचारी चुनाव की खुमारी उतारते रहे। शनिवार को एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय समेत अन्य विभाग के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। अफसर और अधिकतर कर्मचारी नहीं आए।

हनुमान जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल को यातायात परिवर्तन- एसपी साहा

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। हनुमान जयन्ती के अवसर पर 23 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल पद यात्रा संकटादेवी चौराहा से प्रारम्भ होकर एलआरपी होते हुए श्री हनुमान मन्दिर गुलरी पुरवा ओयल तक जायेगी । इस पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु निम्न प्रकार से यातायात एडवाइजरी जारी की जाती है-

एलआरपी चौराहे से सीतापुर रोड पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रातः 04.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिन वाहनों को एलआरपी चौराहे से सीतापुर/लखनऊ दिशा की ओर जाना है वह छाउछ चौराहे से बेहजम होते हुए ओयल कस्बे से अपने गनतव्य की ओर जा सकेंगे।

ओयल कस्बा स्थित बेहजम तिराहे से एलआरपी चौराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रातः 04.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । जिन वाहनों को लखीमपुर , बहराइच , गोला दिशा में जाना है वह बेहजम तिराहे से बेहजम छाउछ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । संकटादेवी चौराहा से ओवरब्रिज होते हुए एलआरपी की ओर वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा । संकटादेवी चौराहे से एलआरपी की ओर जाने वाले वाहन कृष्णा टाकीज , पं 0 दीन दयाल चौराहा , बरगद तिराहा , छाउछ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । 4- सैधरी बाईपास मोड़ से बड़े वाहनों का आवागमन मेला मैदान की ओर निषेध रहेगा । यह वाहन बाईपास से पं 0 दीन दयाल चौराहा , बरगद तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । मेला मैदान बस अड्डे से चलने वाली बसें मेला मैदान तक आ सकेंगी।

उक्त यातायात व्यवस्था 23 अप्रैल प्रातः 04.00 बजे से सायं 16.00 बजे / कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी । आम जनमानस से सुगम यातायात संचालन हेतु सहयोग की अपेक्षा की जाती है। शहर की शेष यातायात व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी ।जनपदीय पुलिस तथा यातायात पुलिस आपकी सहायता हेतु उपलब्ध रहेगी । यातायात सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु यातायात नियन्त्रण कक्ष के 9454844045 पर किसी भी समय सम्पर्क किया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव मे ड्यूटी पर न जाने वाले 42 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

● लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर एसबीआई मैनेजर और इंटर कॉलेज प्रवक्ता समेत 42 अफसर नहीं पहुंचे थे

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/ पीलीभीत लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर एसबीआई मैनेजर और इंटर कॉलेज प्रवक्ता समेत 42 अफसर नहीं पहुंचे। बीईओ की शिकायत पर उनके खिलाफ पुलिस ने एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। बीईओ की शिकायत पर पुलिस ने लिया एक्शन एसबीआई मैनेजर, इनकम टैक्स कर्मचारी, 23 टीचर और 9 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों समेत कुल 42 कर्मियों की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई थी।

शिकायतकर्ता बीईओ भानुशंकर गंगवार का आरोप है कि इन सभी कर्मियों को पीलीभीत लोकसभा सीट पर शुक्रवार को होने वाले चुनाव के लिए एक दिन पहले गुरुवार को परसाखेड़ा स्थित चुनाव स्थल पर पहुंचा था। लेकिन इन सभी ने चुनाव ड्यूटी ज्वाइन नहीं की और पोलिंग पार्टी स्थल पर भी नहीं पहुंचे।

आईएएस अफसर बनेंगे बरेली जिले के हाईस्कूल टॉप10 में चमके चंद्रप्रकाश मेमो. कॉलेज के मेधावी नीतीश

● मढ़ौली के गरीब किसान के बेटे ने 92.83% अंक और चार विषयों में ए-1 ग्रेड लेकर रोशन किया कॉलेज और गाँव का नाम।

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी। प्रतिभाएं सुविधाओं की मोहताज बिल्कुल भी नहीं होती हैं। अटूट लगन और कठोर मेहनत के बलबूते ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों के होनहार बालक भी बड़े से बड़े लक्ष्य को भी अवश्य ही हासिल कर सकते हैं। यह साबित किया है विकास क्षेत्र फतेहगंज पश्चिमी के चंद्रप्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज शंखा पुल धन्तिया के ब्रिलिएंट स्टूडेंट और मढ़ौली गाँव के गरीब किसान लीलाधर और मीरादेवी के लाड़ले बेटे नीतीश ने। सीमित संसाधनों का रोना रोने के बजाय नीतीश ने अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ाई की और यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल की परीक्षा 92. 83% अंकों के साथ ससम्मान उत्तीर्ण कर बरेली जिले की टॉप 10 सूची में 10वां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, पूरे गांव और अपने कॉलेज का भी गौरव बढ़ाया है।

नीतीश ने गणित और विज्ञान में 97% तथा हिंदी में 95%, सोशल साइंस में 93% अंक प्राप्त करते हुए इन चारों विषयों में ए1 और ड्राइंग में 89%, अंग्रेजी में 86% अंकों और ए2 ग्रेड के साथ 600 में 557 यानी कुल 92.83त्न अंक बटोरे हैं। नीतीश की इस शानदार और गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कालेज के प्रबंधक एवं जिला पंचायत सदस्य भद्रसेन गंगवार और प्रधानाचार्य नरेश चंद्र ने नीतीश को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। नीतीश का लक्ष्य आईएएस अफसर बनकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने का है।

86 प्रतिशत अंकों के साथ रामलीला स्कूल में अव्वल आयीं लाइवा अंसारी

स्वतंत्र प्रभात

पलियाकलां-खीरी। नगर के ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान श्रीराम लीला बालिका इंटर कॉलेज में लाईवा अंसारी ने 86.16 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित करते हुये विद्यालय को गौरवान्वित करते हुये गुरुजनों का मान बढ़ाया है। विद्यालय के श्रेष्ठतम दस विद्यार्थियों में लाईवा के बाद क्रमशः उपासना पाल, अनमता बी, डाली सिंह, सुरभि प्रजापति, नौशीन, रिया पांडे, प्रतिमा निषाद, महक राईन, प्रिंसी वर्मा, सिमरन वर्मा एवं नुजहत बी क्रमश प्रथम से लेकर दसवें स्थान पर रहे। विद्यालय परिवार की टफ से उत्कृठ परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। लाईवा अंसारी अपनी सफलता का श्रेय अपने चाचा फुरकान अंसारी सहित अपनी शिक्षिकाओं को देते हुये कहती हैं कि अपनी व्यस्ततम राजनैतिक व समाजसेवी जीवनशैली के बावजूद फुरकान चचा ने मुझे पढ़ने के लिये लगातार अपना

कीमती समय व मार्गदर्शन दिया। उनकी प्रेरणा ही मुझे यह मुकाम हासिल हुआ है।

गुरुजी गायब कैसे पूरी हो शिक्षा

● निरीक्षण के दौरान कई अध्यापक गायब मिले कई विद्यालय बंद पाया गया ग्राम सभा निरहवा विद्यालय महीने की 28 29 तारीख को एक बार खुलता है बाकी विद्यालय का समय बंद रहता है

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर शासन द्वारा बड़े पैमाने पर धन व्यय करने के वाबजूद सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर उठने का नाम नहीं ले रहा है मुख्य मंत्री व शिक्षा मंत्री के सख्त रवैया अख्तियार करने के वाजूद अनेक गुरुजी सुधरने का नाम नहीं ले रहा है इस सम्बन्ध में स्वतंत्र प्रभात की मीडिया टीम ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें कई गुरूओं के गायब रहने सहित अन्य कई और गम्भीर कमियां पाई गयी 15 अप्रैल समय 10~30 बजे प्राथमिक विद्यालय निरहवा में निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक गायब पाये गये विद्यालय पूर्ण रूप से बन्द था इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय धुबौलिया सिर्फ शिक्षा मित्र के भरोसे संचालित था प्रधानाध्यापक विद्यालय से गायब धूबौलिया में जोशना अवस्थी महीने में एक दो बार विद्यालय आते हैं मिले जब हमारी टीम और आगे बढ़ी तो मोती पुर हडहवा का भी सरकारी विद्यालय में शिक्षामित्र के सहारे विद्यालय चलता है और बानगढ़ पिपरी यह सब विद्यालय में खेल का कोई सामान उपस्थित सूत्रों से मिल रही है कि नहीं है पिपरी विद्यालय सिर्फ दो घंटा खुलता है इस तरह तमाम कमियों के कारण शिक्षा दीक्षा पर बुरा प्रभाव रहा है यही कारण है भारी भरकम धन व्यय होने के बादजूद भी शिक्षा का स्तर ऊपर नहीं उठ पा रहा है जब इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी पचपेड़वा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि जांच कर उचित कार्यवाही करेंगे

वृंदावन बाल विकास परिषद ने किया सुरम्या शर्मा को सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। परिक्रमा मार्ग स्थित अम्माजी गार्डन पर वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली वृंदावन निवासी सुरम्या शर्मा का नागरिक अभिनंदन करने के साथ उन्हें ब्रज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करते हुए ब्राह्मण महिला सभा की संस्थापिका प्रभात शर्मा ने कहा कि वृंदावन में 17 वर्ष तक लगातार पालिकाध्यक्ष के रूप समाज की सेवा करने वाले मगनलाल शर्मा की पौत्री सुरम्या शर्मा ने अपनी पारिवारिक परंपरा को आगे बढ़ते हुए सिविल सेवा का जो संकल्प लिया है। वह वास्तव में सराहनीय व अनुकरणीय है। मुख्य अतिथि डॉ चीनू जैन ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में बालिकाएं आगे बढ़कर परचम लहरा रही है और जिस तरह सुरम्या ने यूपीएससी में परचम ले रहा है। वह ब्रजभूमि के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर चंद्रलाल शर्मा, पंडित उदयन शर्मा, नीरजा शर्मा, सुरेशचंद्र शर्मा, आनंद बल्लभ गोस्वामी, बंशी तिवारी, पूर्णेन्दु गोस्वामी, अमित गौतम पिंटू, अश्विनी मिश्र, कनिका प्रसाद गोस्वामी, दामोदर गोस्वामी, सोनिया पीहू दास, डॉ सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

वृंदावन बाल विकास परिषद के कार्यक्रम में सुरम्या शर्मा को सम्मानित करते लोग।

बसपा ने अपना केंद्रीय चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन समारोह

बस्ती। बस्ती पूर्व एमएलसी दिनेश चंद्रा ,मुख्य जॉन कार्डिनेटर इन्दलराम ,उदयभान मण्डल प्रभारी दयाशंकर मिश्र और पूर्व विधायक भगवानदास जी पूर्व एमएलसी लाल चंद्र निषाद कल्पनाथ बाबू जी ,राम सूरत चौधरी ,सीताराम शास्त्री,ज़िला अध्यक्ष जयहिंद गौतम विधानसभा अध्यक्ष गण कृपाशंकर गौतम,केसी मौर्य,देशराज गौतम,राजीव कुमार आदि की मौजूदगी में बसपा ने अपना केंद्रीय चुनाव कार्यालय बादशाह मल्टीप्लेक्स मालवीय रोड पर किया। उद्घाटन समारोह के साथ साथ यहाँ कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया गया जिसने कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ पर और मजबूती से कार्य करने और बूथ मजबूत करने का मंत्र दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकसभा 61 बस्ती के प्रत्याशी ने कहा की ये चुनाव आम कार्यकर्ताओं का चुनाव है और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि बसपा ये चुनाव ज़रूर जीतेगी क्यों की बस्ती की जनता ने ये मन बना लिया है।

चाकूबाज से वृंदावन पुलिस की हुई मुठभेड़

मुठभेड़ में शातिर अपराधी की पैर में लगी गोली, कराया अस्पताल में भर्ती

मथुरा। रात्रि को काशीराम कालोनी में देवी जागरण के दौरान चाकू मारकर तीन लोगों को घायल करने के आरोपी युवक को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। क्रास फायरिंग में आरोपी युवक के पैर में गोली लगने से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च को काशीराम कालोनी में देवी जागरण के दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। जिसमें सुहैल ने शातिराना ढंग से आतंक मचाते हुए जहां राजू,कविता आदि को चाकू मारकर घायल कर दिया था। वहीं बीरबल नामक युवक को छत से नीचे फेंक दिया था।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत का माहोल पैदा हो गया था। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। शनिवार की देर रात पुलिस को सोहैल के कैलाश नगर इलाके में आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की तो उसने तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। जिसकी जवाबी कार्रवाई में सोहैल के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से ही पांच मुकदमे दर्ज हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

आकांक्षा प्रदेश की टॉप टेन में और कॉलेज की बनी टॉपर

सफलता पर प्रधानाचार्य और गांव वालों ने दी बधाई

भदोही, 22 अप्रैल। हाईस्कूल की परीक्षा में भदोही जनपद का परिणाम बेहतर रहा है। बेटियों ने अच्छी-खासी उपलब्धि हासिल की हैं। पंडित राम तवंकल इंटरमीडिट कॉलेज, रोही की छात्रा आकांक्षा पाण्डेय ने जहाँ हाईस्कूल परीक्षा में कॉलेज टॉप किया है। वहीं जनपद में दूसरे स्थान के साथ प्रदेश की टॉपटेन में भी है।

कॉलेज और परिजनों के अनुसार आकांक्षा ने 581/600 अंक यानी 96.83 फीसदी अंक हासिल किया है। बेटी की इस सफलता पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जहाँ बधाई दी है वहीं परिजन भी बेटी की सफलता पर बेहद खुश हैं। आकांक्षा भदोही जनपद के डीघ विकाखंड के बयाँव गांव की निवासी है। पिता श्रीनिवास पांडेय जहाँ बेटी की सफलता पर खुश हैं। वहीं माँ सीमा पांडेय ने कहा है यह मेरे लिए गर्व की बात है। बड़े दादा श्रीकांत एवं दादा आत्माराम पांडेय ने पोती की सफलता पर गर्व महसूस कर रहें हैं। गाँव के लोग बेटी आकांक्षा सफलता पर उसे बधाई दे रहे हैं और खुद मिठाई खिला रहे हैं। आकांक्षा ने बताया है कि उसने बड़ी मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई किया। वह इस परिणाम से बहुत खुश हैं। आगे की परीक्षा के लिए और कड़ी मेहनत करना चाहती है।

भिखारीरामपुर के लाल का हाईस्कूल परीक्षा में दबदबा

सुरियावां। स्थानीय क्षेत्र के भिखारीरामपुर गांव निवासी छात्र सौरभ यादव पुत्र सियाराम यादव ने हाईस्कूल की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल के छात्र सौरभ यादव ने 91.33त्न अंक प्राप्त करके परिजनों का मान-सम्मान व गौरव बढ़ाया है। सौरभ की इस सफलता से परिजनों व ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि सौरभ यादव सेवाश्रम इंटरमीडिएट कालेज सुरियावां में कक्षा 10 वीं का छात्र था और कड़ी मेहनत व लगन के बाद बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार

अभोली/सुरियावां। जिला प्रशासन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक के कुशल दिशानिर्देश पर रविवार को अभोली ब्लाक क्षेत्र में मौजूद स्वास्थ केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया था। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कराने के लिए तमाम मरीज पहुंचे हुए थे जहां चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार व संबंधित परामर्श दिया है। सीएचसी अधीक्षक भानीपुर डॉ शुभांकर श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की मंशा पर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज, मतेथू, अमिलहरा, रामचंद्रपुर , शेरपुर, कुढ़वा , गड़ौरा आदि जगहों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया था। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों को आभा कार्ड बनवाने के लिए जानकारी दी गई है।

माता काली के श्रृंगार के पश्चात भंडारे का भी हुआ आयोजन

चुनार। नगर के सराय टेकउर मुहल्ले में स्थित प्राचीन काली मंदिर में शुक्रवार की शाम माता काली का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी आदित्य पंडा ने विधि पूर्वक मां की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री आशीष पटेल ने भी मां काली का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में वार्ड के सभासद मदन लाल,करतार सिंह,भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता,सुरेंद्र सिंह पटेल, ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश साहू, प्रदीप रस्तोगी,शतीश कुमार अग्रवाल, संतोष शर्मा, पिंकू कनौजिया, राजू अग्रवाल, बंटी खरवार, काजू सोनकर आदि ने सहयोग प्रदान किया। भंडारे में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

जनपद के सभी हाईस्कूल/इण्टर कालेजों में निर्वाचन साक्षारता क्लब द्वारा मतदान

● - जागरूकता पर बल-जिला निर्वाचन अधिकारी

● - स्वीप के अन्तर्गत वर्ष भर ईएलसी के माध्यम से लोकतंत्र, चुनाव, वोट के मूल्य पर जोर-स्वीप प्रभारी

● - कक्षा-9 से 12 तक के विद्यार्थियों ईएलसी गतिविधियों से सीखते है निर्वाचन के सम्पूर्ण प्रक्रिया-डीआईओएस

● - कोई मतदाता न छूटे की भाव को समझते है ईएलसी के माध्यम से विद्यार्थी-जिला सूचना अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 21 अप्रैल 2024:- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अर्थात स्वीप के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के पर्यवेक्षण व स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के नेतृव में 25 मई को शत-प्रतिशत मतदान कराने के क्रम में कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी क्रम में एक है निर्वाचन साक्षारता क्लब अर्थात ईएलसी, जो कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को निर्वाचकों को सजग करने और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से बुनियादी जानकारी से लैस करने की दिशा की ओर उन्मुख है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वीप के प्रमुख लक्ष्यों को जनपद में चलाये जा रहे निर्वाचन साक्षारता क्लब द्वारा पूर्ण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। यह कार्यक्रम विविध प्रकार के सामान्य एवं लक्षित ऐसे इण्टरवेन्सनों पर आधारित है, जो सामाजिक, आर्थिक, जनसाख्यिकी, प्रोफाईल के साथ-साथ निर्वाचनों के पिछले चक्रों में निर्वाचकी सहभागिता के इतिहास और उनसे मिली सीख के अनुसार अभिकल्पित किये गये है।

स्वीप प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने निर्वाचन साक्षारता क्लब ईएलसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग कक्षा-9 के 14-15 वर्ष के एव क्रमशः कक्षा-10, 11, 12 के 17 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों को चुनावी साक्षारता से सम्बन्धित जो संदेश देना चाहता है। उसे ध्यान में रखते हुए विविध गतिविधियॉ बनायी गयी है। इस हेतु तैयार की गयी पुस्तक-निर्वाचन साक्षारता क्लब संदर्भ मार्गदर्शिका में गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। क्लब संयोजक एवं नोडल अधिकारी की देख-रेख में जनपद के सभी हाईस्कूल व इण्टर कालेजों में पूरे वर्ष भर चुनाव पत्रिका, निर्वाचन फिल्म प्रदर्शन, लोकसभा फिल्म, प्रदर्शन, अपने उम्मीदवार को जानो, जागरूक मतदाता कार्ड के ग्राम पंचायत की यात्रा, विद्यालय में नाटक, राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रस्तुतिकरण, नोटा, स्टेप अप, मतदान चित्र व पोस्टर प्रतियोगिता, आदर्श मतदान, जनता के प्रतिनिधि बने, कार्ड का खेल, चुनाव यंत्र और मतपत्र का निर्माण, मतदान आधारित वाद-विवाद प्रतियोगता, फार्म-6 भरना व पंजीकृत होना, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

कक्षा-9 के विद्यार्थियों को प्रतिनिधिक लोकतंत्र, चुनाव व मतदान की अवधारणा को जानता और वोट के मूल्य को समझना चाहिए। विद्यार्थियों को भारत में मतदाता बनने की प्रक्रिया जानता चाहिए। विद्यार्थियों को पंजीकरण की प्रक्रिया फार्म-6, आवश्यक अभिलेख, ऑनलाईन पंजीकरण का तरीका पर बल दिया जा रहा है, तो वही उन्हें बीएलओ की भूमिका से परिचत कराकर जो मतदाता से सम्पर्क की पहली कड़ी है तथा उसका पंजीकरण के माध्यम से मार्गदर्शन किया जाता है। कक्षा-10 के विद्यार्थियों को मतदान केन्द्र पर क्या-क्या व्यवस्थाएं होती है के साथ भारत निर्वाचन आयोग के टैग लाइन ''कोई मतदाता न छूटे'' के मूल सिद्धान्त के सार को समझाया जाता है। वोट की कीमत क्या होती है, यह विद्यार्थियों को अच्छी तरह आत्मसात कर लेनी चाहिए। उनको नोटा के महत्व के साथ नैतिकता के साथ मतदान करने की महत्व पर बल दिया जाता है।

कक्षा-11 के छात्रों को उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया, आचार संहिता और उम्मीदवार की अपात्रता के आधारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। छात्रों को ईवीएम तथा वीवीपैट, के बारे में तथा इन मशीनों के माध्यम से सम्पन्न होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया की प्रमाणिकता के बारे में जानकारी कर बल दिया जाता है तो वोट की गोपनीयता के माहत्व को भी समझाया जाता है। कक्षा-12 के विद्यार्थियों को स्वयं को निर्वाचक के रूप में पंजीकृत कराने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। उन्हें वोट का मूल्य

समझना चाहिए तथा वोट देने के अपने अधिकार का विश्वास पूर्वक सुविधाजनक तरीके से और नैतिकता के साथ प्रयोग करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

प्रभारी अधिकारी निर्वाचन साक्षारता क्लब/जिला विद्यालय निरीक्षक विकायल भारती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचन साक्षारता क्लब, सन्दर्भ मार्गदर्शिका कक्षा-9 से 12 तक अलग-अलग के माध्यम से वर्ष भर विभिन्न शैक्षिक व व्यवहारिक पहलुओं के साथ वोट के लोकतांत्रिक पहलुओ पर बल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कक्षा-9 के विद्यार्थियों से क्रमशः कक्षा 10, 11, 12 में उन्हें निर्वाचन में जागरूकता व सहभागिता हेतु मानसिक तौर पर तैयार किया जाता है। जहॉ कक्षा-9 के 14-15 वर्ष से कक्षा 11 के 17 वर्ष के छात्र/छात्राओं को वोट की महत्व से परिचत कराते हुए अपने घर के सभी मतदाताओं सहित अपने पड़ोस, मुहल्लों के मतदाताओं को मतदान के दिन अर्थात 25 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तो वही कक्षा 12 के 17-18 वर्ष के विद्यार्थियों को स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करवाने हेतु फार्म-6 भरकर ''फस्ट टाईम वोटर'' 25 मई को अपने मताधिकार का पहली बार प्रयोग करने पर बल दिया जा रहा है। जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार ने निर्वाचन साक्षारता क्लब पर बल देते हुए बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम को सफल बनाने में ईएलसी का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से हम छात्रों को किशोर अवस्था में ही मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु उनको निर्वाचन के विभिन्न पहलुओं पर सैद्धातिक व धरातलीय जानकारी प्राप्त कराते है। जनपद के सभी हाईस्कूल, इण्टरकालेजों में ईएलसी के अन्तर्गत वर्ष भर आयोजित हुए कार्यक्रमों का सारात्मक प्रभाव दिखेगा जिससे 25 मई को पिछले निर्वाचन की तुलना में अधिक मतदान प्रतिशत होगा।

हीट वेव/लू से बचने हेतु जिलाधिकारी ने जारी किया एडवाइजरी

● - जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपदवासियों से हीटवेव व लू से बचने की अपील

● - लू प्रकोप व गर्म हवा से बचे लोग, बचाव उपाय को अपने- अपर जिलाधिकारी वि/रा

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 21 अप्रैल 2024/ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष/जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्म कालीन ऋतु प्रारम्भ हो रही है। उक्त ग्रीष्म कालीन ऋतु/हीट वेव/लू के प्रभाव को निम्नांकित उपायों/दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये कम किया जा सकता है। तदनुसार दिशा-निर्देश निर्गत किये जाते हैं- पर्याप्त मात्रा में पानी/ तरल पदार्थ जैसे छाछ, नीबू का पानी, आम का पना का उपयोग करें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहने एवं सर को ढकें एवं कड़ी धूप से बचे। लू से प्रभावित व्यक्तियों को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलाएं तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। लू लगने के लक्षणों को पहचाने, यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, तेज पसीना और झटका जैसा महसूस हो, चक्कर आए तो तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। बीमार और गर्भवती महिला कामगारों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष तौर पर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सूर्य के ताप से बचने हेतु बाहर जाने से बचे एवं कड़ी मेहनत से बचे। यात्रा करते समय पानी साथ रखे।

निर्जलीकरण से बचने के लिए ओ0आर0 एस0 का प्रयोग करें। स्थानीय मौसम के पुर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहे। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहाँ तक सम्भव हो घर में ही रहे और सूर्य के सम्पर्क से बचे। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर

की निचली मंजिल पर ही रहे। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक प्रोटीन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थ खाने से बचे। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण ले। जानवरों को छाया में बांधे और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं। पानी को अनावश्यक बरवाद न होने दें। अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था करें।

आज डीएम,औराई विधानसभा के 10 क्षेत्रों में बाइक रैली निकालकर,लोकतंत्र के पर्व में 25 मई को मतदान करने का दिलाएंगे शपथ

» "विश्व में सबसे हो आगे,अपना भारत देश महान" के लिए आज डीएम बाइक रैली व जनसभा कर औराई विधानसभा वासियों को करेंगे जागरूक

» "अपनी ताकत को पहचानो,कदम बढ़ाओ,25 मई को करो मतदान" का संदेश आज डीएम स्वयं बाइक चलाकर व जनसभा में देंगे

» स्वीप के तहत 22 अप्रैल को 10 कस्बों में बाइक रैली व सभा के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू होंगे जिलाधिकारी

» ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोटर टर्नआउट वाले 10 कस्बों में 22 अप्रैल को बाइक रैली के माध्यम से डीएम मतदाताओं को करेंगे जागरूक

» 22 अप्रैल को 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक अवश्य शामिल हो-जिला निर्वाचन अधिकारी

» हजारों लोगों के साथ डीएम विकास खण्ड औराई से स्वयं बाईक चलाकर व सभा कर मतदाताओं को करेंगे जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 21अप्रैल, 2024:- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद भदोही में छठें चरण में 25 मई, 2024 को मतदान तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में व प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल, को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाईकरैली व जनसभा का शुभारम्भ विकास खण्ड कार्यालय औराई से होगा तत्पश्चात् रैली चीनीमिल गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में बाईक रैली का समापन होगा। मतदाता जागरूकता बाइक रैली व सभा को जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा स्वयं चलाकर/नेतृत्व में निकाली जाएगी। यह बाईक रैली विकास खण्ड कार्यालय औराई से चीनीमील गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में समाप्त होगी। सभी स्थलों पर आयोजित मतदाता जागरूकता सभा को जिलाधिकारी द्वारा सम्बोधित किया जायेगा। जिसमें जनपदीय अधिकारियों सहित तहसील औराई व औराई विकास खंड व नगर पंचायत-घोसिया बेसिक व माध्यमिक के



शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग/तहसील औराई के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु ,भदोहीवासी आदि लोग सम्मिलित रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने उपर्युक्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए निकाली जा रही मतदाता जागरूकता रैली व सभा में अवश्य सहभागिता करें। ''भदोही के मतदाताओं ने ठाना है, मतदान का नया रिकॉर्ड बनाना है।'' कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमान। आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराए। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी 22 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक में अवश्य शामिल हो।

जिले के मेरिट लिस्ट में छठे नंबर पर आदर्श इंटर कालेज की छात्रा

● - क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने जिले में बनाया टाप टेन में स्थान

स्वतंत्र प्रभात

अदलहाट (मिर्ज़ापुर) आदर्श इंटर कालेज अदलहाट की छात्रा लक्ष्मी सिंह ने जिले में छठे स्थान पर आकर विद्यालय का नाम रौशन किया है वही नरायनपुर क्षेत्र के केवल पत्ती बैजनाथ माध्यमिक विद्यालय परसबंधा कमालपुर में हाई स्कूल में दो तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में चार छात्र-छात्राओं ने जनपद मे टाप टेन मे स्थान पाकर विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल की परीक्षा में अमन कुमार गौतम पुत्र रमेश कुमार 570 अंक प्राप्त करके 95 प्रतिशत स्थान से सातवें स्थान पर है। अमन कुमार गौतम आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता तथा प्रधानाचार्य को दिए हैं। श्रेया सिंह पुत्री आजाद बाबू 559 अंक 94.93त्न पर प्राप्त करके आठवां स्थान जिले में प्राप्त की है श्रेया सिंह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं उनके पिता किसान है तथा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य दीं। वही इंटरमीडिएट में जनपद में दूसरे स्थान पर रिया सिंह पुत्री चौधरी धीरेंद्र सिंह 480 अंक 96त्न प्राप्त किया है। रिया सिंह का पढ़ाई पर विशेष मन रहता है इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापक तथा अपने माता-पिता को दीं हैं। छठवें स्थान पर आकांक्षा सिंह पुत्री स्वर्गीय रंजीत सिंह ने 472 अंक 94.40 प्रतिशत प्राप्त की है। पूर्व में भी आकांक्षा कक्षा दसवीं में विद्यालय की टॉपर छात्र रह चुकी है इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा अभिभावक को दी है। वही छठवें स्थान पर सुहानी यादव 472 अंक 94.40 प्रतिशत प्राप्त की है सुहानी यादव पुत्री राजकुमार यादव भी पूर्व में कक्षा दसवीं में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर चुकी हैं । उसने

अपना श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने गुरुजनों को दिया है। जनपद में सातवां स्थान प्रतिभा गुप्ता पुत्री मदनलाल गुप्ता 471 अंक 94.20 प्रतिशत प्राप्त किया है प्रतिभा गुप्ता आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती हैं अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरु जनों को देती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि शेखर भट्ट ने सभी छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया है।

रिश्तेदारी से गायब किशोरी का घर के पास कुएं में उतराया मिला शव, परिजनों में कोहराम

● - सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाया बाहर

● - शव को पोस्टमार्टम के लिए

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव में गांव निवासी सोलह वर्षीया किशोरी का घर से पचास मीटर दूर शनिवार सुबह 11 बजे शव उतराया मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे एडीशनल एसपी आपरेशन ओमप्रकाश सिंह सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी, थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शुकुलपुर गांव निवासी महेंद्र धरकार बीते 18 अप्रैल को हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी अपने मामा लालमणि की पुत्री की शादी में शामिल होने के लिए पत्नी निर्मला पुत्री अनीता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गया था। जहां 18 अप्रैल देर शाम अनीता अचानक राजपुर गांव से गायब हो गई। किशोरी के अचानक गायब होने पर परिजन खोजबीन में जुट गए लेकिन गायब किशोरी का कहीं पता नही चला। शनिवार सुबह अगल बगल के लोग कुंए पर पानी भरने गये तब तक किशोरी का शव कुंए में नही दिखाई दिया था। सुबह 11 बजे के करीब गांव निवासी हीरा की पुत्री प्रियंका कुंए पर पानी भरने गई तो कुएं में शव उतराया देख चीखते हुए घर पहुंची।कुंए में शव उतराने की सूचना मिलने पर गांव में हड़कंप मच गया और कुंए पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।कुंए में अनीता का शव देखकर अनीता की मां निर्मला दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज व पुलिसकर्मियों ने किशोरी का शव कुंए से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे सीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी ने मृतका के पिता महेंद्र धरकार से घटना के संबंध में पूछताछ की। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटना की जांच पड़ताल की। दोपहर तीन बजे शुकुलपुर गांव पहुंचे एडीशनल एसपी आपरेशन ओमप्रकाश सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मृतका की मां निर्मला और परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की। एडीशनल एसपी ओमप्रकाश सिंह ने बताया किकिशोरी का शव कुंए में कैसे पहुंचा जांच पड़ताल की जा रही है फिलहाल मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव स्थित रिश्तेदारी से दो दिन पूर्व गायब हुई किशोरी का शव घर से पचास मीटर दूर स्थित कुंए में कैसे पहुंचा इसे लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों में चर्चा रही कि आखिर दो दिन तक किशोरी कहां गायब थी और अचानक कुएं में उसका शव कैसे पहुंचा। वहीं मृतका के पिता महेंद्र ने बताया कि बेटी लालगंज थाना क्षेत्र के मैना गांव निवासी

स्वजातीय युवक के साथ फोन से अक्सर बातचीत करती थी। वहीं सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मृतका का लालगंज थाना क्षेत्र के मैना गांव निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा कुछ महीने पहले युवक के साथ घर से चली गई थी।सीओ ने कहा कि फिलहाल घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। किशोरी की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।मृतका पिता दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है कुछ दिन पहले घर आया है। मृतका दो भाइयों और चार बहनों में तीसरे नंबर पर थी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पक्के पुल पर भारी वाहनों के आवागमन रोकने हेतु सौपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

चुनार। गंगा सेतु पक्का पुल पर भारी लोडेड ओवरलोड वाहनों की आवागमन को रोकने के लिए भाजपा के नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को पत्रक सौप मांग किया कि चुनार नगर में आजादी के समय से बनाए गए रोड का न तो क्षमता बढ़ाया गया है न तो चौडी करण किया गया है आज के समय में चल रहे अति भारी वाहनों का बोझ सह पाने की नगर के रोड की क्षमता नहीं है।

कुछ वर्ष पहले बने गंगा सेतु की दुर्दशा भारी वाहनों के आवागमन के कारण हो रही है जिससे पुल के स्पातों का दिखाना प्रारंभ हो गया है कुछ वर्ष पूर्व हुए एक दुर्घटना होने पर उपजिलाधिकारी रहे सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा



भारी वाहनों का आवागमन पक्का पुल से पूर्णत प्रतिबंध कर दिया गया था परंतु पुल पर भारी वाहनों का संचालन पुनः शुरू होने के कारण नगरवासियों व सुबह टहलने वाले लोगों में भारी आक्रोश है लोग शासन प्रशासन को कोस रहें जिसको संज्ञान में लेकर भारतीय जनता पार्टी चुनार द्वारा भारी वाहन का आवागमन रोकने के लिए उप जिलाधिकारी को पत्रक सौपा। उप जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही समस्या का हल हो जाएगा। इस दौरान नंदलाल केसरी, विजय बहादुर सिंह, अविनाश कुमार गुप्ता एडवोकेट ,जयकुमार गुप्ता ,सरोज कुमार वर्मा ,राम प्रकाश गुप्ता ,रतनलाल साहनी , मंगरु साहनी,सुभाष सिंह ,मिथुन राजेश कुमार वर्मा,राम प्रकाश गुप्ता,जयंत दास मौजूद रहे।

युवती को शादी का झासा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। थाना चुनार, जनपद मीरजापुर पर शुक्रवार को चुनार क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी के साथ शादी का झासा देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-128/2024 धारा 376,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को निरीक्षक रामदुलार यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल साहनी उर्फ गुन्जे पुत्र स्व0 लालता साहनी निवासी गंगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 376,506

भादवि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन मिर्जापुर ब्रांच के तत्वाधान में सीडीई प्रोग्राम का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन मिर्जापुर ब्रांच के तत्वाधान में होटल जेंनएक्स में सीडीई प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें स्पीकर ओरल सर्जन डॉ रवि शेखर गहलोत द्वारा विषय मेडिकल इमरजेंसी इन डेंटिस्ट्री पर संगोष्ठी में अशेतन अवस्था के मैनेजमेंट एवम हार्ट पेशेंट के संबंधित समस्या , अस्थमा पेशेंट में मरीजों के मैनेजमेंट के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का शुभारभ में आईडीए मिर्जापुर ब्रांच के मेंबर एवम गेस्ट स्पीकर रहे डॉ रविशेखर गहलोत, एवम प्रेसिडेंट डॉ राहुल चौरसिया, सेक्रेटरी डॉ टी एन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह एवं प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ रश्मि बरनवाल , सीडीई कन्वेनर डॉ आनन्द दुबे, द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया, कार्यक्रम में डॉ अमित केसरवानी , डॉ पीयूष जैन, डॉ नेहा दुबे, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ अनामिका केसरी, डॉ ऋषभ सिंह डॉ सुरभि कसेरा, डॉ अभिजीत ,डॉ सुब्रा बरनवाल, डॉ नरेंद्र तिवारी, डॉ प्रियंका

श्रीवास्तव,डॉ राजेश यादव , डॉ सुधांशु, डॉ दिलीप सहित आईडीए मिर्जापुर ब्रांच के मेम्बर्स उपस्तिथि रहे।

प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता

● - काउंसिलिंग के माध्यम से 04 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 04 बिछड़े



दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी पिंकी जायसवाल, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव तथा परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य कृष्णा सिंह, सलिल पाण्डेय, निर्मला राय व सुरेश जायसवाल मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

ट्रांसफॉर्मर से झुलसा विद्युत कर्मचारी, अस्पताल में कराया गया भर्ती

प्रयागराज। बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े 12 बजे खुसरोबाग उपकेंद्र का एक विद्युतकर्मी ट्रांसफॉर्मर की आग से झुलस गया। कॉल्विन अस्पताल परिसर के बाहर लगे 400 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से झुलसे विद्युत कर्मचारी ताज को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपखंड अधिकारी बहादुर सिंह ने बताया कि उपकेंद्र में कोई भी शिकायत नहीं आई थी। लाइनमैन भी उस वक्त कर्मचारी के साथ मौजूद नहीं था। बिना शटडाउन लिए चलती लाइन पर कर्मचारी ट्रांसफॉर्मर के पास कैसे गया इसकी जानकारी नहीं है। उधर, मेडिकल अस्पताल के बर्न विभाग के अध्यक्ष डॉ. मोहित जैन ने बताया कि आग से करीब 40 प्रतिशत शरीर झुलसा है। कर्मचारी की हालत स्थिर है।

विद्यालय में प्रथम रैक प्राप्त करके किया का नाम रोशन

कोराव,प्रयागराज। कोराव तहसील क्षेत्र के शिव जियावन इण्टर कालेज लेडियारी इन्टर के विज्ञान के छात्र ने अपने विद्यालय में प्रथम अंक प्राप्त कर घर परिवार का नाम रोशन किया इस सफलता पर उसके माता-पिता एवं परिजनों में खुशी का माहौल है। बताते चलें कि क्षेत्र के डीही खुर्द निवासी इसी विद्यालय में बड़े बाबू के रुप नियुक्त है। सुरेन्द्र चन्द्र के बेटे महेश कुमार ने शिव जियावन इण्टर कालेज लेडियारी से इन्टर विज्ञान वर्ग से यूपी बोर्ड 500/में 470अंक प्राप्त अर्जित करके विद्यालय एवं अपने घर परिवार के साथ समाज का नाम रोशन किया है। महेश कुमार ने बताया कि आगे चलकर डाक्टर बनकर गरीब असहायो के अलावा समाज के सभी वर्गों की सेवा करने का उनका इरादा है। इस सफलता का श्रेय अपने पिता सुरेद्र चन्द्र । जिनके कुशल मार्गदर्शन के चलते और अपने अथक परिश्रम एवं लगन के कारण उनको यह सफलता मिली है। छात्र की उक्त सफलता को लेकर उनके घर परिवार में खुशी का माहौल कायम है।

रामलाल यादव इंटर कॉलेज गुलचपा का परीक्षा फल शत प्रतिशत छात्राओं का रहा जलवा

फूलपुर। विकासखण्ड सैदाबाद स्थित रामलाल लाल यादव इंटर कॉलेज गुलचपा चांदोपारा प्रयागराज का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है। अच्छे अंक पाकर बेटियों का रहा जलवा। आपको बताते चले कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में क्षेत्र के राम लाल यादव इंटर कॉलेज गुलचपा, चांदोपारा का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत जिसमे हाईस्कूल में काजल 539 विभा 524, अनुराधा 504,तहजीब 499, रचना 497, विशाल 465, मो0 जैद 439, व मो0 उवैद 431 वही इंटर में श्रेया यादव 403, मीनाक्षी 381, खुशबू 353,व हिना 350 अंक के साथ छात्र छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य रणविजय सिंह ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हनुमान जयंती के अवसर पर होंगे कार्यक्रम

- सजेंगी हनुमान जी की विशेष झांकी।

मथुरा। गोवर्धन में 23 अप्रैल चौत्र शुक्ल पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर श्री कंचन बालाजी हनुमान मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा,गोवेर्धन धाम में रामानंद आश्रम के महामंत्री शंकरलाल चतुर्वेदी ने बताया कि न्यू सोख बाईपास स्थित जमुनाधाम कॉलोनी में श्री कृष्णदास कंचन महाराज की प्रेरणा से शंकर राज कुटीर में कंचन बालाजी का भव्य मंदिर का निर्माणधीन हुआ है। जिसका उद्घाटन पूज्य गुरुजी नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्षण देवाचार्य महाराज के कर कमलो से किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमान जी का वैदिक विधि विधान से नवग्रह पूजन, अभिषेक श्रृंगार, पूजा हवन यज्ञ, आदि,। कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस दौरान शाम चार बजे से आठ बजे तक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ होंगे व दोपहर 12 रात्रि से आठ बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। श्री राम अनुग्रहदास ने बताया कि श्री कृष्णा कंचन महाराज के नशवर शरीर का त्याग कर सूक्ष्म शरीर में प्रवेश किया जायेगा तभी से उनके भक्तों को कई तरह के चमत्कारों का अनुभव और प्रेरणा हुई इस प्रेरणा से यह पुनीत कार्य और हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है अवसर पर बड़ी संख्या में संत महंत श्रद्धालु एवं भक्तजन समारोह में शामिल होंगे।

कैंब्रिज विद्यालय की छात्रा ने प्रदेश मे नौवीं रैंक प्राप्त कर लहराया परचम

● - हर साल विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा किया जाता है बेहतर प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

शंकरगढ़ (प्रयागराज।) उत्तर प्रदेश बोर्ड के परीक्षा परिणाम मे शंकरगढ़ क्षेत्र के कैंब्रिज इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा अंशिका द्विवेदी ने पूरे प्रदेश में 9वीं रैंक प्राप्त करके क्षेत्र वासियों का सर ऊँचा कर दिया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा बेहतर परिणाम देने के लिए विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा कहां गया कि छात्राओं ने पूरे साल लगातार कड़ी मेहनत की है और उसी का नतीजा है कि आज प्रयागराज जनपद के साथ-साथ शंकरगढ़ क्षेत्र का भी नाम पूरे प्रदेश में गूंज रहा है।भाजपा सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी भी शंकरगढ़ में अपने प्रचार प्रसार के कार्यक्रम मे आये हुए थे। और उन्हें जानकारी हुई थी परीक्षा परिणाम आए हुए हैं और जिले की बेटी ने पूरे प्रदेश में अपने साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है तो वह भी छात्राओं को बधाई देने एवं उन्हें सम्मानित करने के लिए पहुंच गए। और उनके उत्साहवर्धन के लिए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में पूर्णिमा केसरवानी 91त्न श्रेया सिंह 87त्न अल्का सिंह 86त्न प्रांशी त्रिपाठी 86त्नरूपा सिंह 85त्न रूचि सिंह 85त्न प्रतिज्ञा राव 86त्नपूनम पाल 85त्न अंक प्राप्त किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, यमुनापार जिला अध्यक्ष भाजपा विनोद प्रजापति,निवर्तमान यमुनापार जिला अध्यक्ष भाजपा विभव नाथ भारतीय,नगर पंचायत शंकरगढ़ अध्यक्षा श्री मती पार्वती कोटर्या, विद्यालय के प्रशानिक अधिकारी

बालेंद्र पांडे, अध्यापक पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, अखिलेश देश पांडे, उत्तम सिंह, अशोक त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र मिश्र, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, स्मिता राव, अभिभावक आशुतोष द्विवेदी, चक्रधर , विपिन केसरवानी, दिनेश सोनी, रमाशंकर, सुजीत केसरवानी, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अब छोटा राजन गैंग के सदस्य पर पुलिस का शिकंजा

● - 5 लाख की मांगी थी रंगदारी, केस दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। धूमनगंज थाने में बच्चा पासी सहित चार लोगों पर रंगदारी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बच्चा पासी दो बार पार्षद रह चुका है। इसके गैंग में 15 से ज्यादा लोग काम करते हैं।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की कमिश्नरेट पुलिस ने माफिया अतीक अहमद गैंग पर शिकंजा कसने के बाद अब बाकी गैंग संचालकों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक राजनीतिक सहारा लेकर बचते रहे छोटा राजन गैंग के सदस्य बच्चा पासी पर पुलिस ने रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया है। धूमनगंज थाने में बच्चा पासी सहित चार लोगों पर रंगदारी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि बच्चा पासी और उसके गैंग के लोगों ने मकान बनवाने से पहले पांच लाख रुपये जमा करने को कहा था। उसने 50 हजार दिया भी, लेकिन रंगदारी का बाकी पैसा लेने के लिए उसे डराया-धमकाया जा रहा है। बच्चा

पासी दो बार पार्षद रह चुका है। इस बार इसकी बहन पार्षद चुनी गई है।

पूर्व प्रधान ने उठाया गरीब बेटी की शादी का बीड़ा, पत्नी के साथ किया कन्यादान

स्वतंत्र प्रभात

कोरांव प्रयागराज। इस युग में जहां लोग अपनों की शादी में सहयोग करने से बचते हैं वहीं एक पूर्व प्रधान ने एक गरीब लड़की की शादी का खर्च उठाया और पत्नि सहित कन्यादान कर समाज में एक मिसाल पेश की तहसील कोराव क्षेत्र के ओबरी गांव की पूर्व प्रधान सुषमा सिंह पत्नी दिनेश प्रताप सिंह (मुन्ना सिंह) पूर्व प्रधान ने गांव के एक गरीब कहार परिवार की बेटी शिल्पा वर्मा की शादी फुल तारा गांव निवासी दुर्गेश कुमार वर्मा पिता यज्ञ नारायण वर्मा के साथ कराई। लड़की की माता रन्नो देवी व पिता मिठाई लाल वर्मा ने सुषमा सिंह व मुन्ना सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम लोग इतना सोच भी नहीं सकते थे कि मेरी बेटी की शादी इतने धूमधाम से होगी और मेरे गांव का सबसे बड़ा परिवार एवं बड़े आदमी द्वारा मेरी पुत्री का कन्यादान किया जाएगा। आज मेरे और मेरे परिवार तथा नात रिश्तेदार एवं गांव क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक नजीर साबित हो रहा है। वही जब कन्यादान के समय पूर्व प्रधान सुषमा सिंह एवं मुन्ना सिंह ने शिल्पा को गोद में बिठाकर पांव पूजना शुरू किया तो आंगन में बैठे लोगों के आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े सैकड़ो की संख्या में खड़े लोगों के जुबान पर एक ही सवाल था कि ऐसे लोग कलयुग के देवता हुआ करते हैं जो एक गरीब की बेटी का लाखों रुपए खर्च कर कन्यादान व पांव पखार रहे है। शादी को लेकर समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पूर्व प्रधान सुषमा सिंह ने बताया कि बेटी की विदाई तथा धूमधाम से आई बारात के लिए जो भी तैयारी होती हैं उसमें कोई कमी नहीं की गई लड़के के लिए सोने की चैन,अंगूठी लड़की के लिए सोने का झाला, नाक की नथिया, पायल,छागल, मंगलसूत्र अंगूठी माथबेदी जैसे सभी जेवरात थे सुषमा सिंह ने कहा कि शिल्पा कोदिया।उन्होंने कहा मैं अपनी बेटी की तरह शुरू से ही मानती थी और मेरी कोई बेटी ना होने के कारण हम इसको स्वयं अपनी बेटी ही माना है संकल्प लिया था कि शिल्पा की शादी बड़े ही धूमधाम से करूंगी और कन्यादान भी हम पति-पत्नी दोनों लोग करेंगे बरातियों एवं घरातियों में उत्साह देखा गया खुशी का माहौल देखा गया वही मिठाई लाल वर्मा के रिश्तेदार भी खुशी से झूम उठे। किन्तु जब गरीब की



बेटी की शादी में क्षेत्र के बड़े-बड़े लोगों का आना-जाना शुरू हुआ तो लोग एक दूसरे से यही कहा करते दिखे की मुन्ना सिंह की बिटिया की शादी है सुषमा सिंह की बिटिया की शादी है बाद में पता चला कि नहीं एक उनके घर में काम करने वाले मिठाई लाल वर्मा के बेटी की शादी है तो लोग आवक रह जाते थे। पूर्व प्रधान सुषमा सिंह एवं मुन्ना सिंह की दरिया दिल्ली देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने बधाइयां दी और कहा कि आप कलयुग के देवता है। पूर्व प्रधान पति पत्नी की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

दानपुर करमा में हाईस्कूल में बेटियों का रहा जलवा

स्वतंत्र प्रभात

कौंधियारा, प्रयागराज। किन्तु कौंधियारा ब्लाक के ग्राम सभा बड़गोहना खुर्द के रहने वाली किसान के घर की एक छात्र श्रुति जायसवाल घर पर रहकर घर में माँ के साथ खेती किसानी में हाथ बटाने के साथ बाल भारती स्कूल एंड कॉलेज दानपुर करमा प्रयागराज में हाईस्कूल की पढ़ाई करती थी स्कूल में आने जाने के बाद घर पर मन लगा कर पढ़ती थी उसने कही कोई कोचिंग भी नहीं किया इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दिया था। शनिवार को जब यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो श्रुति जायसवाल 600 अंक मे से 537 अंक पा कर स्कूल में 6 वां स्थान पा कर सब को चौका दिया।

बताया जा रहा है जानकारी मिलते ही विद्यालय के लोग प्रांशी का प्राप्तांक 554 /600 प्रतिशत 92,33 त्न सृष्टि शुक्ला प्रप्तांक 551/600 प्रतिशत 91,83त्न प्रांजल ओझा प्राप्तांक 549/600 प्रतिशत 91,5 त्न वैभव शुक्ला प्राप्तांक 540/ 600 प्रतिशत 90 त्न श्रुति जायसवाल प्राप्तांक 537/ 600 प्रतिशत 89,5त्न इन सब लोगों को स्कूल बुला माला पहना कर स्वागत किए। घर वापस आने पर परिजनों ने खुशियों का इजहार करते हुए लड्डू

खिला कर मिष्ठान वितरण कर उक्त प्रभावशाली छात्रा का उत्साह वर्धन करते हुए उसे आगे की पढ़ाई करने में हर सभव मदद करने का आश्वासन दिये।

नर्सिंग सेवा भाव का सबसे अनूठा कार्य है- । न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान

स्वतंत्र प्रभात

करछना। प्रयागराज। क्षेत्र के माँ शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एन्ड पैरामेडिकल साइंसेस में रविवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच वार्षिक लैंप लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी का अयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने मरीजों की सेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद मंजूरानी चौहान ने कहा कि नर्सिंग सेवा भाव का सबसे अनूठा कार्य है इसलिए अपने सेवा काल में जहाँ भी सेवा देने का अवसर मिले वहां समर्पित सेवा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करें। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या डा वत्सला मिश्रा,एमएलसी डा के पी श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डा आशु पाण्डेय, डॉ जी एस तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी चित्रकूट डा भूपेश द्विवेदी, संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डा विवेक मिश्रा उपस्थित

रहे। लैंप लाइटिंग के महत्व बतलाते हुए संस्थान की डायरेक्टर प्रीति अग्रवाल ने कहा कि फ्लोरेंस नाईटिंगल को लेडी विथ लैंप कहा जाता है जिन्होने नर्सिंग पेशे को सम्मानित दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्हीं की स्मृति में सभी नर्सिंग कॉलेज मे हर साल यह आयोजन होता है। माँ शारदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा राजकिशोर अग्रवाल ने सभी स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करें।अस्पताल में मरीज के पास हर वक्त नर्स ही होती है और उसपर मरीज की सारी जिम्मेदारी होती है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा आशु पाण्डेय ने कहा कि नर्सिंग का मकसद अपने बेहतर काम से मरीज को नई जिंदगी देना है। इस अवसर पर डा तरुण पाठक, डा डी के श्रीवास्तव , डा राजेंद्र श्रीवास्तव, डा कमल सिंह, डा सविता अग्रवाल, डा वी बी अग्रवाल, डा अवनीश पाण्डेय, डा विनीता, डा बिंदू विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा अन्नू कमलेश मिश्र, संस्थान के फैकल्टी सदस्य,छात्राएं मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जी एस तोमर एवं संचालन डा आर के सिंह ने किया।

34 वी विशाल रथ यात्रा 23 को

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। नवयुवक श्री बृज मंडल सेवा समिति छाता के तत्वाधान में हनुमान जीके जन्मोत्सव के उपलब्ध में कस्बा छाता में 34वीं विशाल रथ यात्रा 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को 4रू30 बजे शेरगढ रोड स्थित हनुमान बगीची से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, पुराना बस अड्डा, गोवर्धन रोड ,बाईपास, बरसाना रोड, नई तहसील, शिव कॉलोनी , मैन बाजार, कस्बा के प्रमुख मांगों से भमढ़ करती हुई पुरानी तहसील चौराहे पर संपन्न होगी। रथ यात्रा में आगरा व मथुरा के मशहूर बैंड को फिरोजाबाद ,छाता की मनमोहक झांकियां भी निकली जाएगी। जिसमें 56 भोग व आकर्षक आतिशबाजी भी होगी। जिसकी जानकारी समिति के जितेंद्र शर्मा ,चंद्रभान गुप्ता ने दी।

धारदार हथियार से किशोर की नृशंस हत्या, मचा हड़कंप

● - मृतक के परिजन गांव के ही चार नामजद सहित एक अज्ञात लोगों पर लगा रहे हत्?या का आरोप।

डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से जुटाए साक्ष्य।

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव में पंद्रह वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मचा है। घटना की सूचना पर आनन फानन में एसपी विनीत जायसवाल सहित स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं किशोर की बेरहमी से की गई हत्या को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। एसपी ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

घटना इटियाथोक थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुड़कुड़ा के मजरे दलपतपुर (खटिकन पुरवा) की है। यहां के निवासी मनीष यादव (15) पुत्र हनुमान क्षेत्र के गोपाल बाग स्थित एमडी जीएन गुरुकुल विद्यापीठ में कक्षा सात का छात्र था। मृतक के भाई सुरेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को उनका छोटा भाई मनीष गांव के ही राम

जियावन वर्मा के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था। रात करीब 12 बजे वह घर लौट कर आया। उसके बाद वह शौच के लिए घर के पूर्वोत्तर दिशा में खेतों की ओर चला गया। परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब नींद टूटी तो देखा मनीष घर पर मौजूद नहीं है। इस दौरान घर से लगभग 150 मीटर दूर गेहूं के खेत में खून से लथपथ उसका शव पड़ा था।शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

छह भाइयों में सबसे छोटा था मृतक।

ग्रामीणों की मानें तो मनीष छह भाईयों में सबसे छोटा था। पिता हनुमान प्रसाद अपने बड़े बेटे वीरेंद्र यादव के साथ पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करते हैं।शेष चार भाई घर पर रहकर खेती करते हैं। छोटे भाई के हत्या की सूचना पिता व बड़े भाई को दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पिता पुत्र लुधियाना से घर के लिए रवाना हो चुके हैं।

मृतक के परिजन गांव के ही चार

नामजद सहित एक अज्ञात लोगों पर लगा रहे हत्या का आरोप।

मृतक के परिजनों ने गांव के ही पांच लोगों पर जमीनी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं कुछ ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान में मामला आशनाई से जुड़े होने की बात कही जा रही है। इस संबंध में इटियाथोक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी का कहना है चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर मिली है। आरोपित प्रवेश यादव, राजकुमार यादव, मुकेश यादव, संजय प्रताप व एक अज्ञात के विरुद्ध षड्यंत्र व हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

मजदूर साथी ने अपने ही दूसरे मजदूर साथी को गांव के बाहर सुनसान इलाके में सड़क के बगल एक गड्ढे में मौत के घाट उतारते हुए बगल में रखे तिलकठ्ठे से जला दिया

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। जनपद गोंडा के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत गैर जनपद से मजदूरी करने आए मजदूरों के बीच बीती रात कुछ आपसी बात को लेकर विवाद हो गया।और विवाद इतना बढ़ गया कि देर रात करीब 12ः30 बजे एक मजदूर साथी ने अपने ही दूसरे मजदूर साथी को गांव के बाहर सुनसान इलाके में सड़क के बगल एक गड्ढे में मौत के घाट उतारते हुए बगल में रखे तिलकठ्ठे से जला दिया।सुबह जब लोगों ने सड़क के किनारे एक गहरे गड्ढे में अधजली लाश पड़ी देखी तो हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने जिसकी सूचना पुलिस चौकी को दी मौके पर जिगना चौकी की पुलिस ने तत्काल पहुंचते हुए घटना के संबंध में जांच पड़ताल करने के साथ घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ शव का पंचायत नामा भरवा के पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।बताया जाता है कि मृतक सीतापुर जनपद के रेउसाना थाना थाने गांव ग्वारी से अपने पांच साथियों के साथ कोतवाली क्षेत्र मनकापुर के धुसवा चौंकनिया में होली के 3 दिन बाद सूरज सिंह के यहां बन रहे मकान पर काम करने के लिए आया था। लेकिन शनिवार की देर रात मजदूर कोइली और अमित के बीच कुछ कहा सुनी हो गई और कहा सुनी इतनी बढ़ गई की रात में भाई कोइली गांव से

बाहर निकला तो अमित ने पीछा करते हुए गांव के बाहर जाकर सून सान इलाके में कोइली को मौत के घाट उतारते हुए गांव से कुछ दूरी पर बसवरिया गांव के बगल रोड के किनारे खेत में पड़े तिलकठठे से मृतक कोहली को जला दिया।लेकिन ईंधन कम होने से लाश पूरी तरीके से नहीं जल पाई और अधजली ही पड़ी रह गई।सुबह जब लोगों ने देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची जिगना चौकी पुलिस ने आला अफसरों को अवगत कराया तो प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने तत्काल घटना के संबंध में गहन निरीक्षण करते हुए करीब 10 मिनट उलझने के बाद असलियत पता लगा ली।और मृतक के परिजनों को सीतापुर जनपद सूचना पहुंचा कर मृतक के साथ आए छोटे भाई रामकिशुन को बुलाकर पहचान करवाया तो रामकिशुन ने बताया कि यह मेरा बड़ा भाई कोइली उम्र 25 वर्ष की है। और रात में कोइली और अमित के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद कोइली 500 रूपए लेकर कहा मैं शराब लेने जा रहा हूं। लेकिन रात में 12ः30 बजे के करीब अमित ने हमको बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को हमने मार कर फूंक दिया है। मेरा ला.... काटना हो तो काट लो। रामकिशुन ने यह भी बताया कि जब कोइली बाहर निकले थे तभी पीछे अमित भी गया था।वहीं घटना के बावत प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने बताया कि 8ः30 बजे गांव के कुछ लोगों ने खेत में अधजला शव पड़े होने की सूचना दी। जिस पर जांच पड़ताल करते हुए खुलासा किया गया है। और मृतक की पहचान होने के बाद मृतक के छोटे भाई रामकिशुन की तहरीर पर एफ आई आर दर्ज की जा रही है।तथा लाश का पोस्टमॉर्टम कराने के साथ घटना से संबंधित लोगों को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।वहीं घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा ने बताया कि अधजली लाश पड़ी होने की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ मौका निरीक्षण किया गया है।अपराध के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक संदिग्ध को पूछ ताछ के लाकर अन्य जांच,कार्यवाही की जा रही है।

बसपा करेगी मथुरा में भाजपा के आतंक का अंतः सुरेश सिंह

● जो भाजपा को हराना चाहते हैं बसपा के साथ आएंः सुरेश सिंह

● संविधान बदलने के हुलम्मे भर रही भाजपा को करें सत्ता से बाहरः सुरेश सिंह

● बसपा प्रत्याशी को मिल रहा चौतरफा समर्थन, बसपाई खेमे में उत्साह

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। लोकसभा सीट मथुरा से बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि भाजपा हमारे देश के संविधान को बदलने के हुलम्मे भर रही है। वह ऐसा कर पाएं और आप से वोट डालने का अधिकार ही छीन लें इससे पहले हमें उन्हें सत्ता से बाहर करना होगा। यह तभी संभव है जब आप 26 अप्रैल को हर हाल में पोलिंग बूथ तक पहुंचे और हाथी वाले खाने का बटन दवाएं। मथुरा में बसपा ही भाजपा के आतंक का अंत करेगी। युवाओं से रोजगार, व्यापारियों से कारोबार, किसानों से उनकी जमीन और इस देश से संविधान छीनने को आतुर भाजपा को ऐसा करने से रोकना है तो बसपा को भारी बहुत से जिताना होगा। रविवार को बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने राया में चुनाव प्रचार के दौरान यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि देशभक्त नागरिक जो देश की आजादी, पत्रकारिता और आम नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर चिंतित हैं वह बसपा के साथ हैं। जागरूक नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह भविष्य के खतरों के प्रति लोगों को आगाह करें। आईआरएस अधिकारी रहे सुरेश सिंह ने कहा कि जो दिख रहा है खतरा उससे कहीं बडा है। हमने भाजपा को सत्ता में वापस आने दिया तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को वह जुल्म झेलने होंगे जो अंग्रेजों ने भी नहीं किये थे। आने वाली पीढियां हमसे तब सवाल करेंगी उस समय हमारे पास उनके लिए जवाब नहीं होगा। भाजपा को सत्ता से बाहर कर ही हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे

सकते हैं। महंगाई ने कमर तोड कर रख दी है। बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। पढ जाएं तो रोजगार नहीं। गरीबों को इलाज मिलना मुश्किल हो गया है। मेहनती लोग हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी दो जून की रोटी का जुगाड़ नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में यह लोग चाहते हैं कि हम आपस मे लडते रहें और बर्बाद हो जाएं। राया मे बसपा प्रत्याशी का फूल माला और पटका पहनाकर डॉ. दशरथ कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. रघुराज चौधरी, कालीचरण शर्मा, तेजपाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, ब्रजेश उपमन्यु, गुलाब सिंह आदि ने स्वागत किया। गांव सेही, विसावली, बाल्टी गढ़ी, बिचपुरी, नगौडा, मदैम आदि गांवों में बसपा प्रत्याशी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और भारी बहुमत से जिताने का वादा किया।

मथुरा में करप्शन, पानी और पलायन उभर के आये बडे मुद्दे

● सरकारी तंत्र का भ्रष्टाचार है लोगों की जुबान पर

रोजगार के लिए युवाओं को जाना पड रहा बाहर

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। लोकसभा चुनाव में कुछ मुद्दे प्रदेश और देशभर के साथ स्थानीय स्तर पर भी तैरते हैं, वहीं हर चुनाव में जनता के कुछ स्थानीय मुद्दे भी होते हैं। माना जाता है जो प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों को जितने तेजी से पकड़ता है वह उतनी ही तेजी से जनता पर भी पकड़ बनता है। मथुरा में करप्शन, पानी और पलायन इस चुनाव बड़े मुद्दे उभर कर आये हैं। लोग इन मुंद्दों पर बोल रहे हैं। ये वह मुद्दे हैं जो आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से ताल्लुक रखते हैं। जनता की ओर से लगातार उठाये जा रहे इन मुद्दों ने प्रत्याशियों ने भी लपकना शुरू कर दिया है। यह अधिकांश आबादी को प्रभावित करने वाले मुद्दे हैं। इसलिए प्रत्याशी नुक्कड़ सभाओं से लेकर जनसभाओं तक इन पर बात कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार विकसित नहीं होने की स्थिति में युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों की ओर पलायन करना पड रहा है। महंगाई की मार और तकनीकी दक्षता के अभाव में युवा बाहर निकल तो जाते हैं लेकिन उन्हें ठीक ढंग का रोजगार नहीं मिलता है। खारे पानी की समस्या मथुरा जिले में हमेशा से रही है। यह समस्या समय के साथ और जटिल हुई है। भूगर्भीय जल प्रदूषण लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है। भू गर्भीय जल में लगातार बढता टीडीएस और भूगर्भीय जल का लगातार नीचे खिसकना भी बडा मुद्दा है। वहीं सरकारी तंत्र का भ्रष्टाचार भी चुनावी मुद्दा बन गया है। सुशासन के नाम पर बुलडोजर और पुलिसिया कार्यवाही की दुहाई दी जा रही है। वहीं जनता अपने पक्ष को भी अब बखूबी सामने ला रही है। लोग इस बात को पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं कि सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार ने उनका जीना दुश्वार कर दिया है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। यहां तक कि जनप्रतिनिधि भी इस विषय में जनता की सुनने को तैयार नहीं रहते हैं। चुनावी उंट किस करवट बैठेगा यह तो चुनाव परिणाम आने पर ही पता चलेगा लेकिन उंट की करवट कौन सी होगी यह तय करने में इन मुद्दों की अहम भूमिका रहने जा रही है।

संक्षिप्त ख़बरें

तीन दिवसीय बंगला अखण्ड संकीर्तन गायन का हुआ समापन

करौं, देवघर, झारखंड- रविवार को मधुपुर अनुमण्डल अंतर्गत करों प्रखण्ड के धार्मिक गांव करोंग्राम स्थित कर्णेश्वर प्रांगण में तीन दिवसीय बंगला अखण्ड संकीर्तन गायन का निताई- गौर मिलन, रासलीला, मानभंजन व कुंजभंग - पूर्णाहुति के भक्तिपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। इस अवसर पर रान्हा डूमरतर, चाँद चौरा, रानीडीह, केन्दबरिया, प्रतापपुर, सिरिया, सालतर, पंचगडिया आदि गाँवों से सैकड़ों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने संकीर्तन-पाठ का रसस्वादन किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के चर्चित संकीर्तन गयिका रूपाली शी ने निताय-गौर मिलन, कृष्णा लीला, राधा-मान पाला आदि के विभिन्न लौकिक व आध्यात्मिक पहलुओं के लोक जीवन आदि की महत्ता व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कृष्ण नाम ही मनुष्य का सम्बल है। मौके पर हरिनाम संकीर्तन के दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

डीएवी कपिलदेव में महात्मा हंसराज जयंती का हुआ आयोजन

रांची–डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में डीएवी का पहला स्कूल खोलनेवाले महापुरुष महात्मा हंसराज जी की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष हवन, भजन का आयोजन किया गया। मौके पर महात्मा हंसराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने इस अवसर पर महात्मा हंसराज जी के योगदान को याद किया और उनसे संबंधित घटनाओं का उल्लेख किया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार बचपन में हंसराज जी को पैसे की कमी से जूझना पड़ा और कैसे उन पर स्वामी दयानंद जी की बातों का असर हुआ। कैसे उन्होंने गुरुदत्त विद्यार्थी जी के साथ मिलकर डीएवी का पहला स्कूल लाहौर में खोला था। वक्ताओं ने महात्मा हंसराज जी भाई मुल्कराज जी को भी याद किया। मौके पर बच्चों के अलावा वरिष्ठ शिक्षक एस के राणा, पी सारंगी, चिर सुंदर ठाकुर, अरुण कुमार मंडल,आर के झा, आलोक इंद्र गुरु, साधना शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

मैट्रिक परीक्षा 2024 ओंकार उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

आदर्श कुमार ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर रामगढ़ जिला में टॉप टेन में स्थान बनाया

रामगढ़- मैट्रिक परीक्षा 2024 में ओंकार उच्च विद्यालय मुर्रामकला रामगढ़ का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कुल 64 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए जबकी बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। आदर्श कुमार 93.60 , दिव्या 92.40, ईशान राज 91.80,सपना कुमारी 91.60 आशीष कुमार 91.20, काजल कुमारी 90.80, डॉली कुमारी 90.60,प्रियंका कुमारी 90.20,रिया कुमारी 90.00 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहे। डॉयरेक्टर शोभाराम महतो प्रिंसिपल सुधांशु रंजन, शिक्षक हितेश कुमार, सपना कुमारी, अर्जुन कुमार, राजकुमार ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

उलगुलान न्याय महारैली कि भीड़ ऐतिहासिक- साजिद



हजारीबाग इंडिया गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान धुर्वा रांची में उलगुलान न्याय महारैली का आज अयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों हजार कि संख्या में इंडिया गठबंधन के ऊर्जावान नेता और कार्यकर्ता महारैली में शामिल हुए। सभी लोगों ने एक स्वर में लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया।

इस महारैली में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने भी अपने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आए हुए लोगों से गठबंधन के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करवाने का आह्वान किया जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि महारैली में आए हुए भीड़ अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। यह भीड़ दर्शाती है की केंद्र सरकार से भारतीय लोग कितने त्रस्त हैं। देश का हर एक व्यक्ति अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और हर कोई न्याय के लिए इंडिया गठबंधन और देश के जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही वजह कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण में स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि नरेंद्र मोदी लोकप्रियता घटी है और हर कोई सत्ता परिवर्तन चाहता है। महारैली में मुख्य रूप इजहारुल हूसैन, साबिर अली, शाहिद शेख, मुन्ना खान, सफ़र रज्जा, मो.इमतियाज, मुन्ना मल्लिक, नाजिर अली, मौलाना मुख्तार, मो खुरशिद अंसारी कमरुद्दीन आदि दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

गोमिया में बड़े पैमाने पर हो रही है जमीन की खरीद फरोख्त

स्वतंत्र प्रभात

गोमिया- इन दिनो गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में भू- माफियाओं के प्रलोभनकारी चंगुल में फंसकर यहां के रैयत अपनी पूर्वजों की कडी मेहनत से अर्जित की गई खेतीहर जमीनों को लगातार गंवा रहे हैं। इस संबंध में गोमिया के समाजसेवी रोहित यादव ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही जमीन की खरीद फरोख्त मामले में बड़े भू-माफियाओं के साथ काफी संख्या में छोटे-छोटे जमीन के दलाल जुड़े हुए हैं। ये सभी क्षेत्र में घूम-घूम कर जमीन का डिटेल पता करते हैं। जिसके बाद अशिक्षित और सीधे साधे खतियानधारीयों को विभिन्न प्रकार की षड्यंत्र के साथ प्रलोभन देकर उन्हें औने पौने दाम पर जमीन बेचने पर विवश करते हैं। यह सभी दलाल इस प्रकार की जमीनो को बड़े भू माफियाओं के पास अपनी कमीशन की बात कर जमीन को बेंचवाने का कार्य धड़ल्ले से कर रहे हैं। जबकि सरकार द्वारा बैंकों में जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लोन उपलब्ध कराया गया है। रैयत ग्रामिण अपनी जटिल समस्याओं का समाधान बैंकों से लोन लेकर भी कर सकते हैं। इसके बावजूद यहां के आदिवासी, मूलवासी ग्रामीण दलालों के षड्यंत्रकारी और प्रलोभनकारी चंगुल में फंसकर अपनी पूर्वजों की जमीन औने पौने दामों में बेचकर भूमिहीन हो रहे हैं और अपनी आने वाले पीढ़ियों को कमजोर कर रहे हैं। इसे लेकर समाजसेवी रोहित यादव ने पुलिस व प्रशासन से भूमाफियाओं पर नकेल कसने व आदिवासियों व मूलवासियों की जमीनों को सुरक्षित रखने की गुहार लगायी है।

C-Vigil एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत,100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

● स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष के लिए चुनाव आयोग की पहल

● जागरूक बनें और चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ष्ट-ङ्खद्बद्दद्बद्य मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है । सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है । आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के ÷आंख नाक कान÷ बनकर सजग मतदाता की भूमिका निभायें।

शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी श?िकायतें की जा सकती हैं।

चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के एक दर्जन पंचायतों में किया धुंआधार प्रचार

● 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में क्षेत्र की जनता का मिला पूर्ण समर्थन, भाजपा-आजसू कार्यकर्ता ने किया अभूतपूर्व स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है वहीं मौसम में गर्मी में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शनिवार को 44 डिग्री तापमान में बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण में जनसंपर्क अभियान चलाया और रविवार की सुबह से ही रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में जंगलों और पहाड़ों से घिरे पुरुलिया और बोकारो जिले के सिमाना क्षेत्र के गांव- गली- डगर में देर शाम तक पसीना बहाते हुए जनसंपर्क और जनसंवाद करते रहे। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान आगामी 20 में को होने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला चौक पहुंचने पर भाजपा और राज्य के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित ग्राम चक्रवाली से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। तत्पश्चात खाखरा, ऊपर खाखरा, चोकाद, पतरातु, प्रखंड डुंडी गाछी, बेटूलकलां, बिसा, मुरुडीह, संग्रामपुर, अवराडीह, सुथरपुर, ऊपर बरगा, हेठ बरगा, बरलंगा बस्ती, सरगडीह, डिमरा, सोकला, सोनडिमरा, नावाडीह, हारूबेड़ा, कोराम्बे, घाघरा, छोटकी हेसल, पूरबडीह, रायपुरा, बाघाकुदर, बरियातू सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। जहां हर गांव में स्थानीय लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया और आने वाले चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।

ग्रामीण मतदाताओं को खूब भा रहा है मनीष जायसवाल का खोरठा में भाषण और खटिया पर बैठकर संवाद

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा भाजपा मंडल के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल द्वारा खोरठा भाषा में भाषण देना और खटिया में बैठकर ग्रामीणों संग संवाद करने की प्रतिभा देख जहां स्थानीय मतदाताओं को अपनापन का एहसास कराया वहीं उनके इस तरह से प्रचार के तरीके स्थानीय ग्रामीण मतदाता को खूब भा रहा है। मनीष जायसवाल की सादगी और साफगोई की चर्चा उनके पहले दौरे से ही क्षेत्र में शुरू हो चुका है। एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल पिछले करीब 20 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 20 भाजपा मंडलों का तुफानी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान वे प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक पंचायतों के दर्जनों गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं और लोगों को यह एहसास करा रहें हैं की मनीष जायसवाल भी गांव का बेटा है और हमेशा सुलभता के साथ उपलब्ध रहता है।

इंडिया महागठबंधन में न नेता, न नीति और न नियत जबकि हमारे एनडीए गठबंधन में सर्वमान्य नेता मोदी है, तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं, भाजपा को कमल छाप पर वोट दें-मनीष जायसवाल

दौरे के क्रम में क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसंवाद को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की करीब 62 सालों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन गरीबों के उत्थान को एक भी योजनाओं का संचालन नहीं किया जबकि मोदी सरकार ने महज 10 सालों में गरीबों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा बल्कि गरीबी रेखा से भी ऊपर उठाने का सकारात्मक पहल किया। कांग्रेस जिस इंडी महागठबंधन के साथ है उसमे ना नेता है, ना नियत और ना ही कोई नीति, जबकि हमारे एनडीए गठबंधन में सर्वमान्य और विश्वस्तर के नेता नरेंद्र मोदी हैं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए उन्होंने कमल फूल छाप पर ही मतदान करने का अपील किया ।

मौके पर ये गणमान्य रहे मौजूद

मौके पर गोला प्रखंड प्रमुख गीता देवी, रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, आजसू के रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, रामगढ़ के पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ़ कुंटु बाबू, राजू चतुर्वेदी, रंजन सिंह फौजी, भाजपा के बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू साव, गोलकनाथ चौधरी, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल व मनोज यादव ने समान्नित कर बढ़ाया मनोबल

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड- चौपारण जैक बोर्ड द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें प्रखण्ड के लगभग सभी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं प्रखण्ड के सिंहपुर में कस्तूरबा जनजागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर व मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर के मानव कुमार सिन्हा व अनिकेत कुमार सिन्हा ने मैट्रिक परीक्षा में 473 (94.60 त्न) अंक लाकर पूरे प्रखण्ड में संयुक्तरूप से टॉपर बने। जनसम्पर्क अभियान के दौरान दादपुर आए सदर विधायक मनीष जयसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत कुमार सिन्हा को मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित कर उसके हौसले को बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों को भी समान्नित कर उनके मनोबल को बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बशर्ते उन्हें तराशने वाला सही कारीगर होने चाहिए। और यहाँ के शिक्षक बखूबी अपनी जिम्मेवारियों को निभा रहे है। तभी विद्यालय के बच्चे अच्छे कर रहे हैं। वहीं प्रखण्ड टॉपर अनिकेत इंजीनियर बनकर देश का सेवा करना चाहता है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया गंदौरी दांगी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव आदि व विद्यालय अध्यक्ष अरबिंद सिन्हा, प्रभारी धीरेन्द्र सिन्हा,शिक्षक सुजीत सिन्हा,अभिनाश सिन्हा,अमित सिन्हा,अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

सक्सेस पॉइंट बसरिया के बच्चे प्रत्येक वर्ष मैट्रिक में कर रहे है बेहतर प्रदर्शन, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड- चौपारण प्रखंड के बसरिया में संचालित सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान और संगम इंटर कॉलेज के विद्यार्थी लगातार मैट्रिक बोर्ड हो या इंटर बोर्ड लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं और एक नया कृतिमान पूरे बसरिया क्षेत्र में शिक्षा के प्रति रच रहे हैं7सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान और संगम इंटर कॉलेज के डायरेक्टर प्रकाश कुमार रजक ने सभी उत्तीर्ण हुए बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि पूरे वर्ष बच्चे द्वारा समय का सदुपयोग करने से बच्चों के लिए वरदान साबित होता है जो पूरे सक्सेस प्वाइंट के बच्चों में देखने को मिलता है वहीं शुक्रवार को जैक रांची द्वारा सत्र 2023-24 का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया 7 जिसमें सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान का कुल 145 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था7जिसका रिजल्ट सत प्रतिशत रहा और सबसे बडी बात की सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए7 प्रथम टॉपर कुणाल यादव पिता कैलाश यादव बेलाही 435 अंक लाकर बना,दूसरा टॉपर पीयूष कुमार पिता केदार भुइयां अमझर 423अंक लाकर बना, तीसरा टॉपर रौनक यादव पिता शंकर यादव बेलाही 420अंक लाकर बना,वहीं चौथा स्थान नितेश यादव पिता नरेश यादव 418अंक लाकर अव्वल रहे7अंबिका कुमारी 414, ऋतिक कुमार 413,निशु कुमारी 411, नित्या कुमारी 410 ,शशि कुमार 408 ,भोला यादव 407, प्रहलाद कुमार 402 ,मधु कुमारी 401 , शुभम वर्मा 397, दिव्या कुमारी 396,मेहताब अंसारी 393,खुशबू कुमारी 392, लक्ष्मी कुमारी 387, अरुण यादव 372, विक्रम यादव 369 , नजराना प्रवीण 365,संजना कुमारी 363, निशा कुमारी 362,सुप्रिया कुमारी 352, सारिका शर्मा 345, तनु कुमारी 301 आदि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

दीपिका को टिकट देने पर बिफरे नेता, विरोध तेज,ओबीसी उम्मीदवार उतारने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

गोड्डा- कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा से महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को उम्मीदवार बनाया है. श्रीमती पांडेय को टिकट मिलने के बाद गोड्डा की राजनीति में उफान है. विधायक प्रदीप यादव और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के समर्थक विरोध कर रहे हैं.कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए राहुल गांधी की कही बात पर अमल नहीं किया है. राहुल गांधी लगातार जैसी हिस्सेदारी, वैसी भागीदारी की बात करते रह रहे हैं. ऐसे में गोड्डा लोकसभा में किसी ओबीसी या किसी अल्पसंख्यक को उम्मीदवार बनाने की मांग कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे हैं.कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव विकास सिंह ने भी दीपिका पांडे को लेकर प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ राहुल गांधी तक संदेश पहुंचाना है. वे उन्हें बताना चाहते हैं कि टिकट पाने वाली दीपिका पांडे सिंह इस सीट से जीतने में सक्षम नहीं हैं.

इस दौरान कार्यकर्ता राजेश ठाकुर पर आरोप लगाते रहे और कहते दिखे कि प्रदीप यादव के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है. गौरतलब है कि दीपिका पांडे सिंह को गोड्डा लोकसभा से टिकट मिलने के बाद से ही प्रदीप यादव के करीबी लोग नाराज हैं और विरोध दर्ज करा रहे हैं. वहीं दीपिका पांडे सिंह ने कहा था कि जो नाराज लोग हैं वो उनसे बात करेंगी और उन्हें मनाएंगी।

बंगलिया मंडरो में आग लगने से आठ घर जलकर हुए राख

● सीओ, बीडीओ व मुखिया के द्वारा पहुंचाई गई राहत सामग्री

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड- साहिबगंज जिला के मंडरो प्रखंड मुख्यालय से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित बंगलिया गांव में दोपहर करीब 11 बजे के भीषण आग लगने से रानी सोरेन, कुल्फी सोरेन, अनिल टुडू सहित आठ घर जल कर राख में बदल गया। आग लगने से सभी के घर में रखा अनाज, पैसा, कुछ जानवर एव अन्य सारा घरेलू सामान जल कर खत्म हो गया है। ग्रामीणों का कहना है, अचानक आग लग जाने से इस तरह की घटना हुई है, हवा की तेज धारा चलने के कारण आग को सही समय पर काबू नहीं कर पाया। जिसके कारण समय पर आग को काबू किया नहीं जा सका था। वहीं बंगलिया गांव की महिला कुल्फी सोरेन ने कहा कि आग लगने से मेरा घर, 20 हजार नगद सहित घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। इसके अलावा सूचना मिल रही है कि अन्य कई घरों में भी घर मे रखा सारा अनाज कुछ जानवर जैसे बकरी, सुवर सहित अन्य पशु भी जल कर मर गया है।जबकि सूचना मिल रही है की कुछ बकरिया जल कर घायल अवस्था में है जिसका उपचार ग्रामीण चिकत्सकों द्वारा किया जा रहा है ।वहीं सारे ग्रामीणों का कहना है की हमारे पास रहने को घर नही है, बिछाने को चादर नही है खाने को राशन नहीं है,अब हम इस विकट परिस्थिति में कहां जायेंगे।वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव और सीओ पंकज कुमार भगत के द्वारा तुरंत स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में हर संभव मदद किया गया।। इसके अलावा सभी लोगो को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। थोड़ी देर बाद सभी घरवालों को मंडरो सीओ पंकज कुमार भगत, बीडीओ मेघनाथ उरांव,पंचायत मुखिया राजेश, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र आदि के माध्यम से चावल, दाल, मूढ़ी, गूढ़, चूड़ा सहित अन्य राहत सामग्री पहुंचाई गई। वहीं सीओ पंकज कुमार भगत के द्वारा कहा गया की यह बहुत ही दुखद घटना है। हर संभव जो भी हो हमारे माध्यम से मदद की जायेगी।

झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर बसपा ने की चुनाव लड़ने की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात

पलामू, झारखंड- बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। बहुजन समाज पार्टी ने पलामू लोकसभा सीट से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा और सिंहभूम सीट से परदेसी लाल मुंडा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अगले दो दिनों में बहुजन समाज पार्टी झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा करेगी। बसपा के सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने से कई राजनीतिक दलों के समीकरण बदल सकते हैं। बहुजन समाज पार्टी ने 2019 की लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ा किया था. 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने झारखंड की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता उर्फ राजन मेहता ने बताया कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है। अगले दो दिनों में सभी सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी। कई दूसरे दलों के नेता भी पार्टी के संपर्क में हैं। राजन मेहता ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी झारखंड में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कई सीटों पर बसपा की जीत का भी दावा किया है। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी को सभी वर्गों का साथ मिल रहा है। कामेश्वर बैठा पलामू से पहले भी सांसद रह चुके हैं और बसपा से चुनाव भी लड़े हैं।।कामेश्वर बैठा पलामू से मजबूत प्रत्याशी साबित होंगे।

भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

टूण्डला- भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ सत्यम शिवम मैरिज होम टूण्डला में यज्ञ हवन के द्वारा संपन्न हुआ यज्ञ के पश्चात सभा संपन्न हुई सभा में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा इस बार हम टूण्डला विधानसभा से एक लाख वोटो से बढ़त बनाएंगे व लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएंगे, महानगर अध्यक्ष राकेश शंकर ने कहा फिरोजाबाद लोकसभा में हम 2 लाख वोटो बढ़त बनाते हुए भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाएंगे भाजपा प्रत्याशी डॉ विश्वदीप सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी परिवार में मुझे जो सम्मान मिला है उसका मैं जीवन पर्यंत रिडी रहूंगा मुझे इस बार सभी देवतुल्य कार्यकर्ता अपना आशीर्वाद प्रदान करें और एक कमल का फूल चुनकर दिल्ली के सिंहासन में लगे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने कार्यक्रम में एनडीए गठबंधन के भी मुख्य रूप से लोकदल जिलाध्यक्ष मास्टर देशराज सिंह, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीनिवास निषाद, व भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे। जिनमें मुख्य रूप से हनुमंत बघेल, प्रेम पाल धनगर विधायक टूण्डला, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा,वृंदावन लाल गुप्ता दीपक चौधरी, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, चौधरी हम्वीर सिंह, दिनेश गुप्ता नगर अध्यक्ष टूण्डला, सतीश बघेल, सुशील चक, क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, लोकेंद्र पौनिया,महेन्द्र झा,मुकेश पचौरी, हरिओम भारत, सीताराम एडवोकेट , नीलम दिवाकर, देवेंद्र बेनीवाल, डॉ पूरन निषाद, विनोद पाल सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू,विनोद सविता, डॉ जोगेंद्र भारद्वाज, जयदीप का पाराशर, पुष्पेंद्र गुप्ता, राकेश प्रताप सिंह, कमल वाल्मीकि, महेश माहौर व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

रामनवमी पर्व शांति व सौहार्दपूर्वक सम्पन्न होना, इसके लिए पुलिस व प्रशासन बधाई के पात्र- अब्दुल मनान वारसी

स्वतंत्र प्रभात

बरही-कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए बधाई के पात्र बताया है। अब्दुल मनान वारसी ने बयान जारी कर कहा है कि बरही व जिले का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इधर समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखी गई तो उधर शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है जो काबिल ए तारीफ है, उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

आबकारी अधिनियम में एक गिरफ्तार, 40 लीटर अवैध शराब बरामद

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति,वाहन के दौरान एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने पुलिस को अपना नाम सुनील निवासी ग्राम बहोरी डांडा रपड़ी थाना नसीरपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो प्लास्टिक की कट्टी में 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ 60 आबकारी अधिनिमय के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

दलबदलू- हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद?

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा? तो शायद ही इसके जवाब में कोई 'हाँ' कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी,स्वार्थी,चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी ,जातिवादी,मक्कार,झूठे,बेईमान,दलबदलू ,अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही MLA का फुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन,स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके 'वैचारिक धर्म परिवर्तन' या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेते हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर %दलबदलू % होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौक़ापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मक़सद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई ज़रुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फ़िलहाल कोई ख़ास ज़रुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को "पन्ना प्रमुख" बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा करा दिया है।

दलबदलुओं ख़ासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और 'खेल' खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज़्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुज़ारियां,इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहज़ाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नज़र नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया।

दरअसल इसमें ज़मीरफ़रोश नेताओं की ग़लती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की ग़लती ज़्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है,फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने ख़ुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफ़ादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज़्ज़त, शोहरत, पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी 'क़ीमत' लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता,अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफ़ादार हो सकता है? बक़ौल मिर्ज़ा ग़ालिब - हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।।

तनवीर जाफ़री

पानी का संरक्षण, पृथ्वी में जीवन का संरक्षण (जल की एक एक बूंद जीवन के लिए बहु उपयोगी)



जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70त्न भाग जल से आच्छादित हैद्यपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97त्न समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअतः मात्र 3त्न जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध ठ्ठश्ठ-द्दश1द्गह्लठ्ठद्वद्गठ्ठह्लड्डद्य ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25त्न जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5त्न है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1त्न से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1त्न से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, संयोजन कर्ता,

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

संपादकीय

नौंवा लोकसभा चुनाव- आरंभ हुआ गठबंधन सरकारों का दौर

1984 के चुनावों के बाद देश की कमान प्रचंड बहुमत के साथ युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हाथों में आ गई। राजीव के कार्यकाल में देश में ऐसे बहुत से कार्य हुए जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। राजीव गांधी को 21वीं सदी के भारत का निर्माता भी कहा जाता है। राजीव गांधी को उनके दौर में अनचाहा और अपरिपक्व राजनेता और प्रधानमंत्री कहा जाता रहा। वे खुद पहले राजनीति में नहीं आना चाहते थे, लेकिन भाई संजय गांधी की असामयिक मौत के बाद उन्हे मां इंदिरा गांधी के कहने पर राजनीति में आना पड़ा। वो अपनी मां और भाई की तरह मंजे हुए राजनीतिक नही थे लेकिन इन सब के बावजूद उन्होंने ने अपने कार्यकाल में ऐसे कई फैसले लिए हैं जो आगे चलकर बहुत महत्वपूर्ण और दूरगामी साबित हुए। उनके कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियां दूरसंचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति रही। इसी सरकार के दौरान आया शाहबानों केस का फैसला और एक घोटाला जिसे वोफोर्स घोटाला कहा जाता है कांग्रेस के राजनीतिक पतन का कारण बने।

1985 में आए शाहबानों केस फैसले को पलट

तत्कालीन सरकार ने मुस्लिम महिला (अधिकार और तलाक संरक्षण) विधेयक 1986 संसद से पारित करवा दिया और मुस्लिम वैवाहिक मामलों में फिर से शरीयत कानून को कायम कर दिया। एक अपरिपक्व राजनेता की गलती ने विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा दे दिया। इसके बाद

विपक्ष के हाथ आया तुरूप का इक्का जब

1987 में स्वीडिश रेडियो ने 1986 में हुई बोफोर्स तोप डील में दलाली और भ्रष्टाचार के आरोपों की खबर चलाई। आरोप था कि कंपनी ने सौदे के लिए भारत के नेताओं और रक्षा विभाग के अधिकारी को 60 करोड़ रुपए घूस दी है। इसके बाद देश के मीडिया में भी यह खबर तेजी से फैली। आरोप लगने के बाद कैग ने इसकी जांच की थी। कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हथियारों को मानकों का उलंघन करके खरीदा गया था। इसके साथ कैग ने यह भी बताया कि हथियारों की डिलीवरी में जानबूझकर देरी की गई। 24 जून 1989 बोफोर्स तोप घोटाले के आरोपों ने लोकसभा में पूरे विपक्ष को एकजुट कर दिया था। वह भी तब जब विपक्ष का कोई नेता नहीं था। सत्ता पक्ष के तत्कालीन रक्षामंत्री वी.पी.सिंह अघोषित रूप से विपक्ष का नेता बन गए थे। इस दौरान विपक्ष के 110 सांसदों में से 106 ने इस्तीफा दे दिया था। मतभेदों के चलते वी.पी.सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी। अपने विपक्ष के कद्दावर नेताओ के साथ मिल कर जनता दल पार्टी का गठन किया। जिसका चुनाव चिन्ह था चक्र। वीपी सिंह ने तेलुगु देशम पार्टी , द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और असम गण परिषद जैसे क्षेत्रीय दलों से लेकर सभी अलग-अलग पार्टियों को एक साथ एकजुट किया और एनटी रामाराव को भारतीय चुनाव इतिहास का अध्यक्ष और वीपी सिंह को अध्यक्ष बनाकर राष्ट्रीय मोर्चा बनाया। संयोजक मोर्चे में दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाले वामपंथी वाम मोर्चे का बाहरी समर्थन भी शामिल था। कांग्रेस सरकार का कार्यकाल पूर्ण होने पर 1989 में दो चरण में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए। लोकसभा की 525 सीटों के लिए 22 नवंबर और 26 नवंबर 1989 को मतदान हुआ। इन चुनावों में कांग्रेस फिर से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

लेकिन, सरकार बनाने की जगह पार्टी ने विपक्ष में बैठने की ठानी। विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के दसवें प्रधानमंत्री बनें। ये ही भारत में गठबंधन सरकारों के दौर की शुरुआत थी। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनके बेटे राजीव गांधी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में बैठे। बोफोर्स घोटाले से लेकर एलटीटीई और श्रीलंका सरकार के बीच गृह युद्ध तक कई मोर्च पर राजीव सरकार बुरी तरह से घिर चुकी थी। सरकार में वित्त मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले वीपी सिंह ही राजीव गांधी के कट्टर आलोचन बनकर उभरे। 1989 में दो चरण में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए। लोकसभा की 525 सीटों के लिए 22 नवंबर और 26 नवंबर 1989 को मतदान हुआ। राष्ट्रीय मोर्च के सबसे बड़े घटक जनता दल ने चुनाव में 143 सीटें जीतीं। कांग्रेस के खाते में 197 सीटें आई। भारतीय जनता पार्टी ने 85 सीटें जीतीं। माकपा और भाकपा ने क्रमशः 33 और 12 सीटें जीतीं। निर्दलीय और दूसरे छोटे दलों ने 59 सीटें जीतीं। भारतीय सोशलिस्ट कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट आई। किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इसी के साथ पहली बार देश में कांग्रेस का एकछत्र राज टूटा। राष्ट्रपति आर वेंकटरमण ने सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को सरकार बनाने के न्योता दिया। लेकिन कांग्रेस ने विपक्ष में बैठने का फैसला लिया। जनता दल और दूसरी क्षेत्रीय पार्टियों की मदद से नेशनल फ्रंट की सरकार बनी। वी पी सिंह प्रधानमंत्री चुने गए। यह पहली बार था जब कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकने के लिए विचारों की विविधता के बावजूद भी दक्षिणपंथी पार्टी भाजपा और वामपंथी पार्टियां एक साथ आई थी। लेफ्ट और भाजपा ने नेशनल फ्रंट सरकार को बाहर से समर्थन दिया। इसी के साथ गठबंधन सरकारों का लंबा दौर शुरु हुआ जो कि साल 2014 में मोदी लहर की बदौलत टूटा। वीपी सिंह की सरकार ज्यादा लंबी नहीं चली और गठबंधन की राजनीति देश को स्थिर सरकार देने में नाकाम रहीं। 11 महीने में ही वीपी सिंह के नेतृत्व वाली नेशनल फ्रंट की मिलीजुली सरकार ने सदन में विश्वास मत खो दिया और वीपी सिंह को इस्तीफा देना पड़ा।

जितेन्द्र सिंह पत्रकार

दैनिक राशिफल 22/04/2024

1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

संक्षिप्त ख़बरें

रैना जयसवाल उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

गोरखपुर। रैना जयसवाल ने हाल ही में मिस एंड मिसेज उत्तर प्रदेश अवार्ड में अपने जादूमंद प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। उन्होंने इस उपलब्धि से कई लड़कियों को हौसला दिया है कि अगर उनके हौसले बुलंद हैं, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है। रैना, जो मुजफ्फरपुर की निवासी हैं, ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने 2014 में मिस मुजफ्फरपुर का खिताब जीता था और उसके बाद से हर कदम पर उनकी प्रगति में कोई रुकावट नहीं आई। उन्होंने अपनी प्रेरणादायक कहानी से सबको प्रेरित किया है। इस प्रतियोगिता में, जिसका आयोजन क्रिएटिव आई फाउंडेशन ने किया था, रैना ने मिसेज फैशन आइकान का ताज हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें बल्कि पूरे पूर्वांचल को भी गौरवान्वित किया है। रैना ने बताया कि इस सफलता से महिलाओं में स्वावलंबन और आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है। इस महत्वपूर्ण क्षण पर, उन्हें उनके पिता कौशल कुमार और माता संगीता जयसवाल के साथ हमारी शुभकामनाएँ स्वीकार करनी चाहिए।

यू पी बोर्ड के दसवीं की परीक्षा में सलोनी व वैष्णवी ने लाया 91.2 फीसदी अंक

जनपद का बढ़ाया मान

देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के दसवी कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जनपद के दुबौली गांव की छात्रा सलोनी दुबे ने 91.2त्न अंक प्राप्त कर जनपद का मान बढ़ाया है। सलोनी के पिता राजेश दुबे और अन्य शुभ चिंतकों ने सलोनी के इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाई दी है। इस दौरान बी आर डी इंटर कालेज की छात्रा सलोनी ने बताया कि उनका लक्ष्य चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है। वहीं सीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज बेलकुंडा बनसप्ती बाजार देवरिया की छात्रा वैष्णवी जायसवाल ने 456 / 500 अंक प्राप्त करते हुए 91.2त्न के साथ फर्स्ट ऑनर्स उत्तीर्ण घोषित किया है। पिता सरस ने वैष्णवी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मोदी सरकार ने अन्नदाताओं का किया सम्मान- शशांक

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा ने रामपुर विधानसभा के मिश्रौली में लोकसभा देवरिया के प्रत्याशी शशांक मणि का स्वागत कर अन्नदाताओं से सम्पर्क किया और उन्हें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में पहुँचे शशांक मणि का कार्यकर्ताओ ने फूल-माला,ढोल-नगाड़े और ट्रैक्टर के काफिले के साथ भव्य स्वागत किया, इसके बाद शशांक मणि ने गौ पूजन कर अन्नदाताओं के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार हमेशा किसानों की फिक्र कर रही है। इस दौरान मनीष तिवारी, आनंद मिश्र बबलू, विनोद पाण्डेय, तारकेश्वर, संजय, मनोहर गुप्ता, बृजेश मिश्र, विनोद शर्मा, कमलेश साहनी, अखिलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

26 अप्रैल को मतदान को लेकर जनता के बीच जा जा वोट देने के लिए जागरूक किये, पहले मतदान फिर जलपान, पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

भागलपुर/नाथनगर (बिहार) लोकसभा सभा चुनाव को लेकर शहर चौक चौराहों पर अपने अपने प्रत्याशी को लेकर चर्चा तेज हो गया है। वहीं पार्टी से हट कर लोकसभा क्षेत्र के विकास के हित में करे अपना मतदान, देश में सबसे बड़ा लोकतंत्र लोकसभा का चुनाव है जो कि भागलपुर में 26 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में ज्यादा से जादा मतदाता घर से निकले और अपना अधिकार यानी वोट करें, यह अपना अधिकार है जो जरूर दें।

वैवाहिक कार्यक्रम के एक दिन पूर्व बर पक्ष ने किया शादी से इंकार, दूल्हे सहित 9 लोगो पर दर्ज हुआ गम्भीर केश में मुकदमा

- सोशल मीडिया पर शादी कार्यक्रम स्थगित का सन्देश देख कन्या पक्ष के घर मे मचा हड़कम्प
- सरार्फा बाजार में हुए बैठक में लड़के के पिता के डिमांड की खुली पोल
- रिंग सेरमनी के बाद बतौर पति पत्नी हक दिखा कर लड़के ने किया मानसिक ताड़ना व शारीरिक शोषण
- खजनी के स्वर्ण ब्यवसाई के पुत्री का 21 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम किया था तैयारी

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र निवासी एक स्वर्ण ब्यवसाई परिवार में उस समय हड़कम्प मच गया। जब हल्दी के दिन,बर पक्ष ने अपने लड़के की बारात लाने से इंकार कर दिया। सूचना पर कन्या पक्ष के परिजन में हड़कम्प मच गया। तत्काल परिजन दूल्हे के घर पहुंचे तो पूरा परिवार घर बन्द कर फरार थ, तब बधू पक्ष के लोगो ने सर्राफा कमेंटी के अध्यक्ष को सूचना दिया ,कमेटी के अध्यक्ष बर पक्ष को बुलाकर शादी करने का दबाव दिए ,लेकिन बर पक्ष के लोगो ने हंगामा कर ब्राभक ऑडियो सुना कर गुमराह करने पर उतारू हो गए। उसी समय बर पक्ष के लोगो का पोल खुल गया। जिसमे दोनो पक्ष में लम्बे बहस के बाद नतीजा पर कोई असर नही हुआ ,फिरहाल बर पक्ष रिंग सेरमनी के बाद लड़की का शारीरिक शोषण किया और खड़यँत्र के तहत अधिक धन का डिमांड कर शादी काट देने का बात सामने आया। पीड़ित पक्ष सामाजिक आर्थिक पर वार किया गया , कन्या ले ऑडियो सुनियोजित ढंग तैयार कर बचाव का हथियार बनाया जाना बताया जा रहा है , फिरहाल खजनी पुलिस गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर फरार आरोपियों के तलाश में जुट गई है।

मामला खजनी कस्बे का है, स्वर्ण ब्यवसाई रामजी बर्मा ने अपनी पुत्री का विवाह राजघाट थाना क्षेत्र हांसुपुर निवासी अमित बर्मा पुत्र गिरजेश बर्मा के साथ 21 मार्च 2024 को तय किया गया था , जिसको लेकर रामजी बर्मा ने पूरी तैयारी कर लिया था, लेकिन खड़यँत्रकारी "बर" पक्ष के परिवार का पोल तब खुला जब लड़की के पिता से तय राशि वसुल कर लेने के बाद पुनः डिमांड किया गया ,डिमांड पूरा न होने के दशा में शादी तोड़ देना व लड़के द्वारा लड़की के साथ गुमराह कर खड़यँत्र के तहत ब्लैक मेल कर शादी तोड़ कर पूरे परिवार में अफरातफरी मचा दिया।

"कुछ वर्ष पूर्व भी दूल्हे का परिवार कर चुका ऐसी घटना"

मिली जानकारी के अनुसार 6 माह पूर्व भी अमित बर्मा की शादी काट दी गई थी, उसमें भी बर पक्ष के लोग इसी प्रकार लड़की पक्ष को धन दोहन कर प्रताड़ित कर तोड़ा जा चुका था।

"सोशल मीडिया में शादी तोड़ने का बजेज सन्देश"

कन्या पक्ष में कोहराम तब मच गया, जब हल्दी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद लड़का पक्ष एक सन्देश सोसल मीडिया पर वारयल की बात शुभेक्षुओ ने बताया, उसी समय पूरा परिवार सन्नाटा छा गया।

"गम्भीर धाराओं में दर्ज हुआ दूल्हे के परिवार पर मुकदमा"

पीड़ित परिवारी उच्चाधिकारी शिकायत कर स्थानीय थाना में तहरीर देकर गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है ,खजनी पुलिस दूल्हा अमित बर्मा ,उसके पिता गिरजेश बर्मा, मामा राजेश बर्मा , सूरज बर्मा ,प्रियंका बर्मा , दूल्हे की मां मंजू देवी, दूल्हे के जीजा मनीष बर्मा सहित अन्य पर पंजीकृत मुकदमे आरोपियों के लताश में जुट गई है।

रिहायशी झोपड़ी में अचानक लगी आग से अगल बगल की रिहायशी झोपड़ीया व 9 बकरियां जली,खाद्यान भी हुआ खाक

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। गोला उपनगर के वार्ड नं 11 बनकटा की बाग में सड़क के किनारे झोपड़ी डालकर आशियाना बनाये बॉस फोरो के झोपड़ी में रविवार को दिन लगभग 12 बजे अचानकअज्ञात कारणों से आग लग गयी।जिससे सभी झोपड़ियां देखते देखते धु धु कर जलने लगी। झोपड़ीयो में रखा सारा घर ग्रहस्ती का सामान जल कर खाक हो गया साथ ही बंधी 9 बकरियां आग में जलकर मर गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काफी मेहनत कर काबू पाई।

प्राप्त बिबरण केअनुसार वार्ड संख्या 11 में मुन्ना प्रेमचंद और सुबाष आदि बासंफोड़ की सटे रिहाइशी झोपड़ियां थी।उसी में अपने परिवार के साथ रहकर के अपना जीवकोपार्जन करते थे। झोपड़ियों में बकरियां सहित खाद्य सामग्री घर गृहस्ती का सामान भी रखा हुआ था रविवार को दिन में 12 बजे के आसपास अचानकअज्ञात कारणों से आग लग गई और झोपड़ी धू धू कर जलने लगी उसमें मुन्ना की 6 और प्रेमचंद की 3 बधी बकरियां थी जिसको बचाने की भरपूर कोशिश किया लेकिन एक भी बकरी बच नहीं पाई। मुन्ना ने बताया कि झोपड़ी में घर गृहस्थी और खाद्य सामग्री सहित बकरियां रहती थी जो जलकर राख हो गई। मौके पर पुलिस विभाग तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाई। राजस्व विभाग के लोग भी घटना स्थल पर पहुंचे। रिपोर्ट अपने अधिकारियों को भेज दिए।

प्रखंड के अलग-अलग जगह पर हुआ सड़क दुर्घटना, दो की हुई मौत, दो हुए घायल

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण- प्रखंड के लिए रविवार का दिन अशुभ रहा। रविवार के अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे प्रखंड के दो युवकों का अलग अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक घायल को हज़ारीबाग तो दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर की सूचना है। पहली घटना इटखोरी में सुबह 5 बजे के करीब की बताई जाती है। जहाँ चौपारण के दैहर पंचायत के ग्राम हथिन्दर के तीन युवक एक बाइक से एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच इटखोरी के समीप उनका बाइक एक्सीडेंट कर गया। बाइक के एक्सीडेंट होने से उसमें सवार एक युवक कुंदन भुइयां पिता बद्री भुइयां माता आशा देवी का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक रामचन्द्र भुइयाँ के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर किया गया। वहीं तीसरे युवक को इलाज के लिए हज़ारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया । इस बात की जानकारी समाजसेवी नागेन्द्र कुमार कुशवाहा ने दी। वहीं घटना की खबर सुनकर बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला मृतक के घर दैहर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर दैहर मुखिया ब्रह्मदेव भुइयाँ,कोठारी सिंह एवं अन्य उपस्तिथ थे।

वहीं दूसरी घटना चतरा रोड के सवैया पुल के समीप घटी। जहां प्रखण्ड के बसरिया पंचायत के युवक सागर कुमार चंद्रवंशी पिता हरदेव चन्द्रवंशी उम्र 40 वर्ष अपने स्कूटी से इटखोरी तरफ से एक शादी समारोह से वापस अपना घर लौट रहा था। इसी बीच चतरा रोड के सवैया मोड़ के समीप किसी अज्ञात गाड़ी ने स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया और युवक को कुचलते हुए इटखोरी तरफ फरार हो गया। जिसके बाद आसपास के लोग दौड़े पर तबतक युवक का जान जा चुका था। घटना की खबर सुनकर जिप सदस्य राकेश रंजन घटना स्थल पर पहुंचे और युवक के आईडी कार्ड को निकाल कर मृतक परिजनों व प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से सूचीत किया। जिसके बाद मृतक के पार्थिव शरीर को आपदा मित्र के एम्बुलेंस के मदद से चौपारण ले जाया गया। जहां से चौपारण पुलिस ने डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। ज्ञात हो कि मृतक का पिछले वर्ष ही मयूरहण्ड प्रखण्ड के धनगंवा में शादी हुआ था। इधर घटना की खबर मिलते ही मृतक के माता और उनकी पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

शहर में एच एम क्लासेस छात्र-छात्राए को कम फीस में समुचित रूप से शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवा रहा

स्वतंत्र प्रभात

भागलपुर (बिहार)छात्र छात्राओं को समुचित रूप से शिक्षा व्यवस्था व मात्र 200मंथली फीस पर शीतला स्थान चौक पर स्थित एच एम क्लासेस है। डायरेक्टर ललन कुमार अपने माता-पिता के नाम से एच एम क्लासेस चला रहे हैं ।वही इशाकचक ऐरिया में श्री चाणक्या एजुकेशन इंस्टीट्यूट इसके डायरेक्टर राजेश कुमार हैं अपनी कड़ी मेहनत और लगन के साथ छात्र-छात्राओं को अनइनस्टेट के भांति काफी कम फीस में समुचित रूप से शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवा रहे हैं।वैसे धीरे-धीरे छात्र-छात्राओं का संख्या बढ़ रहा है। आज अगर हम बात करें तो यूपीएससी के बारे में या बीएससी के बारे में सभी क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं ने इन इंस्टीट्यूट से सुनहरा भविष्य स्थापित किया है।वैसे देखा जाए तो कुतुबगंज मिरजानहाट,मोहदीनगर, इशाकचक,कमलनगर, सिकेदरपुर व अन्य जगहों से छात्र सुनहरा भविष्य बनाने के लिए पहुंच रहे हैं।आज कई स्टूडेंट चाणक्य एजुकेशन इंस्टिट्यूट तथा एच एम क्लासेस से सभी सरकारी क्षेत्र के दुनिया में अपना अपना सुनहरा भविष्य सवार रहे हैं। यूपीएससी बीपीएससी के माध्यम से स्टूडेंट रेलवे बैंक प्रशासनिक विभाग में जाकर अपने पेरेंट्स के साथ-साथ इंस्टिट्यूट का नाम रोशन कर रहे

हैं। वही तत्काल देखा जाए तो एच एम क्लासेस मिरजानहाट में कुतुमगंज, इशाकचक ,कमलनगर, लोदीपुर, चौधरीडीह, हुसैनाबाद ,पानी टंकी सिकंदरपुर व अन्य जगहों से छात्र छात्राओं को मात्र 200 के फीस पर पढ़ाया जा रहा है।

नज़रबंदी कर लोगों की आवाज दबाने का कार्य कर रही है भाजपा- जितेन्द्र शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के सह -संयोजक जितेंद्र शर्मा को प्रधानमंत्री के अलीगढ़ आगमन से 48 घंटे पूर्व नज़रबंद कर दिया गया। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था तहत 19 अप्रैल 24 को जब प्रधानमंत्री के अलीगढ़ आगमन का समाचार प्राप्त हुआ तो मोर्चा द्वारा सुनिश्चित किया गया कि अलीगढ़ में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर पूर्व से की जा रही मांगों से अवगत कराया जाए। अलीगढ़ में 8 जून 2020 से बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने हेतु एम्स स्थापित मांग एवं जनपद के किसानों की अन्य मांगों को लेकर गांव गांव हस्ताक्षर अभियान चला जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर आज़ तक जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा लोकसभा में नहीं रखा गया । समय-समय पर प्रधानमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किए गए ,लेकिन आज तक संज्ञान नहीं लिया गया । जब जिलाधिकारी को पत्र भेज मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की प्रधानमंत्री से मुलाकात हेतु समय प्रदान किए जाने की अनुमति मांगी गई । जिस पर प्रशासन द्वारा जितेन्द्र शर्मा के आवास पर आ नज़रबंद कर दिया गया । देश में लोकतंत्र बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर चलता है और उक्त क्रम राजतंत्र जैसा है । सत्ताधारी पार्टी को अलीगढ़ की जनता जनार्दन की आवश्यकता से कोई सरोकार नहीं है । सिर्फ़ जुमले बाज़ी कर गुमराह कर सत्ता हासिल करना उद्देश्य रह गया है । तानाशाही रवैया अख्तियार किया जा रहा है। नज़रबंद करवा अलीगढ़ की सरजमीं पर आ अलीगढ़ वासियों की आवाज दमनकारी नीति लागू कर दबाया गया है । हमारे द्वारा प्रत्येक रविवार को सहज योग केंद्र जा पूजन किया जाता है । आज़ जबरिया पूजा करने जाने से भी रोका गया है ,मांग पत्र सौंपने हेतु प्रशासन द्वारा कहा गया कि भारतीय नागरिक के अधिकार तहत उनका हनन दमनकारी नीति अपनाए जाने वाले प्रशासन जों पूर्णतः भाजपा दबाव में कार्य कर रहा है। जब नागरिकता अधिकारों का हनन कर नज़रबंद कर दिया ,तो मुमकिन है कि भारतीय नागरिक को गुलाम बना दिया और गुलाम नागरिकों से मांग पत्र नहीं अपितु प्रताड़ित किया जाता है।

मतदाता को बूथ ढूंढने के लिए नहीं होगी परेशानी

- मतदाता पर्ची पर रहेगा क्यूआर कोड, मोबाइल पर स्कैन करते ही मिलेगा पोलिंग बूथ का विवरण

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने शनिवार को भ्रमण कर बीएलओ द्वारा घर-घर पहुँचाई जा रही मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु नामित एडीएम स्तर के अधिकारियों एवं एआरओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा भी भ्रमणशील रहकर मतदाता पर्ची वितरण की समीक्षा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया। अपने भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं मतदाताओं से संवाद कर मतदाता पर्ची वितरण के बारे में जानकारी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 26 अप्रैल को अपना मतदान अवश्य करें।

तहसील सभागार में की बैठक:

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची एवं वोटर इंफॉर्मेशन गाइड का वितरण सुनिश्चित कराने के लिए शनिवार को तहसील सभागार कोल में 75-कोल एवं 76-शहर के बीएलओ के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस में वितरण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि मतदाता पर्ची स्वयं मतदाता या परिवार के मुखिया को दी जा सकती है, बल्क में मतदाता पर्ची का वितरण न किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची हस्तगत करानी है, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मतदेय स्थल खोजने में भी सहायक है मतदाता पर्ची:

26 अप्रैल मतदान दिवस पर मतदाता को अपने पोलिंग बूथ को ढूंढने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। मतदाता को पोलिंग बूथ का पता बताने के लिए प्रत्येक मतदाता पर्ची पर क्यूआर कोड अंकित है, जिसे मोबाइल पर स्कैन करते ही पोलिंग बूथ का पूरा विवरण पता चल जाएगा। बता दें कि जिले में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को विधानसभा कोल, शहर, अतरौली, बरौली एवं खैर में जबकि तीसरे चरण में 07 मई को विधानसभा छर्रा व इगलास विधानसभा में मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में जिले में मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्चियों का वितरण किया जा रहा है।

ईको पलटने से मची यात्रियों की चीख-पुकार

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। थाना इगलास क्षेत्र में रिश्तेदारी में बीमार व्यक्ति का हाल चाल लेने जा रहे परिवार की ईको कार टायर फटने से खंती में जा पलटी। आनन-फानन सवारियों को लोगों ने ईको से बाहर निकाला। घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं।

थाना इगलास के गांव गिंदौरा निवासी ऋषि कुमार ने बताया कि खैर के गांव अरनी में उनकी बहिन रहती है। उनके बहनोई की तबियत खराब होने पर वह और उनके पिता बेनामी सिंह पुत्र होतीलाल, उनकी मां बुद्धो देवी , भाभी व दो छोटे बच्चे ईको कार से जा रहे थे। गोरई-गोंडा मार्ग पर गांव पाइन्दापुर बम्बा के पास चलती हुई गाड़ी का टायर अचानक फट गया।

टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार को ऋषि कुमार ने संभालने का प्रयास किया, परन्तु इतनी देर में कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। कार पलटते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीर मौके पर रुक गए और सवारियों को बाहर निकाल लिया। हादसे में बेनामी सिंह व बुद्धो देवी के हाथ व कान में चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए भेज दिया गया। ईको में सवार अन्य सवारियां सुरक्षित बताई जा रही हैं।

दुग्धाभिषेक कर छप्पन भोग से हुई महा आरती

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। महानगर के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मन्दिर अलीगढ़ का 24 वाँ पाटोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। वार्ष्णेय मन्दिर के प्रवक्ता भुवनेश आधुनिक एवम अंकित वार्ष्णेय के अनुसार मन्दिर के महन्त पंडित मनोज मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य प्रातः 10 बजे ठाकुर जी का दुग्धाभिषेक विधि विधान से कराया । तत्पश्चात वासुदेवाय महायज्ञ को वैदिक मंत्रों के साथ पूर्ण कराया गया ।सभी भक्तों ने अपनी आहुतियाँ दी । रात्रि में ठाकुर जी की महाआरती 2100 थालों से की गई। महाआरती में जब एक साथ 2100 थाल आरती के लिए उठे तो मानो समुद्र की लहरें उठ रही हों । भक्तों की ऐसी भारी भीड़ उमड़ पड़ी कि वार्ष्णेय मंदिर का विशाल प्रांगण भी छोटा पड़ गया । इस अवसर पर छप्पन भोग के दर्शन भी सभी भक्तों ने किए।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण- हरीश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले मेंभाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विवेकानंद मिश्रा व संचालन जिला संयोजक डा.रघुबर पांडेय ने किया। शिक्षक सम्मलेन उमड़ी शिक्षकों की भीड़ से आयोजक गदगद रहे। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार शिक्षक हितों का निरंतर ख्याल रख रही है।

सांसद श्री द्विवेदी ने बताया कि बस्ती में विकास की गंगा बह रह गई हैं। हमने दस वर्षो ने ऐतिहासिक काम किया है। मोदी सरकार गांव, गरीब किसानों के लिए निरंतर काम कर रही है। बस्ती मेडिकल कालेज, इंजिनियरिंग कालेज, पुस्तकालय, अटल आवासीय विद्यालय, रिंग रोड सहित अनेक कार्य हुए है।

पूर्व कुलपति प्रोफेसर राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम बदलाब ला रही है। आने वाले समय में इसका असर दिखेगा। क्षेत्रीय संयोजक रमेश सिंह ने कहा कि लोक सभा चुनाव में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे समाज के सबसे शिक्षित व्यक्ति है। उनके प्रयास चुनाव का रुख बदल जाएगा। हम बस्ती जनपद के पांचों विधानसभाओं में सम्मेलन करेंगे। क्षेत्रीय सह संयोजक संजय द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। जिला सह संयोजक डा. रमा शर्मा ने वंदे मातरम का पाठ किया और ओज के कवि वेद प्रकाश द्विवेदी ने कविता पाठ किया। जिला संयोजक डा.रघुबर पांडेय ने कहा कि बस्ती जनपद के संसदीय इतिहास में जितना विकास कार्य हरीश द्विवेदी ने कराया उतना कभी भी नहीं हुआ है। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि उन्हें पुनः बस्ती के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करें।

सम्मेलन को पूर्व विधायक रवि सोनकर, राजेंद्र नाथ तिवारी, डा.अनिल मौर्या,अजय पांडेय, राम चरण चौधरी, विजय द्विवेदी, अखिलेश दूबे, राजेश मिश्र, राम सिंगार ओझा, योगेश शुक्ला, जगदीश शुक्ला, राणा दिनेश प्रताप सिंह, डा.ब्रजेश पासवान, सूर्य कांत ओझा, श्री प्रकाश दुबे, मनीष श्रीवसत्व सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।

इस दौरान डा.अजीत मणि त्रिपाठी, राम वृक्ष निषाद, सूर्य कुमार उपाध्याय, अजय पांडेय, नंदलाल कन्नौजिया, शशांक श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश द्विवेदी, जान पांडेय, राम हरीश मौर्य, मनोज चतुर्वेदी, सूर्य प्रकाश तिवारी, संजय सिंह, डॉ रघुनाथ चौधरी, आनंद शुक्ला,श्रुति अग्रहरी, कमलेश चौधरी, प्रमोद मिश्रा, संजय सिंह, अमितेश श्रीवस्तत्व, नेहा श्रीवासत्व, पूजा गुप्ता, प्रियंका मिश्रा, रोहित सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

मालदीव में संसदीय चुनाव-'इंडिया आउट' कैंपेन चलाने वाले मुइज्जू के 6 महीनों के शासन की परीक्षा; भारत में भी लगे बूथ

स्वतंत्र प्रभात

मालदीव में आज संसदीय चुनाव हो रहे हैं। इसके जरिए लोग मालदीव की मजलिस यानी संसद के 368 सांसदों को चुनेंगे। मालदीव में राष्ट्रपति और सांसदों के चुनाव अलग-अलग होते हैं। दोनों को चुनने के लिए जनता सीधे मतदान करती है। मालदीव के संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मालदीव के मीडिया हाउस द एडिशन के मुताबिक ये चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के 6 महीनों के कार्यकाल की परीक्षा होगी। मुइज्जू सितंबर 2023 में 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाकर देश के राष्ट्रपति बने। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। मालदीव का विपक्ष भारत से अच्छे संबंध रखने की मांग करता है। जबकि सत्ताधारी गठबंधन विदेश नीति में भारत से ज्यादा चीन को तवज्जो देता है।

मालदीव की 93 सीटों पर 368 कैंडिडेट्स मैदान में

मालदीव के चुनाव में 2 लाख 84 हजार लोगों के मतदान करने की संभावना है। कुल 368 कैंडिडेट चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 130 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। वहीं, मुइज्जू की पीपल्स नेशनल कांग्रेस से 90 और विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी ने 89 उम्मीदवार उतारे हैं। चुनाव के नतीजे एक हफ्ते के भीतर आने की उम्मीद है।

न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह है। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। अगर मुइज्जू की पार्टी जीती तो मालदीव में आने वाले 5 साल चीन समर्थक सरकार रहेगी। वहीं, अगर विपक्षी पार्टी जीती तो राष्ट्रपति मुइज्जू को संसद में बिल पास कराने और अपनी इंडिया आउट पॉलिसी को आगे बढ़ाने में चुनैतियों का संसद में चुनौतियों को सामना करना होगा।

मुइज्जू सरकार में एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी AFP को कहा, 'संसद में कम सीटें होने की जियोपोलिटिक्स चुनाव में अहम मुद्दा है। मुइज्जू भारतीय सैनिकों को देश से निकालने के वादे पर जीते थे। वो इस पर काम भी कर रहे हैं पर संसद इसमें उनकी मदद नहीं कर रही है।'

चुनाव से पहले सारे आरोपों से बरी हुए अब्दुल्ला यामीन

मालदीव में चुनाव से पहले एक और अहम पॉलिटिकल मूवमेंट हुई है। वहां की एक हाईकोर्ट ने चीन समर्थक पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को उन पर लगे सभी आरोपों से बरी कर दिया। यामीन पर 2 मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप थे। जिसके चलते उन्हें 11 साल की सजा मिली थी। मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद यामीन को जेल से निकाल कर हाउस अरेस्ट में रखा गया था।

इसके बावजूद आपराधिक मुकदमों के चलते वो चुनाव नहीं लड़ पाए। हाइकोर्ट के आदेश के बाद वो चुनावी राजनीति में फिर सक्रिय हो सकते हैं। हालांकि, इस बात की

संभावना कम हैं कि वो मुइज्जू की पीपल्स नेशनल कांग्रेस का साथ देंगे। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने अपनी नई पार्टी पीपल्स नेशनल फ्रंट बना ली थी।

मुइज्जू-यामीन साथ आए तो भारत की चिंता बढ़ेगी

राष्ट्रपति बनने से पहले मोहम्मद मुइज्जू मालदीव की राजधानी माले के मेयर थे। 2018 में जब मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्लाह यामीन को सत्ता छोड़नी पड़ी तब मुइज्जू देश के कंस्ट्रकशन मिनिस्टर थे।

यामीन के जेल जाने पर मोहम्मद मुइज्जू को उनकी पार्टी को लीड करने का मौका मिला। यामीन की तरह ही मुइज्जू भी चीन के हिमायती बने रहे। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यामीन ने भले ही अब अलग पार्टी बना ली है पर चीन और भारत को लेकर उनके स्टैंड में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। अगर मुइज्जू और यामीन साथ आते हैं तो ये भारत के लिए चिंता की बात हो सकती है।

भारत-मालदीव के रिश्तों में तनाव की वजह...

15 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ ली थी। इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है। इसकी 3 वजह हैं-

पहली- मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी चुनावी कैंपेन में इंडिया आउट का नारा दिया।

दूसरी- मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

तीसरी- मुइज्जु ने सत्ता में आने के बाद मालदीव में मौजूद भारत के सैनिकों को निकाल लेने के आदेश दिए।

चौथी- भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे एग्रीमेंट खत्म करने की घोषणा की।

संक्षिप्त ख़बरें

अखिल असम चुटिया छात्र संथा धेमाजी जिला समिति का सातवां द्वि-वार्षिक सत्र सफलतापूर्वक सम्पन

नई जिला समिति गठन,2026 के असम विधानसभा चुनाव के पहले समुदाय के समस्या समाधान की मांग।

असम धेमाजी खास रिपोर्ट -21अप्रैल। धेमाजी जिला चिलि का बिरांगना सती साधनी क्षेत्र में 20 और 21 अप्रैल 2024 से अखिल असम चुटिया छात्र संथा धेमाजी जिला समिति का सातवां द्वि-वार्षिक अधिवेशन का विशाल आयुजित किया गया । कार्यक्रम अनुसार 20 अप्रैल को सुबह पर्यावरण निराकरण, दीप प्रज्जबल, शहीद तर्पण, ध्वजारोहण से कारिक्रम का शुभारंभ किया, बिभिन्न सांस्कृतिक कारिक्रम के बाद शाम के अनुस्थित प्रतिनिधि सभा ने मिंटू चुटिया को अध्यक्ष और पंकज चुटिया को साधारण सचिव के रूप में लेकर 31 कार्यकारी सदस्यों के साथ एक नई धेमाजी जिला समिति का गठन किया गया। आज के अंतिम दिन के कार्यक्रम में समन्वय सद्भाव समारोह में विभिन्न जातीय समूहों के क्रिष्टि,संस्कृति दर्शाया गया है। इदर नई समिति ने जमीदारी लेकर सरकार समुदाय के कल्याण के लिए 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले चुटिया समुदाय को जनजातिकरण की मांग के साथ समुदाय के समग्र विकास के लिए स्वायत साहित परिषद का गठन , समुदाय के लिए सभी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सीटों के आरक्षण की मांग की है। अन्यथा लोकतांत्रिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए मजबूर होने की बात मेडिया के जरिए अपील की है जिला सचिव पंकज चुटिया ने।

दस हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार, घायल

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी,सर्विलांस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए वांछित दस हजार के इनामी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के दायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। एसपी ग्रामीण कुमार रण विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरसागंज में पंजीकृत मुकदमा में वांछित चल रहा दस हजार का इनामी की तलाश में थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम जुटी हुई थीं। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि बांछित आरोपी नसीरपुर मार्ग पर आमौर नहर की तरफ आ रहा है। थाना पुलिस ने आमौर नहर पुलिया पर चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सिरसागंज की ओर से नसीरपुर की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस को देख आरोपी बाइक को नहर पटरी की ओर मोड़ कर सूरजपुर की ओर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उसकी बाइक गिर पड़ी। पुलिस टीम को पास आता देख आरोपी ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव करते हुए फायर किया, जिससे गोली उसके दायें पैर में लग गई। घायलावस्था में पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस घायल को लेकर अस्पताल आई और उपचार कराया। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम शोएब उर्फ कालिया निवासी बरी का नगला 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस और एक मोटर साइकिल बरामद की है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपी पर लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुठभेड़ का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपो 2550 वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाए दी। इस मौके पर जैन समाज के हजारों लोगों के अलावा, जीडी गोयनका स्कूल रोहिणी, सेक्टर 21का मेनेजमेट एवं टीचर स्टाफ के सैकडों लोग भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का शांति और सद्भावना का संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणा है। उन्होने कहा कि भारत मंडपम के भव्य भवन में आज महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का ये 2550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है।ऐसे मौके पर विशेष संयोगो का भी जोड़ है।पीएम ने कहा कि यह वो समय है,जब भारत अमृतकाल के शुरूआती दौर में है। मोदी ने कहा कि भगवान महावीर के प्रति युवा-पीढी का ये आकृषण और समर्पण, ये विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है।



उन्होने कहा कि आज संघर्ष के बीच फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है।नए भारत की इस नई भूमिका का श्रेय हमारी बढती क्षमता और विदेश नीति को दिया जा रहा है।इसमें देश की सांस्कृति छवि का बहुत बडा योगदान है।आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर सत्य और अहिंसा को पूरे आत्मविश्वास के साथ सामने रखते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना उनके दिल ओर दिमाग को अत्यंत शांति दे रहा है।उन्होने कहा कि भारत न केवल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता है।बल्कि मानवता का सुरक्षित ठिकाना भी है। पीएम मोदी ने कविता के अंदाज में भारत की तारीफ में कहा कि , ये भारत ही है,जो स्वयं के लिए नहीं,सर्वम के लिए सोचता है। अहम नहीं,वहाम की सोचता है।इतिहास नही, अपरिचित में विश्वास करता है।नीति और नियति की बात करता है।पिंड में ब्रह्मांड की बात करता है।विश्व में ब्रह्म की बात करता है।जीव में शिव की बात करता है।

गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

शिकोहाबाद। थाना पुलिस ने एक गुमशुदा (8) बालक को सकुशल खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक को सकुशल मिलने पर परिवार के लोगों ने थाना पुलिस की सराहना की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत रविवार को थाना पुलिस ने एक आठ वर्षीय बालक को बरामद कर लिया। बताया गया है कि यह बालक अपनी रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में भाग लेने आया था। लेकिन किसी तरह से यह गुम हो गया। इसकी तलाश के लिए परजनों ने काफी प्रयास किया, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजन थाना फरिहा पहुंचे और बालक की गुमशुदी की तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर काफी प्रयास के बाद बालक को रोडवेज बस स्टैंड के पास से बरामद कर लिया। पुलिस के इस इस सराहनीय कदम की स्थानीय जनता ने प्रशंसा की है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक आठ वर्षीय बालक गुम हो गया है। इस पर उन्होंने टीम को लगाया और कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद उसे बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है - अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात

सिरसागंज- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में लिटिल लैम्पस पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक रजनीश यादव व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ ग्रहण कराई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी

प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं के लिए नारा प्रदान करते हुए कि जन जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। विद्यालय के निदेशक रजनीश यादव ने सभी विद्यार्थियों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। शपथ में विद्यार्थियों के साथ तनु गुप्ता, श्रष्टि जादौन, कीर्ति जादौन, सौम्या गुप्ता, नेहा शर्मा, संजना शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

टूण्डला में बहुत धूमधाम से निकाली गई महावीर जंयती

स्वतंत्र प्रभात

टूण्डला- महावीर जंयती टूण्डला में बहुत धूमधाम से निकाली गई । भगवान महावीर जैन धर्म के चोवीसवे तीथांकर थे भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व पहले वैशाली गणराज्य के क्षत्रिय कुण्ड वैशाली में अयोध्या इक्ष्वकुवंशी क्षत्रीय परिवार में हुआ था तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और सन्यास धारण कर आत्मकल्याण पथ पर निकल गए भगवान महावीर का प्रतीक चिन्ह सिंह होता है सभी जैन समाज के लोग भगवान महावीर की जयंती जन्मोत्सव को बड़े उत्साह और उमंग उल्लास से मनाते है और इस दिन जैन समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहते हैं जैन ग्लोबल यूथ फॉर्म के सभी सदस्य का जंयती में सभी का सहयोग स्वागत योग्य है इस अवसर पर महावीर जंयती संयोजक तरुण जैन, निर्देशन राजीव जैन चंदा, प्रिंस जैन, सम्यक जैन भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक प्रेमपाल धनगर, चेयरमेन भवर सिंह ठेकेदार,नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, वृंदावन लाल गुप्ता, क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, जसवीर प्रसाद जैन, विष्णु जैन, अनिल कुमार जैन, सुरेन्द्र कुमार जैन भईया जी,बलवीर कुमार जैन, विपुल जैन अनुज जैन, वीरेन्द्र जैन, राजू जैन,

ओम प्रकाश जैन, कमलेश जैन कोल्ड, पंकज जैन, संदीप जैन, टिंकू जैन, सुभाष जैन ठेकेदार, रविन्द्र जैन, सोनल जैन, गौरव जैन राहुल जैन, सत्यवीर सिंह यादव,आजाद जैन, समस्त जैन समाज मौजूद रहा।

क्या है नेहा मर्डर केस, जिसने कर्नाटक में मचा दी है सियासी हलचल, पीएम मोदी ने भी रैली में किया जिक्र

● - पीएम मोदी ने कर्नाटक रैली में नेहा मर्डर केस का जिक्र किया. जिसका कई स्थानीय मुसलमान संगठनों द्वारा विरोध जताया जा रहा है.

स्वतंत्र प्रभात

भारत में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हो चुका है. अब दूसरे चरण के लिए सभी पार्टियां प्रचार में लग गई है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कर्नाटक पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने हुबली जिले में हुए नेहा हिरेमथ मर्डर केस का भी जिक्र किया.

पीएम मोदी ने भाषण के दौरान कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में कांग्रेस पार्टी जिस सोच को बढ़ावा दे रही है वह काफी खतरनाक है. हमारी बेटियों पर हमले हो रहे हैं, सार्वजनिक जगहों पर बम धमाके हो रहे हैं, जो लोग भजन-कीर्तन सुन रहे हैं उन पर हमले हो रहे हैं. ये साधारण घटनाएं नहीं हैं. इसलिए मैं बेंगलुरु और कर्नाटक के लोगों से अपील करता हूं कि आपको कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए.

अब पीएम के इस बयान का कई स्थानीय मुसलमान संगठनों ने विरोध जताया है. उनका कहना है कि उनके इस घटना के जिक्र और बयान से राज्य में 'लव जिहाद' को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन को और भी बल मिला है.

ऐसे में इस रिपोर्ट में विस्तार से जानते हैं कि आखिर ये नेहा मर्डर केस क्या है..

दरअसल 18 अप्रैल 2024 को फैयाज खोंडुनाईक ने कर्नाटक के हुबली जिले में स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी. हमले के बाद कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने किसी तरह नेहा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन मौका-ए-वारदात से करीब 2 किलोमीटर दूर के आईएमएस अस्पताल पहुंचते-पहुंचते नेहा की जान जा चुकी थी.

नेहा इस कॉलेज में एमसीए फर्स्ट ईयर की छात्रा थी और फैयाज नेहा का पूर्व क्लासमेट था. फिलहाल इस मामले में पुलिस ने फैयाज को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ के दौरान पता चला कि फैयाज और नेहा एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे. फैयाज ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ दिनों से नेहा अचानक उससे दूर रहने लगी थी, इसलिए उसने इस घटना को अंजाम दिया.

एफआईआर दर्ज होने के एक घंटे बाद आरोपी गिरफ्तार

इस पूरी घटना पर हुब्बली-धारवाड़ की पुलिस कमिश्नर रेणुका एस सुकेमार ने बताया कि हमारे पास FIR दर्ज कराने के एक घंटे के भीतर हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था. फिलहाल सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है.

पूरे कर्नाटक में आक्रोश

नेहा की हत्या के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) समेत कई संगठनों ने उत्तरी कर्नाटक के कई शहरों और कस्बों में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है और आरोपी को फांसी देने की मांग की है.

पिता ने कहा- ये लव जिहाद

बेटी की हत्या से दुखी पिता निरंजन हिरेमथ इस पूरी घटना को लव-जिहाद का मामला बताया है. उनका दावा है कि आरोपी ने उनकी बेटी को फंसाने की योजना बनाई थी और नेहा को धमकी भी दी जा रही थी. निरंजन हिरेमथ ने कहा कि इन धमकियों पर हमारी लड़की ने इस पर ध्यान नहीं दिया.

सीएम ने लव जिहाद एंगल देने से किया इनकार

हालांकि राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस हत्या को लव-जिहाद का नाम देने के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है. सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से की गई है और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है.

वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक के गृह मंत्री डॉक्टर जी परमेश्वर ने भी कहा, "इस घटना में लव जिहाद का एंगल नहीं है और हमारे पास जो जानकारी है उसके अनुसार दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे."

फयाज की मां ने क्या कहा

फयाज की मां ने सार्वजनिक तौर पर इस पूरे घटना की निंदा की है. बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार फयाज की मां ने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे.

उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मैं सभी लोगों और नेहा के परिवार से भी माफी मांगती हूं. मेरे बेटे ने जो किया है घोर अन्याय है. हम शर्मिंदा हैं और कानून के मुताबिक ही मेरे बेटे को सजा होनी चाहिए."

उन्होंने बताया कि "नेहा और फयाज एक दूसरे से प्यार करते थे और उन्होंने इस रिश्ते के बारे में मुझे भी एक साल पहले बताया था. दोनों शादी भी करना चाहते थे."

बीजेपी लगातार कांग्रेस पर साध रही है निशाना

इस हत्याकांड के बाद बीजेपी के नेता लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं. बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है,

"कर्नाटक में चौंकाने वाली स्थिति...जब कांग्रेस नेता की बेटी 'फैयाज' से सुरक्षित नहीं तो कौन सुरक्षित है?"

पूनावाला ने? कहा, "जय श्री राम बोलने पर हमला, मोदी जी के लिए गाना बनने पर हमला होता है. दूसरी ओर रामेश्वरम (रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट) हमले वालों का संरक्षण दिया जाता है."

उन्होंने आगे लिखा, "आज इन पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय जिस तरह से सीएम और गृह मंत्री इसी सोच का संरक्षण कर रहे हैं. नेहा के पिता कुछ बात कहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री और गृह मंत्री वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं. 'फैयाज' वाली मानसिकता को कवर फायर दे रहे हैं. जांच से पहले इतना नरम रुख और क्लीन चिट क्यों?"

पीएम मोदी अपने कर्नाटक रैली में और क्या कहा

प्रधानमंत्री ने इस जनसभा के दौरान कहा, 'देश के कई ताकतवर लोग उन्हें सत्ता से हटाने के लिए एकजुट हो गए हैं, लेकिन हम हर चुनौती से टकराते हुए आगे बढ़ते जा रहे है. बहन-बेटी की सेवा और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है.'

उन्होंने भाषण के दौरान एनडीए द्वारा पिछले 10 सालों में महिलाओं के कल्याण के लिए उठाये गए कदमों का जिक्र किया, जिनमें स्वयं सहायता समूहों से उन्हें जोड़ना और 'लखपति दीदी' बनाना शामिल है.

पीएम ने कहा कि शुक्रवार को, पहले चरण की वोटिंग मतदान एनडीए और विकसित भारत के पक्ष में गई.